✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



लंदन में ब्रिटिश समकक्ष कीर स्टारमर से मिलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 59 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 25 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा विधायक की सदस्यता बहाल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** दरभंगा के अलीनगर विधानसभा से भाजपा विधायक मिश्रिलाल यादव की सदस्यता फिर बहाल कर दी गई है। इस बात की अधिसूचना देर रात विधानसभा की सचिव ख्याति सिंह द्वारा जारी कर दी गयी। विधायक मिश्रिलाल यादव को दरभंगा के एमपी-एमएलए की विशेष न्यायालय ने एक पुराने मारपीट के मामले सुनवाई करते हुए 27 मई को दो साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता समाप्त कर दी गई थी।

### जमुना नदी में डूबने से मजदूर की मौत

**जहानाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** भेलावर थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरपुर गांव में गुरुवार को एक मजदूर की जमुना नदी पार करते वक्त डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रामप्रवेश यादव के रूप में हुई है। रामप्रवेश अपने गांव से काम की तलाश में दूसरे गांव जा रहे थे। रास्ते में जमुना नदी को पार करने की कोशिश की लेकिन जैसे ही वे नदी के बीच पहुंचे तेज धार में बह गए।

### 7279 विशेष शिक्षकों की होगी नियुक्ति

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने अपनी आगामी भर्तियों का नया परीक्षा कैलेंडर जारी कर दिया है। इसके मुताबिक बिहार विशेष विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन नवंबर-दिसंबर 2025 में किया जाएगा। इस भर्ती परीक्षा के जरिए 7279 स्पेशल टीचरों की नियुक्ति होगी। इनमें कक्षा 1 से 5 के लिए 5534 शिक्षक और कक्षा 6 से 8 के लिए 1745 शिक्षक बहाल किए जाएंगे। इस भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है और अंतिम तिथि 28 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है।

### जदयू सांसद गिरधारी यादव को कारण बताओ नोटिस जारी

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बिहार की सत्ता पर काबिज जनता दल यूनाइटेड ने अपने ही पार्टी के नेता और बांका के सांसद गिरधारी यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पार्टी की तरफ से उन्हें यह नोटिस उनके बिहार में चल रहे वोटर वेरिफिकेशन को लेकर दिए गए एक बयान के बाद जारी किया गया है। जिसमें उन्होंने दावा किया था कि चुनाव आयोग को कोई व्यावहारिक ज्ञान नहीं है, उसे न तो बिहार का इतिहास पता है और न ही भूगोल का।

### साइबर ठगी के आरोप में मगही गायिका गिरफ्तार

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में साइबर ठगी के आरोप में एक मगही गायिका को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार 23 वर्षीय ममता कुमारी पकरीबरावां थाना क्षेत्र के डुमरावां की रहनेवाली है। वह म्यूजिक ऑफिशियल और शिवांगी फिल्म्स नाम से यूट्यूब चैनल चलाती है। उसके करीब 3 लाख फॉलोवर हैं। फाइनेंस कंपनी से सस्ते लोन दिलाने का झांसा देकर विभिन्न राज्यों के ग्राहकों से लाखों की ऑनलाइन ठगी मामले में उसे गिरफ्तार किया गया।

## मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर विधानसभा में जमकर हंगामा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा के मॉनसून सत्र के चौथे दिन भी मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर विपक्ष के विधायकों का हंगामा जारी रहा। सत्र के दौरान गुरुवार को दूसरी पाली में विपक्ष और सत्तापक्ष के बीच मारपीट होते-होते बची। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के संबोधन के दौरान राजद और भाजपा के विधायकों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई जो देखते ही देखते हाथापाई की नौबत तक पहुंच गई। सदन में सबसे पहले तेजस्वी यादव और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बीच तीखा वाकयुद्ध हुआ। इसके बाद दोनों दलों के विधायक खड़े होकर आपस में बहस करने लगे। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव को हस्तक्षेप करना पड़ा। दरअसल, विधानसभा के दूसरे सत्र में आज चुनाव आय़ोग के मतदाता सूची पुनरीक्षण पर चर्चा हो रही थी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव इस मसले पर बोल रहे थे। इस दौरान उनकी उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और भाजपा-जदयू के कई विधायकों से बहस हुई। लेकिन मामला तब गर्म हो गया, जब सम्राट चौधरी इस बहस में कूदे। तेजस्वी यादव आरोप लगा रहे थे कि मतदाता सूची की जांच में फर्जीवाड़ा हो रहा है। इस दौरान सम्राट चौधरी ने कुछ टिप्पणी की। जवाब में तेजस्वी ने कहा कि आप कौन होते हैं ये तय करने वाला कि



कौन सही है? दोनों के बीच आप कौन हैं, आप कौन हैं की बहस हुई और इसके बाद सम्राट चौधरी भी तेवर में आ गए। सम्राट चौधरी ने कहा कि जिसका बाप अपराधी हो, जेल गया हो, वो तय करेगा कि क्या सही है क्या गलत है? सम्राट चौधरी ने तेजस्वी से कहा कि तुम सब लुटेरा हो लुटेरा। सम्राट चौधरी और तेजस्वी यादव की बहस शांत हो ही रही थी कि भाजपा विधायक जनक सिंह खड़े हो गए। वे जोर-जोर से कुछ बोल रहे थे। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि जनक सिंह उन्हें मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां दे रहे थे। इस बीच तेजस्वी यादव ने भी जनक सिंह को जवाब दिया। तेजस्वी यादव ने कहा कि इतना जोर से बोलोगे तो पैंट गीला हो जायेगा। इसके बाद भारी फसाद शुरू हो गया। मारपीट की स्थिति देख विधानसभा अध्यक्ष ने सदन को स्थगित कर दिया और सदन से निकल गये। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद हंगामा और बढ़ गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा सदन में ही बैठे थे। इसी बीच भाजपा के विधायक संजय सिंह माइक तोड़ कर विपक्षी विधायकों की ओर दौड़े। उनके साथ कुछ और भाजपा विधायक भी पीछे-पीछे चले। भाजपा विधायक को अपनी ओर माइक लेकर आते देखकर राजद के विधायक भी जवाब देने के लिए दौड़ पड़े। राजद के दो दर्जन से ज्यादा विधायक भाजपा विधायकों की ओर दौड़े। हाथापाई शुरू हुई, इस दौरान बवाल को रोकने के लिए मार्शल्स को बीच में हस्तक्षेप करना पड़ा। वे दोनों पक्षों के विधायकों को रोकने की कोशिश में लग गए। राजद विधायकों के तेवर देख कर कुछ वरिष्ठ मंत्री बीच बचाव करने के लिए आगे आए। इस बीच भाजपा के ही कुछ नेताओं ने माइक तोड़ कर दौड़ने वाले संजय सिंह को सदन से बाहर निकाल दिया। स्थिति यह हो गई थी कि संजय सिंह अगर सदन के भीतर होते तो मारपीट होना तय था। सदन के अंदर विस्फोटक स्थिति बनी हुई थी। इस बीच विधानसभा के सुरक्षाकर्मियों का एक ग्रुप मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास पहुंचा। नीतीश कुमार उनके सुरक्षा घेरे में चुपचाप सदन के बाहर निकल गए। हालांकि सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा वहीं बैठे रहे। कुछ देर बाद तेजस्वी यादव भी विपक्षी विधायकों के साथ सदन के बाहर निकल गए।

## संविदा पर भरे जाएंगे सहायक निदेशक व वरीय वैज्ञानिक सहायकों के 191 पद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के विधि-विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) जांच में तेजी लाने के लिए मानवबल को दोगुना किया जाएगा। इसके लिए नियमित नियुक्ति होने तक संविदा पर सहायक निदेशक और वरीय वैज्ञानिक सहायकों के 191 पद भरे जाएंगे। गृह विभाग से इसकी स्वीकृति भी मिल गई है। पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में सीआईडी के एडीजी पारसनाथ ने यह जानकारी दी। एडीजी ने बताया कि पटना, मुजफ्फरपुर और भागलपुर के अलावा मई में राजगीर में क्षेत्रीय एफएसएल शुरू हो गई है। पूर्णिया में जल्द एफएसएल जांच की व्यवस्था शुरू करने की तैयारी है। सभी एफएसएल में कर्मियों की बहाली के लिए गृह विभाग के पास नए सिरे से तैयार रोस्टर और नियमावली भेज दी गई है। अनुमति मिलते ही अगले दस से 15 दिनों में बहाली की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। एफएसएल जांच में तेजी लाने के लिए मोबाइल वैन की संख्या भी बढ़ाई जा रही है। वर्तमान में 17 मोबाइल एफएसएल वैन हैं। अब 34 नए वैन की खरीद होने जा रही है। इसकी प्रक्रिया भी जारी है। एडीजी पारसनाथ ने बताया कि पुलिसकर्मियों को तकनीकी एवं गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के लिए लगातार प्रशिक्षित किया जा रहा है। सीआइडी की ओर से 2022 से अब तक 3137 पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। इसी माह जुलाई में 346 और इसके पहले जून माह में 330 पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। आईजी, डीआईजी, एसपी, डीएसपी, एफएसएल और फोटो ब्यूरो के विशेषज्ञ पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण देते हैं। इसमें मुख्य तौर पर एफएसएल जांच, फिंगरप्रिंट, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, डिजिटल फॉरेंसिक, मोबाइल-सीसीटीवी एनालिसिस आदि के साथ में नए कानूनों और कोर्ट के नए आदेशों के बारे में जानकारी दी जाती है। सीआईडी के डीआईजी जयंतकांत ने बताया कि पुलिस पदाधिकारियों को सीबीआई, एनआईए जैसे संस्थानों के पदाधिकारियों को बुलाकर भी प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। नए प्रविधान के तहत अनुसंधान से जुड़े सभी मामले ई-साक्ष्य एप पर अपलोड करना अनिवार्य है। डिजिटल साक्ष्य जुटाने के लिए यह किया जाता है। इस पर अपलोड करने पर साक्ष्यों से छेड़छाड़ करना संभव नहीं होता है।

## पंचायत प्रतिनिधियों के मासिक भत्ता के लिए 954 करोड़ जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के नियत मासिक भत्ता समेत विभिन्न कर्मियों के मानदेय आदि भुगतान के लिए 954 करोड़ 31 लाख की राशि जारी की गई है। पंचायती राज विभाग के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं एवं ग्राम कचहरियों के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के नियत (मासिक) भत्ता का इस राशि से भुगतान होगा। तकनीकी सहायकों, लेखपाल-सह-आईटी सहायकों तथा ग्राम पंचायत के कार्यपालक सहायकों या डाटा इंट्री ऑपरेटरों को मानदेय मिलेगा। इस राशि से मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना का अनुरक्षण किया जाना है। पंचायती राज विभाग ने छठे राज्य वित्त आयोग मद से पंचायत जनप्रतिनिधियों को मासिक भत्ता भुगतान के लिए 274 करोड़ 31 लाख की राशि दी गई है। कर्मियों के मानदेय भुगतान के लिए 455 करोड़ 66 लाख और मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चिय योजना का अनुश्रवण के लिए 224 करोड़ 39 लाख की राशि दी गई है। पंचायती राज विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिला परिषद तक के निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं तकनीकी सहायक कार्मिक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन निर्बाध रूप से कर सकें। नियत समय पर भत्ता एवं मानदेय का भुगतान न केवल इन जनप्रतिनिधियों और कर्मियों की कार्यक्षमता में वृद्धि करेगा बल्कि इससे ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में भी गति आएगी।

## आठ वर्षों से फरार दो कुख्यात नक्सली गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** नक्सल प्रभावित डुमरिया प्रखंड अंतर्गत छकरबंधा थाना क्षेत्र से पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। हत्या के एक मामले में आठ वर्षों से फरार चल रहे दो कुख्यात नक्सलियों को पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संजय सिंह भोक्ता और मुकेश पासवान के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ डुमरिया थाना में वर्ष 2018 में कांड संख्या 55/18 के तहत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। इस संयुक्त कार्रवाई का नेतृत्व इमामगंज एसडीपीओ कमलेश कुमार ने किया। गया एसएसपी आनंद कुमार के निर्देश पर डुमरिया थानाध्यक्ष दिनेश कुमार और छकरबंधा थाना अध्यक्ष अजय बहादुर सिंह के सहयोग से यह कार्रवाई की गई।



प्रेस वार्ता में एसडीपीओ कमलेश कुमार ने बताया कि बुधवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि फरार नक्सली संजय सिंह भोक्ता अपने गांव छकरबंधा आया हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए छकरबंधा गांव में संजय सिंह भोक्ता के घर पर छापेमारी की। पुलिस को देख वह भागने की कोशिश करने लगा लेकिन सशस्त्र बलों की सतर्कता से उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान संजय ने अपनी पहचान संजय सिंह भोक्ता, पिता स्व. शिवलोचन सिंह भोक्ता, निवासी छकरबंधा के रूप में बतायर। संजय की निशानदेही पर टीम ने लुटुआ थाना क्षेत्र के कोठीलवा गांव में एक और छापेमारी कर दूसरे आरोपी मुकेश पासवान को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार दोनों नक्सलियों पर वर्ष 2018 में एक व्यक्ति का अपहरण कर उसकी गोली मारकर हत्या करने और शव को जंगल में फेंक देने का आरोप है। इस मामले में उनके खिलाफ हत्या, अपहरण, आर्म्स एक्ट और विधि विरुद्ध क्रियाकलाप अधिनियम यानी सीएलए एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज है। एसडीपीओ ने बताया कि दोनों नक्सलियों ने पूछताछ में अपने अपराध में संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पुलिस द्वारा पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। एसडीपीओ ने कहा कि जिले में नक्सलियों और अपराधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## 57941 करोड़ के प्रथम अनुपूरक पर विधानसभा की मुहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा ने गुरुवार को 57941 करोड़ के प्रथम अनुपूरक पर मुहर लगा दी। सर्वाधिक 12095 करोड़ शिक्षा और उसके बाद समाज कल्याण के लिए 10194 करोड़ का प्रावधान किया गया है। उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि इस राशि से सरकार अपने दायित्वों को पूरा करेगी। इसके बाद सदन ने खर्च की अनुमति के लिए विनियोग विधेयक को भी हरी झंडी दे दी। इस अनुपूरक बजट में वार्षिक स्कीम मद में 36169 करोड़, वेतन, पेंशन और सब्सिडी मद में 21773 करोड़ और केंद्रीय क्षेत्र स्कीम मद में 3.63 करोड़ करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। स्थापना मद में विभिन्न विभागों के कर्मियों के वेतन के लिए 6120 करोड़, 125 यूनिट फ्री बिजली के लिए मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के लिए तहत उपभोक्ता सब्सिडी के लिए 2692 करोड़ का प्रावधान किया गया है। अनुपूरक बजट में आकस्मिकता निधि से होने वाले कार्य के निकासी के लिए 9650 करोड़ का उपबंध किया गया है। जिसमें मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना मद में 3423.91 करोड़, राज्य विकलांगता सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लिए 790.15 करोड़ और लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना मद में 681.07 करोड़ का प्रावधान किया गया है। वृद्धावस्था पेंशन के राज्यांश मद में 2415.54 करोड़ आवंटित किया गया है, जबकि वृहद् सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए 1200 करोड़, औद्योगिक विकास के लिए भू-अर्जन के लिए 1000 करोड़, मुख्यमंत्री इन्टरमीडिएट और स्नातक उत्तीर्ण प्रोत्साहन योजना के लिए 1500 करोड़ और रक्सौल, दरभंगा और वीरपुर हवाई अड्डे के विकास के लिए जमीन खरीद मद में 489.69 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए 1000 करोड़, औद्योगिक विकास के लिए भू-अर्जन के लिए 1000 करोड़, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 725 करोड़, बालक-बालिका साइकिल योजना के लिए 369 करोड़ खर्च होंगे। नये मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के लिए 500 करोड़, पटना मेट्रो के लिए 300 करोड़, मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना के लिए 218.80 करोड़, मध्याह्न भोजन योजना के लिए 200 करोड़, मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के लिए 231.41 करोड़, पूरक पोषाहार योजना के लिए 199.07 करोड़ दिये जाएंगे। पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों को प्री-मैट्रिक पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के लिए 174.05 करोड़, लोहिया स्वच्छ अभियान के लिए 150 करोड़, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लिए 100 करोड़, गन्ना किसानों की सब्सिडी के लिए 70 करोड़ खर्च किये जाएंगे।

## आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के सोनहन थाना क्षेत्र में गुरुवार को आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा बरहुली और प्राणपुर गांव के बीच स्थित सिवान क्षेत्र में हुआ। दोनों घटनाएं महज 200 मीटर की दूरी पर घटीं जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मृतकों में एक बरहुली गांव निवासी 45 वर्षीय हरिमोहन राम शामिल हैं, जो स्वर्गीय बेचन राम के पुत्र थे। हरिमोहन राम सुबह खेत में काम कर रहे थे तभी अचानक तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। वे खेत से घर लौटने लगे इसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में चंपारण जिले के बेलवनिया गांव निवासी मुनीर बैठा की मौत हुई। मुनीर, रामाकांत दुबे के खेत में धान की रोपाई के लिए मजदूरी करने आए थे। वे भी खेत में काम कर रहे थे तभी बिजली गिरने से उनकी भी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेजा। सदर अस्पताल पहुंचे जिप सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने जिला प्रशासन से दोनों मृतकों के परिजनों को उचित सरकारी मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मृतक बेहद गरीब परिवार से थे और उनके छोटे-छोटे बच्चे हैं। इसलिए प्रशासन को चाहिए कि उन्हें आर्थिक मदद के साथ-साथ एक परिजन को सरकारी नौकरी भी दी जाए ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।

## सफाईकर्मी की मौत

**बेगूसराय (नबिटा ब्यूरो)।** भगवानपुर थाना क्षेत्र के माधोपुर मुशहरी के पास करंट लगने से सफाईकर्मी की मौत हो गई। मृतक की पहचान मानोपुर मुशहरी टोला निवासी अशोक सदा(35) के तौर पर हुई है। वह मोख्तियारपुर पंचायत में सफाई कर्मी का काम करता था। परिजनों ने बताया कि रोज की तरह मानोपुर मुशहरी टोला में कचरा उठाने गया था। इस दौरान बिजली पोल से जुड़े अर्थिंग के तार की चपेट में आ गया जिससे उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

## बिहार में पुल निर्माण को मिली रफ्तार, ग्रामीण संपर्कता को मिला बल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में बेहतर कनेक्टिविटी और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाने की दिशा में पुल निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। विभिन्न योजनाओं के तहत ग्रामीण कार्य विभाग को अब तक कुल 4,415 पुलों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इनमें से 3,482 पुलों के लिए अनुबंध (एग्रीमेंट) की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जो विभागीय कार्यान्वयन की तत्परता को दर्शाता है। अब तक 2 हजार 551 पुलों का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है, जिससे हजारों ग्रामीणों को हर मौसम में निर्बाध आवाजाही की सुविधा प्राप्त हुई है। वहीं, शेष 931 पुलों पर निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है, जिनके समयबद्ध निष्पादन की सतत निगरानी की जा रही है। राज्य में सबसे ज्यादा पुलों की स्वीकृति प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत मिली है। इस योजना में 2017 पुल स्वीकृत किए गये हैं, जिनमें से 1954 पुलों के लिए अनुबंध (एग्रीमेंट) हो चुका है, वहीं 1512 सेतु का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि 442 पुल निर्माणाधीन हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना (एमएमजीएसवाई) के तहत कुल 433 पुल स्वीकृत किए गये थे, जिनमें से 307 पुलों के लिए अनुबंध हो चुका है। वहीं, 164 पुलों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और 143 पर कार्य जारी है। नाबार्ड ऋण संपोषित (राज्य योजना) के तहत बिहार में 1212 पुलों को स्वीकृति मिली है। इनमें से 1153 पुलों के लिए अनुबंध हो चुका है। 875 पुलों का निर्माण भी पूरा कर लिया गया है जबकि 278 पुल निर्माणाधीन हैं। वहीं, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम (आरआरएसएमपी) योजना के तहत 50 पुल स्वीकृत किये गये हैं, जिनमें से 16 पुलों पर कार्य शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना (एमजीएसवाई) के तहत 703 पुल स्वीकृत हैं, जिनमें 52 पुलों का एग्रीमेंट हो चुका है और उनपर निर्माण कार्य जारी है। स्पष्ट है कि राज्य सरकार ग्रामीण सड़क और पुल निर्माण को लेकर सक्रिय है। प्रदेश में पुलों का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात सुगम हो सके और आर्थिक विकास को बल मिले। पुल सिर्फ ईंट और पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि यह ग्रामीण जनता को विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और सम्मान से जोड़ने का माध्यम है। हर वह पुल जो बनकर तैयार होता है, वह गांव के बच्चों के लिए स्कूल, किसानों के लिए मंडी और आम लोगों के लिए अस्पताल की दूरी कम करता है। हमने पुल निर्माण को प्राथमिकता दी है क्योंकि यह ग्रामीण बुनियादी ढांचे की रीढ़ है। अब तक 2,500 से अधिक पुलों का निर्माण इस बात का प्रमाण है कि हमारी सरकार संकल्प, संवेदनशीलता और समयबद्धता के साथ काम कर रही है।



# स्वतंत्रता दिवस पर राजधानी वासियों को मेट्रो की सौगात देने की तैयारी

## मेट्रो से युवाओं के लिए उपलब्ध होंगे रोजगार के नए अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता के 78वें वर्षगांठ पर राजधानी वासियों को मेट्रो की सौगात देने की तैयारी व्यापक स्तर पर की जा रही है। यह मेट्रो परियोजना न केवल राजधानी की आवागमन को आसान बनाएगी, बल्कि यह शहर की ट्रैफिक समस्या को बहुत हद तक नियंत्रित करने में भी कामयाब होगी। इतना ही नहीं, मेट्रो की यह सौगात स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध कराएगी। यह परियोजना भविष्य में पटना के तीव्र गति से विकास की नई आधारशिला रखने वाली है। मेट्रो का संचालन शुरू करने के लिए निर्माण एजेंसियां दिन-रात दो शिफ्ट में काम कर रही हैं। पटना मेट्रो के प्राथमिक कॉरिडोर के लिए ट्रैक बिछाने का काम पूरा हो चुका है। मलाही पकड़ी से न्यू आईएसबीटी तक कुल 6.2 किलोमीटर लंबे रूट पर ट्रैक बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है। पटना मेट्रो के प्राथमिक कॉरिडोर में कुल पांच स्टेशन हैं। इनमें मलाही पकड़ी, खेमनीचक, भूतनाथ, जीरोमाइल और न्यू आईएसबीटी शामिल हैं। शुरुआती दौर में खेमनीचक को छोड़कर बाकी चार स्टेशनों पर मेट्रो का परिचालन किया जाएगा। इन चार स्टेशनों पर स्वचालित किराया संग्रह मशीन, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर, स्वचालित सीढ़ियों का निर्माण व गेट प्रणाली आदि लगाने का काम अपने अंतिम चरण में है। निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन किया जा रहा है। डिपो में मेट्रो के वाशिंग और मेंटेनेंस पिट के साथ कंट्रोल रूम, विद्युत सब-स्टेशन, वर्कशॉप शेड, इंस्पेक्शन शेड और ट्रैक यूनिट का काम भी लगभग पूरा कर लिया गया है। प्राथमिक कॉरिडोर में 6.2 किलोमीटर लंबे रूट पर ट्रैक बिछाने का काम पूरा कर लिया गया है और अब स्टेशनों को अंतिम रूप देने और अन्य काम पूरे किए जा रहे हैं। आगामी 15 अगस्त को इस कॉरिडोर पर मेट्रो के परिचालन का लक्ष्य है। इसके लिए तीन बोगियों की एक रैक पिछले दिनों ही पूणे से पटना पहुंच चुकी है और इसके ट्रायल रन की तैयारी को लेकर निर्माण एजेंसियां दिन-रात काम में जुटी हैं।

# मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से संवर रही उद्यमियों की जिंदगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** *बिहार सरकार के उद्योग विभाग की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से न सिर्फ युवा बल्कि किसी भी उम्र के उद्यमी अपने सपनों को पूरा कर रहे हैं। 'मुख्यमंत्री उद्यमी योजना', 'बिहार लघु उद्यमी योजना' जैसी योजनाओं को अपना कर न सिर्फ सपनों को पंख लग रहे हैं बल्कि अपने घर की जिम्मेदारी भी उठा रहे हैं। इन योजनाओं ने इनकी तकदीर के साथ-साथ इन उद्यमियों के घर की तस्वीर भी बदल कर रख दी है। कुछ ऐसी ही कहानी है मुंगेर जिले के अभिमन्यु कुमार की जिन्होंने घर की परिस्थिति को देखते हुए अपना व्यवसाय शुरू करने का निर्णय लिया। इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण होने के बाद अभिमन्यु आर्मी में भर्ती होना चाहते थे, लेकिन पिता के देहांत ने इनके रास्ते हमेशा के लिए बदल दिया। इन्हें किसी माध्यम से मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के बारे में जानकारी मिली जिसके बाद इन्होंने इसमें आवेदन दिया और इनका चयन भी हो गया। उन्होंने आटा, सत्तू और बेसन निर्माण का छोटा सा प्लांट शुरू किया। 10 लाख रुपये की सहायता से आज वह अपने व्यवसाय को सफलतापूर्वक चला रहे हैं और अपने साथ-साथ कई अन्य लोगों को भी रोजगार दे रहे हैं। अभिमन्यु जैसे कई युवा इस योजना का लाभ उठाकर अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। प्रिंस कुमार ने आइसक्रीम उत्पादन इकाई शुरू की है और गर्मी में शीतलता और स्वाद का कारोबार जमाया है। गौतम कुमार ने रेडीमेड वस्त्र निर्माण शुरू कर अपने इलाके में फैशन की नई परिभाषा दी है। सुनील कुमार ने बेकरी निर्माण इकाई की शुरुआत की जिससे उन्हें आर्थिक आत्मनिर्भरता मिली। आशीष कुमार सिंह ने नोटबुक निर्माण शुरू कर शैक्षणिक क्षेत्र में योगदान दिया। बब्बन कुमार ने भी रेडीमेड गारमेंट निर्माण इकाई शुरू कर स्थानीय बाजार में अपनी पहचान बनाई। मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत राज्य सरकार 10 लाख रुपये तक का अनुदान एवं ऋण सहायता देती है। इसमें 50 प्रतिशत अनुदान और 50 प्रतिशत ब्याज मुक्त ऋण होता है जिससे युवा बिना किसी परेशानी के अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं।*

## लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेना या न लेना तेजस्वी यादव की मर्जी : नितिन नवीन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के 'चुनाव बहिष्कार' वाले बयान को लेकर सूबे की सियासत में हलचल पैदा कर दी है। तेजस्वी के बयान पर पलटवार करते हुए गुरूवार को मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले ही तेजस्वी यादव ने हार स्वीकार कर ली है, बायकॉट तो बस बहाना है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव के बयान से पता चलता है कि उन्हें जनता का समर्थन नहीं मिल रहा है। अपनी हताशा और निराशा में वे अपनी हार दिख रही है और वो पहले से ही उसका दोष चुनाव आयोग पर मढ़ रहे हैं। लोकतंत्र के महापर्व में भाग लेना या न लेना उनकी मर्जी है, लेकिन जनता तो चुनाव में जरूर हिस्सा लेगी। नितिन नवीन ने दावा किया कि जो बिहार के वोटर हैं, उन्हें वोट देने का अधिकार है और जो अवैध रूप से बिहार में वोटर बने हुए हैं, उन्हें रोकने का काम चल रहा है। हम लोग किसी भी कीमत पर बिहार के लोगों का अधिकार रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को नहीं लेने देंगे। मुस्लिम समाज के लोगों को यहां कोई दिक्कत नहीं है। अगर तेजस्वी यादव को बांग्लादेश और अन्य देशों से आए अवैध लोगों से हमदर्दी है और इसीलिए वह चुनाव में भाग नहीं लेंगे तो कोई फर्क नहीं पड़ता है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव के इस तरह के बयान से चीजें नहीं बदलती हैं। कानून अपने हिसाब से ही काम करता है। तेजस्वी यादव चुनाव से दूरी बनाएंगे तो ठीक है। कई अन्य दल चुनाव में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि तेजस्वी तो हार मान रहे हैं क्योंकि जनता का समर्थन नहीं मिल रहा है। इसीलिए हार का ठीकरा फोड़ने के लिए चुनाव से दूरी बनाने का बयान देकर खुद को तसल्ली दे रहे हैं। नितिन नवीन ने कहा कि तेजस्वी यादव को कई बातों का ध्यान नहीं रहता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सभी बातों का ध्यान है। नीतीश कुमार विचार-विमर्श कर निर्णय देते हैं। तेजस्वी सहित राजद को मालूम है कि जमीनी स्तर पर हार सुनिश्चित है।


## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने किया बल प्रयोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में रोजगार, नौकरियों और अन्य मुद्दों को लेकर कांग्रेस की छात्र इकाई नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को पटना में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता विधानसभा का घेराव करने के लिए मार्च निकाल रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी झड़प हो गई। पुलिस ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो एनएसयूआई कार्यकर्ता पुलिस से ही भिड़ गए। एनएसयूआई कार्यकर्ता ने पुलिस बैरिकेडिंग को तोड़ दिया जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग किया। दरअसल, एनएसयूआई कार्यकर्ताओं का मार्च इनकम टैक्स गोलंबर से शुरू हुआ और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे। इसमें कांग्रेस विधायक शकील खान भी इस विरोध-प्रदर्शन में शामिल थे। स्थिति उस वक्त तनावपूर्ण हो गई जब पुलिस के जवानों ने रास्ते में सभी को रोकने का प्रयास किया तो कांग्रेस छात्र इकाई के कार्यकर्ताओं ने पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ दी जिससे पुलिस के साथ जमकर झड़प हो गई। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस ने वॉटर कैनन का इस्तेमाल करने के साथ पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा। पुलिस की लाठीचार्ज में कई लोगों के घायल होने की जानकारी मिली है जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति हो गई।

## किसानों की समृद्धि और कृषि विकास ही हमारी प्राथमिकता : विशाल सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिस्कोमान कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बिस्कोमान के अध्यक्ष विशाल सिंह ने इफको के मार्केटिंग डायरेक्टर योगेन्द्र कुमार से मुलाकात कर बिहार एवं झारखण्ड के किसानों और उपभोक्ताओं को समय पर और भरपूर मात्रा में उर्वरक (खाद) उपलब्ध कराने हेतु एक मजबूत कार्य योजना पर चर्चा की। बैठक में किसानों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए आपूर्ति व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त करने और पारदर्शिता बनाये रखने पर जोर दिया गया। बिस्कोमान का संकल्प है हर खेत तक, हर किसान तक, समय पर खाद पहुंचाना। किसानों की समृद्धि और कृषि विकास ही हमारी प्राथमिकता है। साथ ही बिहार राज्य स्थित इफको कार्यालय में बिस्कोमान के अध्यक्ष विशाल सिंह का हार्दिक स्वागत किया गया। यह गरिमामय कार्यक्रम मार्केटिंग निदेशक योगेन्द्र कुमार के कुशल निर्देशन में इफको के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में विशाल सिंह ने कहा इफको और बिस्कोमान के बीच संबंध अत्यंत प्राचीन और विश्वासपूर्ण है। हम मिलकर किसानों की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। किसानों को समय पर एवं भरपूर मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है जिससे केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाहका 'सहकार से समृद्धि' का उद्देश्य साकार हो सके।

## एसआइआर के नाम पर मतदाताओं की सूची से जनता की आवाज हटाई जा रही : तेजस्वी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर गरमायी सियासत के बीच नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा है कि अगर अनियमितताएं नहीं रुकीं तो महागठबंधन बिहार विधानसभा चुनाव का बहिष्कार कर सकता है। तेजस्वी यादव ने विधानसभा परिसर में मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए वोट बहिष्कार की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि जब चुनाव महज एक दिखावा हो जब इवीएम का खेला तय हो तो फिर वोट क्यों डाले जाएं? तेजस्वी यादव ने कहा कि जब सरकार ही वोटर चुनने लगे तो लोकतंत्र को दफन करने में और क्या बचा है? उन्होंने सीधे चुनाव आयोग को खेल का रेफरी नहीं, बल्कि खिलाड़ी बताते हुए आरोप जड़ दिया कि एसआईआर के नाम पर मतदाताओं की सूची से जनता की आवाज हटाई जा रही है। तेजस्वी यादव ने इस साजिश को चंडीगढ़ मॉडल बताते हुए कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर मतदाता संख्या का 'सियासी कत्ल' कर रहे हैं। 'पहले जनता सरकार चुनती थी, अब सरकार तय करती है कि कौन वोट देगा!' उन्होंने कहा कि विधानसभा में एसआईआर पर बहस की इजाजत मिली थी, लेकिन जैसे ही उन्होंने मुद्दा उठाया, मुख्यमंत्री और उनके 'उटपटांग मंत्रीगण' बीच में बोल-बोलकर बहस को रोकते रहे। उन्होंने कहा कि ये लोग नहीं चाहते कि सच्चाई सदन में गूंजे। तेजस्वी ने कहा कि अगर यही बेईमानी चलनी है तो चुनाव आयोग और सरकार को सीधा 'एक्सटेंशन लेटर' पकड़ाओ, चुनाव का ड्रामा बंद करो।

## रसायन मुक्त खेती से होगी किसानों की आय में बढ़ोतरी : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बिहार सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। केन्द्र प्रायोजित नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल 3635.15 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य रसायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के बिना प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर खेती को बढ़ावा देना है। इससे किसानों की इनपुट लागत घटेगी, मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होगा, पोषण युक्त और रसायन मुक्त भोजन मिलेगा तथा किसानों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि यह योजना राज्य के सभी 38 जिलों में लागू की जायेगी। क्रियान्वयन के लिए प्राथमिकता उन क्षेत्रों/खेतों को दी जायेगी जहां पहले से प्राकृतिक खेती हो रही है या जहां प्राकृतिक खेती के अभ्यासरत किसान मौजूद हैं। इससे अनुभव और जागरूकता का बेहतर उपयोग सुनिश्चित होगा। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु इसे अन्य योजनाओं जैसे- राष्ट्रीय खाद्य तेल-तेलहन मिशन, रेनफेड एरिया डेवलपमेंट, कृषि वानिकी, राष्ट्रीय बॉस मिशन और उद्यान योजना के साथ समन्वय कर लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चयनित क्षेत्रों में बहुफसलीय उत्पादन को प्राथमिकता दी जाएगी। ताकि किसान अधिक से अधिक लाभ कमा सकें और प्राकृतिक खेती को एक स्थायी कृषि पद्धति के रूप में अपनाएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह योजना राज्य में हरित कृषि क्रांति की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी और इससे न केवल पर्यावरणीय संतुलन स्थापित होगा, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और टिकाऊ खेती प्रणाली को भी बढ़ावा मिलेगा। राज्य सरकार इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कृषि विभाग के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान भी चलाएगी।

## मंडल रेल प्रबंधक ने किया नबीनगर और अंकोरहा रनिंग रूम का औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा नबीनगर और अंकोरहा स्थित रनिंग रूम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डीडीयू मंडल के लोको पायलट एवं गार्ड आदि रनिंग स्टाफ के लिए उपलब्ध सुविधाओं का गहन अवलोकन किया। दोनों रनिंग रूम के निरीक्षण में मंडल रेल प्रबंधक द्वारा शयन कक्ष, विश्राम कक्ष, स्नानगृह, मेस तथा अन्य प्रमुख क्षेत्रों की साफ-सफाई, रख-रखाव, विद्युत एवं जलापूर्ति की व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया गया। निरीक्षण के उपरांत मंडल रेल प्रबंधक श्री मीना द्वारा दोनों रनिंग रूम में ठहरे रनिंग स्टाफ के साथ परस्पर संवाद किया गया।

## राजगीर से कोटा, बड़ोदरा एवं अहमदाबाद के लिए सीधी ट्रेन की सुविधा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पटना और अहमदाबाद के मध्य सप्ताह में दो दिन परिचालित की जा रही गाड़ी सं. 12948/12947 पटना-अहमदाबाद-पटना अजीमाबाद एक्सप्रेस का परिचालन विस्तार राजगीर तक करने का निर्णय लिया गया है। इससे राजगीर, नालन्दा एवं बिहारशरीफ से कोटा, बड़ोदरा एवं अहमदाबाद जैसे शहरों के लिए एक सीधी ट्रेन की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। साथ ही इससे राजगीर एवं नालन्दा जैसे विश्व प्रसिद्ध स्थलों पर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह परिचालन विस्तार राजगीर 25.07.2025 से तथा अहमदाबाद से 28.07.2025 से प्रभावी होगा। गाड़ी सं. 12948 राजगीर-पटना-अहमदाबाद एक्सप्रेस 25.07.2025 से सप्ताह में दो दिन प्रत्येक शुक्रवार एवं बुधवार को राजगीर से 21.00 बजे खुलकर 21.12 बजे नालन्दा, 21.30 बजे बिहारशरीफ, 22.21 बजे बख्तियारपुर, 23.00 बजे पटना साहिब रूकते हुए 23.35 बजे पटना पहुंचेगी तथा यहां से 23.45 बजे खुलकर अपने निर्धारित ठहराव एवं समयानुसार रूकते हुए तीसरे दिन 03.50 बजे अहमदाबाद पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी सं. 12947 अहमदाबाद-पटना-राजगीर अजीमाबाद एक्सप्रेस 28.07.2025 से अहमदाबाद से सप्ताह में दो दिन प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को 21.50 बजे खुलकर अपने निर्धारित समय एवं ठहराव के अनुसार रूकते हुए तीसरे दिन अर्थात बुधवार एवं शुक्रवार को 04.20 बजे पटना पहुंचेगी तथा पटना से यह 04.30 बजे खुलकर 04.43 बजे पटना साहिब, 05.10 बजे बख्तियारपुर, 05.41 बजे बिहारशरीफ एवं 06.02 बजे नालन्दा रूकते हुए 07.25 बजे राजगीर पहुंचेगी।

## मानव सेवा ही सच्ची प्रभु सेवा : अरविंद कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** गर्मी एवं बारिश को देखते हुए नारायण रेकी सत्संग परिवार के पटना हेड अरविंद कुमार के नेतृत्व में सामाजिक पहल के तहत गरीब सब्जी बिक्रेताओं और जरूरतमंद लोगों के बीच सैकड़ों छाते वितरित किए गए। मौके पर अरविंद कुमार ने कहा कि जरूरतमंद मानव की सेवा हीं सच्ची प्रभु सेवा है। आज का यह वितरण सुगादेवी चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित राज अकेला के सहयोग से चितकोहरा बाजार सब्जी मंडी में किया गया। अरविंद कुमार ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य धूप एवं बारिश में मेहनत करने वाले सब्जी विक्रेताओं, ठेले वालों और अन्य जरूरतमंदों को राहत प्रदान करना है। इस अवसर पर अरविंद कुमार ने कहा कि नारायण रेकी सत्संग परिवार की संस्थापिका राज दीदी का कहना है कि 'हर इंसान तन, मन, धन व संबंधों में स्वस्थ हो, हर घर में सुख, शांति समृध्दि हो व हर व्यक्ति उन्नति, प्रगति व सफलता प्राप्त करें।' मौके पर अमित राज ने कहा कि यह छोटा सा कदम उन गरीब सब्जी विक्रेताओं लोगों की मदद करेगा जो धूप एवं बारिश में अपनी आजीविका कमाने के लिए संघर्ष करते हैं। एम पी जैन ने बताया कि वितरण में धीरज एवं राज शेखर सहित संस्थान के पिंकी सिंह, शशि शेखर, संजय प्रसाद, संजीव कुमार एवं अन्य सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जरूरतमंदों को छाते वितरित किए।

## बिहार आइडिया फेस्टिवल के जिलास्तरीय अभियान का भव्य आगाज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार के उद्योग विभाग एवं स्टार्टअप सेल द्वारा राज्य में नवाचार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित बिहार आइडिया फेस्टिवल 2025 के तहत आज से पूरे राज्य में जिला स्तरीय कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत पश्चिम चंपारण, किशनगंज, बेगूसराय, सुपौल, नालंदा, रोहतास, वैशाली, भागलपुर और पटना में भव्य आयोजन हुए। इन आयोजनों में छात्रों, किसानों, जीविका दीदियों, महिला समूहों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने बिहार आइडिया फेस्टिवल पोर्टल पर अपने नवाचार आधारित विचार प्रस्तुत किए तथा कार्यक्रम स्थल पर आयोजित 'आइडिया हैकथॉन' में भाग लेकर अपने विचारों को विशेषज्ञों के समक्ष साझा किया। कार्यक्रमों में संबंधित जिलों के जिलाधिकारी, डीडीसी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की तथा प्रतिभागियों को नवाचार के लिए प्रेरित किया। आज के आयोजन में राज्यभर के कुल 4875 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिससे यह स्पष्ट होता है कि राज्य के युवा, महिलाएं एवं ग्रामीण नवप्रवर्तनकर्ता स्टार्टअप संस्कृति को अपनाने के लिए तत्पर हैं। बिहार आइडिया फेस्टिवल के जिला स्तरीय अभियान की यह शुरुआत पूरे राज्य में नवाचारों की पहचान और उन्हें स्टार्टअप में बदलने की दिशा में एक ठोस कदम है। बिहार आइडिया फेस्टिवल उद्योग विभाग और योरस्टोरी मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ-साथ जीविका के सहयोग से शुरू की गई एक अनूठी पहल है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं, छात्रों, स्वयं सहायता समूहों, कारीगरों, किसानों आदि से 10,000+ उद्यमशील विचारों को जमीनी स्तर से खोजना है। कार्यक्रम के माध्यम से विभाग का लक्ष्य राज्य के उभरते उद्यमियों की पहचान करना, बाजार संपर्क स्थापित करना और उनके लिए वित्तपोषण केअवसर सृजित करना है। इस आयोजन के विजेताओं को स्टार्टअप बिहार नीति के तहत 10 लाख रुपये की सीड फंडिंग के लिए पिचिंग राउंड में वाइल्ड कार्ड अवसर प्राप्त होगा। उन्हें ट्रॉफी और स्टार्टअप बिहार नीति के तहत अन्य प्रोत्साहनों से भी सम्मानित किया जाएगा।

## काम में बाधक नहीं, सहयोगी बनकर काम जल्द निपटाएं : कुलपति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में गुरुवार को कर्मियों के साथ नव नियुक्त कुलपति प्रो उपेन्द्र प्रसाद सिंह की पहली बैठक हुई। बैठक में कुलपति ने कर्मियों से कहा कि काम में बाधक नहीं, सहयोगी की भूमिका निभाकर कार्य को जल्द निपटाएं। खासकर पेंशन भोगी शिक्षकों और कर्मियों का सहयोग करें। इनकी फाइलों को अटकाएं नहीं। इनका समाधान पहले करें। यह हमारे विश्वविद्यालय के लिए सम्मानित हैं। वहीं विश्वविद्यालय में आने वाले शिक्षकों, अतिथियों और छात्रों के साथ बेहतर तरीके से व्यावहार करें। छात्रों के पेंडिंग कार्यों को जल्द समाप्त करें। सर्टिफिकेट, माइग्रेशन सहित किसी भी तरह के छात्रों के कार्यों का एक समय-सीमा अंदर निपटा दें। छात्रों को एक ही कार्य के लिए बार-बार विश्वविद्यालय का चक्कर नहीं लगाए। कर्मियों को अगर किसी तरह की समस्याएं हैं तो जरुर शेयर करें। विश्वविद्यालय के कार्यों कैसे बेहतर बनाया जा सकता है। आप जरूर राय दें। कुलपति ने कहा कि कर्मियों की प्रोन्नति भी की जाएगी। इसपर भी ध्यान है। फाइलों को तीन से चार दिनों में निपटा दें। एक जगह पर फाइलों को अटका के नहीं रखें। अगर उसमें कोई दिक्कत है तो संबंधित पदाधिकारी से बातचीत करें। इस मौके पर कुलसचिव प्रो एनके झा, डीन प्रो

## पटना में संविधान एवं सामाजिक न्याय राज्यस्तरीय सम्मेलन का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की ओर से आज सदाकत आश्रम, पटना में संविधान एवं सामाजिक न्याय राज्यस्तरीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ राजेन्द्र पाल गौतम ने भारत की मौजूदा सामाजिक और राजनीतिक परिस्थिति पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भारत एक ऐसे दौर में पहुंच गया है जहां फिर से एक नई आजादी की लड़ाई छेड़ने की जरूरत है। राजेन्द्र पाल गौतम ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को स्मरण करते हुए कहा कि मनुस्मृति में जिन वर्गों पर बंदिशें थीं, उन्हें बाबा साहेब ने वोट की ताकत देकर बराबरी का हक दिलाया। हिंदू कोड बिल विधवाओं और महिलाओं के लिए क्रांतिकारी कानून था जिसे अंबेडकर ने 1949 में कानून मंत्री रहते हुए पेश किया। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के संयोजक रबिंद्र कुमार पासवान ने कहा कि राहुल गांधी देश में सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष कर रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता बाबा साहेब के विचारों पर चलने को प्रतिबद्ध हैं।

## विद्यालयों में किशोरियों को एचपीवी टीकाकरण व बच्चों की आंखों की होगी जांच : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि बच्चों एवं किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है। इसके लिए राज्य में मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना एवं राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत जिले के सदर प्रखंड स्तर पर संचालित सरकारी एवं निजी विद्यालयों में जाकर 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण के विशेष टीकाकरण सत्र एवं बच्चों की स्वास्थ्य जांच सहित आंखों की जांच की जाएगी। इन कार्यों में राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम आरबीएसके के चलंत चिकित्सा दलों द्वारा सहयोग लिया जाएगा। आरबीएसके के चलंत चिकित्सा दल विद्यालयों का माइक्रोप्लान इस प्रकार निर्मित करेंगे कि तीनों गतिविधियां बच्चों का स्वास्थ्य जांच, बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण एवं आंखों की जांच एक ही विद्यालय में हो सके। श्री पांडेय ने कहा कि विशेष टीकाकरण सत्रों के लिए विद्यालय स्तर पर व्यवस्था होगी जिसमें वेटिंग एवं रजिस्ट्रेशन की के साथ टीकाकरण की अलग-अलग सुविधा होगी। इसके साथ ही टीकाकरण के बाद लाभार्थियों के 30 मिनट ऑब्जरवेशन की भी व्यवस्था की जाएगी। सत्र स्थल पर वैक्सीन तथा लॉजिस्टिक्स की समुचित व्यवस्था की जाएगी। इन गतिविधियों को संचालित करने में नोडल पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। टीकाकरण सत्रों के निकटतम आवासीय क्षेत्रों में उत्प्रेरकों के माध्यम से एचपीवी टीकाकरण से संबंधित सूचना से लाभार्थी को अवगत कराया जाएगा।

CMYK

# भारतमाला परियोजना से संबंधित मुआवजा भुगतान का अंतिम प्रयास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी 'भारतमाला परियोजना' अंतर्गत भूमि अधिग्रहण के पश्चात आर्बिट्रेटर न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुसार जिन भूधारियों को मुआवजा दिया जाना है किन्तु उन्होंने अब तक संबंधित दस्तावेजों के साथ आवेदन समर्पित नहीं किया है -उनके लिए जिला प्रशासन कैमूर द्वारा एक अंतिम प्रयास प्रारंभ किया गया है। जिलाधिकारी सुनील कुमार के निर्देश पर चांद, भगवानपुर और रामपुर अंचलों में अंचलाधिकारी एवं उनके अधीनस्थ राजस्व कर्मचारियों की टीम डोर-टू-डोर जाकर संबंधित भूधारियों से संपर्क कर रही है। यह प्रयास उन्हीं भूधारियों के लिए है जिनके पक्ष में आर्बिट्रेटर न्यायालय का आदेश आ चुका है, लेकिन वे अभी तक मुआवजा भुगतान हेतु आवेदन समर्पित नहीं कर पाए हैं। जिलाधिकारी द्वारा की गई समीक्षा में यह पाया गया कि बड़ी संख्या में ऐसे रैयत हैं जिन्हें पहले दो बार नोटिस भेजे जा चुके हैं, फिर भी उन्होंने मुआवजा की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की है। इसीलिए अब सीधे उनके दरवाजे पर पहुंचकर कर्मचारियों द्वारा आवेदन समर्पण हेतु प्रेरित किया जा रहा है ताकि उन्हें भुगतान में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यह अंतिम अवसर है। यदि अब भी कोई रैयत आवेदन समर्पित नहीं करता है, तो उनकी मुआवजा की राशि सक्षम न्यायालय में जमा कर दी जाएगी। इसके बाद संबंधित भूधारियों को नियमानुसार न्यायालय की प्रक्रिया के माध्यम से ही मुआवजा प्राप्त करना होगा। इस प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु संबंधित अंचलों में शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं जहां पर रैयतों को एलपीसी (भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र) और वंशावली जैसे आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। रामपुर, चांद एवं भगवानपुर में आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में भूधारियों ने भाग लिया और मौके पर ही कई ने आवेदन एवं दस्तावेज समर्पित किए। जनसंपर्क विभाग की प्रेस रिलीज में यह कहा गया है कि जिला प्रशासन की यह सक्रिय पहल यह सुनिश्चित करने की दिशा में है कि कोई भी पात्र भूधारी मुआवजा से वंचित न रह जाए। साथ ही यह भी स्मरण कराया गया है कि थ्रीडी नोटिफिकेशन के पश्चात अधिग्रहित भूमि पर किसी प्रकार की खेती अथवा अन्य गतिविधि करना कानूनन अपराध है, क्योंकि उस भूमि का स्वामित्व राज्य सरकार के अधीन हो जाता है।

## दहेज हत्या मामले में पति को दस साल की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** एडीजे 11 योगेश शरण त्रिपाठी सिविल कोर्ट भभुआ कैमूर की अदालत दहेज हत्या 304 बी में अभियुक्त सोनू पासवान पिता गुड्डू पासवान ग्राम दुबौली थाना चांद जिला कैमूर भभुआ को 10 साल का कठोर कारावास 40 हजार फाइन नहीं देने पर चार महीना अतिरिक्त कारवास की सजा सुनाई। इस केस के सूचक झकरी पासवान पिता स्वर्गीय मुन्नी पासवान ग्राम मोहम्मदपुर थाना मोहनियां जिला-कैमूर ने अपने प्राथमिक में बताया है कि मैं अपनी पुत्री रीमा देवी की शादी सोनू पासवान पिता गुड्डू पासवान ग्राम दुबौली थाना चांद जिला कैमूर भभुआ से सन 2021 में किया था। मेरी पुत्री रीमा देवी को 30 मार्च 2022 को संध्या 6:00 बजे मेरे दामाद सोनू पासवान समधि गुड्डू पासवान लोगों ने मिलकर मेरी बेटी को जला दिया था जिसका इलाज के दौरान बनारस में मैक्सवेल अस्पताल में इलाज के दौरान 31 मार्च 2022 को सुबह 8:00 बजे अस्पताल में निधन हो गया था।

# शराब के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक ऑटो रिक्शा पर लदा हुआ भारी मात्रा में देसी-विदेशी शराब के साथ महिला समेत दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया। इस संबंध में पुलिस उपाधीक्षक आतुलेश झा ने प्रेस वार्ता में बताया कि नगर थाना की पुलिस बुधवार की रात गश्त कर रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि बस स्टैंड के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक महिला टेंपो पर शराब रख रही है। मिली सूचना के बाद जब टेंपो को पकड़ा गया तो भारी मात्रा में शराब लदा हुआ था। भाग रहे महिला समेत दो धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार महिला नगर थाना क्षेत्र के 12 पत्थर नहर के निवासी लालबाबू चौधरी की पत्नी अनीता देवी और टेंपो चालक प्रदीप चंद्रवंशी तिलौथू थाना क्षेत्र के जमुहारा वार्ड संख्या एक का निवासी है। जब्त शराब में विदेशी शराब 89 लीटर और देसी शराब 81 लीटर शामिल है। पुलिस ने जब्त शराब के मामले में दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय के निर्देश पर जेल भेज दिया। प्रेस वार्ता में पुलिस निरीक्षक सह डिहरी थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार, डिहरी टाउन सीआई रवि भूषण तथा थाना के अधिकारी उपस्थित थे।

# एसपी ने किया बेलाव और करमचट थाने का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला ने बेलाव एवं कर्मचट थाने पहुंचकर थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस के समक्ष उत्पन्न समस्याओं से भी अवगत हुए। एसपी ने थाना परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई का भी अवलोकन किया। एसपी ने थानाध्यक्ष अनीश कुमार से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली। अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का निर्देश भी दिया। न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने अन्य मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। एसपी ने समय से गश्ती व आने वाले विधान सभा चुनाव के मद्देनजर वाहन चेकिंग करने का आदेश दिया। निरीक्षण के बाद एसपी ने शराब माफियाओं पर नकेल कसने व फरार आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने का भी आदेश दिया।

# अपराधियों को स्पीडी ट्रायल कर सजा दिलाने में लाएं तेजी : डीआइजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** गंभीर अपराध में त्वरित अनुसंधान कर स्पीडी ट्रायल में तेजी लाने का निर्देश शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के डीआईजी डा सत्य प्रकाश ने रोहतास और भोजपुर जिले के पुलिस अधिकारियों को दिया है। डीआईजी के अनुसार भोजपुर और रोहतास जिले में अपराध नियंत्रण में तेजी से कार्य किया जा रहा है। गंभीर अपराध में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। हत्या के मामले में अनुसंधान और गिरफ्तारी में तेजी आई है। वहीं लूट डकैती और बलात्कार जैसे गंभीर मामलों में आवश्यक गिरफ्तारी कार्य भी जारी है। वे भोजपुर जिले के एसडीपीओ, सर्किल इंस्पेक्टर और पुलिस निरीक्षक अनुसंधान के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने एसडीपीओ को और पुलिस निरीक्षकों को सभी थाने की नियमित मॉनिटरिंग करने का आदेश दिया। सर्किल इंस्पेक्टर को कानूनी कार्रवाई करने में लापरवाह पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने आगामी चुनाव को देखते हुए गुंडा पंजी डोजियर लिस्ट स्थिति तैयार करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने आगामी चुनाव को देखते हुए चुनाव में व्यवधान डालने वालों की सूची बनाने और उनके विरुद्ध 126 के तहत बांड भरवाने में तेजी लाने को कहा। उन्होंने वाहन चेकिंग और पेट्रोलिंग गंभीरता के साथ करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी एसडीपीओ को 15 गंभीर कांडों की समीक्षा करते हुए स्पीडी ट्रायल करने का निर्देश दिया। ताकि जल्द से जल्द लोगों को सजा दिलाई जाए और पीड़ित को न्याय मिल सके। आज की बैठक में रोहतास के एसपी रोशन कुमार, एएसपी सह एसडीपीओ अतुलेश झा और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## लांजी पेट्रोल पंप के समीप से शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** पुलिस ने प्राप्त सूचना के आधार पर चेनारी थाना अंतर्गत लांजी पेट्रोल पंप के पास से शव बरामद किया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान कैमूर जिले के कुदरा थाना अंतर्गत नाथूपुर गांव के निवासी गोरख नाथ सिंह के रूप में हुई है। मृतक कल से ही घर से लापता थे। परिजन कल से खाफी खोजबीन कर रहे थे।

# एसपी के जनता दरबार में फरियादियों की उमड़ी भीड़

## एसपी के जनता दरबार में करीब बारह दर्जन मामलों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** गुरुवार को एसपी के जनता दरबार में फरियादयों की भीड़ उमड़ी। एसपी कार्यालय में पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार के समक्ष जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपना-अपना दुखड़ा सुनाया। आज जनता दरबार में चुटिया थाना क्षेत्र के मनोज यादव ने गुहार लगाते हुए कहा कि थाना चुटिया के ग्राम परक्षा के गरीबी, बेकारी, बेबसी, लाचारी में जीवन शांति के साथ गुजर कर संतुष्ट रहने वाले व्यक्ति का घर बगलगीर लल्लू यादव जो हमारे गोतिया है हमारे दीवाल से सटाकर गोबर पानी रखते हैं जिसके चलते हमारा घर गिर गया। वहां के चुटिया थाना प्रभारी उनके प्रभाव में आकर हमें सहयोग न करने व प्राथमिकी दर्ज न करने के संबंध में गुहार लगाई। वही सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम अलीगंज निवासी राजेश प्रजापति ने अपने पुत्र के गुम हो जाने के संबंध में गुहार लगाते हुए कहा कि मेरा बेटा 22 जुलाई को बिहार पुलिस का परीक्षा देने पटना गया था। परीक्षा देकर लौटते के क्रम में जहानाबाद तक बात हुआ है और उसके बाद उसका मोबाइल स्वीच आफ बता रहा है। पुलिस कप्तान रौशन कुमार ने जिले से आए फरियादियों की बातों को ध्यान से सुनकर संबंधित थाना के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी सभागार भवन में गुरुवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तेजस्विनी आंनद की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक की गई. प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बैठक में सर्वप्रथम सभी प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, संकुल समन्वयक के साथ शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की गई जो निम्न प्रकार है। उपस्थिति पंजी में संधारित बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए जिला कार्यालय से प्राप्त निदेश के आलोक में एजेण्डावार समीक्षा प्रारम्भ किया गया। ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर वर्ग 1 में नये नामांकित बच्चों की प्रविष्टि तथा वर्ग 6, 9 एवं 11 में नये नामांकितबच्चों के इम्पोर्ट की समीक्षा। प्रान्त कार्य संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में सभी विद्यालयों को यह कार्य 24 घंटे के अन्दर शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निदेश दिया गया। उक्त कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने की जवाबदेही संबंधित संकुल समन्वयक की निर्धारित की जाती है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की तकनिकी सहायता हेतु प्रखण्ड के कम्प्यूटर ऑपरेटर की सहायता प्राप्त की जा सकती है सभी विद्यालय प्रधानाध्यापक एवं संकुल समन्वयक यू डिस पोर्टल पर स्कूल प्रोफाइल, टीचर प्रोफाईल एवं विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के प्रोग्रेसन का कार्य 24 घंटे के अन्दर शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर डीएम ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** समाहरणालय सभागार, कैमूर में स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु जिला पदाधिकारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस के आयोजन से संबंधित समस्त तैयारियों की समीक्षा की गई तथा विभिन्न विभागों को उनके दायित्व सौंपे गए। जिला पदाधिकारी ने निर्देशित किया कि समारोह के सभी कार्यक्रम गरिमामय, सुव्यवस्थित और समयबद्ध ढंग से आयोजित हों। उन्होंने समारोह स्थल की साफ-सफाई, सजावट, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मुख्य समारोह स्थल पर आमंत्रित गणमान्य व्यक्तियों की व्यवस्था, झंडोत्तोलन कार्यक्रम आदि बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी सहित समस्त संबंधित विभागों के वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का आयोजन राष्ट्रप्रेम और जनभागीदारी का उत्सव होता है, अतः इसकी तैयारी में कोई कोताही न हो। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हो।

## दरिगांव थाना में नए थानाध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिले के दरिगांव थाना में गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कुमार रोशन के निर्देशानुसार मितेश कुमार ने नए थानाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस दौरान थाने के सभी पुलिस कर्मियों से जान-पहचान करते हुए थाने का जायजा लिया। इस क्रम में थाना क्षेत्र की जानकारी हासिल कर महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा करते हुए थाने में पदस्थापित पदाधिकारी व पुलिसकर्मियों से बैठक कर विचार-विमर्श कर कई दिशा निर्देश दिया।

# बाल श्रमिक आयोग के सदस्य सुशील कुमार को बनाये जाने पर अभिनंदन समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा अंतर्गत स्टेशन रोड स्थित कश्यप इन राहुल होटल में कार्यक्रम प्रमुख व भाजपा के युवा नेता अमित कुमार पटेल के नेतृत्व में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील कुमार को बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के सदस्य बनाए जाने पर अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बिहार के संगठन मंत्री, बिहार प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तथा रोहतास भाजपा के दो बार लगातार जिला अध्यक्ष रहे कुशल संगठनकर्ता सुशील चंद्रवंशी को 'बिहार बाल श्रमिक आयोग के सदस्य' बनाए जाने पर सम्मान समारोह का आयोजन डिहरी भाजपा उत्तरी एवं दक्षिणी के तत्वावधान में किया गया। भाजपा नेताओं ने हर्ष व्यक्त कर उन्हें फूल, माला एवं अंगवस्त्र से स्वागत कर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह यादव, जदयू जिलाध्यक्ष अजय सिंह कुशवाहा, जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक शाह, जिला उपाध्यक्ष आरती गुप्ता, जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी, प्रो. डॉ कन्हैया सिंह, जिला कोषाध्यक्ष आनंद पांडे, नगर महामंत्री कुंवर सिंह, नगर उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता, संजीव कुमार गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा पूर्व जिला महामंत्री अरुण पांडेय ने की। इस मौके पर काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भारत स्काउट और गाइड रोहतास द्वारा एक दिवसीय हाइक का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** भारत स्काउट और गाइड, रोहतास जिला के तत्वावधान में आज एक दिवसीय हाइक का आयोजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बौलिया प्रखंड नौहट्टा में जिला संगठन आयुक्त अरविन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में स्काउट्स, गाइड्स शामिल हुए। हाइक की शुरुआत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बौलिया से प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में हुई और प्रतिभागियों ने निर्धारित मार्ग पर चलते हुए भूखी खोह का अवलोकन किया। मार्ग के दौरान प्रकृति से जुड़ी जानकारी, प्राथमिक उपचार, टीम भावना और नेतृत्व कौशल पर विशेष ध्यान दिया गया। हाइक का उद्देश्य बच्चों में आत्मनिर्भरता, अनुशासन, सामाजिक चेतना और साहसिक भावना को विकसित करना था। प्रधानाध्यापक सुमेर कुमार सिंह ने प्रतिभागियों को स्काउटिंग के मूल सिद्धांतों का पालन करने और राष्ट्र सेवा में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। यह हाइक न केवल एक साहसिक यात्रा थी, बल्कि युवाओं को एक सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने का एक सशक्त माध्यम भी साबित हुई।

**प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक**

# कार्य संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में विद्यालयों को 24 घंटे के अन्दर पूर्ण करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर(कैमूर)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी सभागार भवन में गुरुवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तेजस्विनी आनंद की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक की गई। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बैठक में सर्वप्रथम सभी प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, संकुल समन्वयक के साथ शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की गई, जो निम्न प्रकार है। उपस्थिति पंजी में संधारित बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए जिला कार्यालय से प्राप्त निदेश के आलोक में एजेण्डावार समीक्षा प्रारम्भ किया गया। ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर वर्ग 1 में नये नामांकित बच्चों की प्रविष्टि तथा वर्ग 6, 9 एवं 11 में नये नामांकित बच्चों के इम्पोर्ट की समीक्षा। प्रान्त कार्य संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में सभी विद्यालयों को यह कार्य 24 घंटे के अन्दर शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निदेश दिया गया। उक्त कार्य को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने की जवाबदेही संबंधित संकुल समन्वयक की निर्धारित की जाती है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की तकनिकी सहायता हेतु प्रखण्ड के कम्प्यूटर ऑपरेटर की सहायता प्राप्त की जा सकती है सभी विद्यालय प्रधानाध्यापक एवं संकुल समन्वयक यू डिस पोर्टल पर स्कूल प्रोफाइल, टीचर प्रोफाइल एवं विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के प्रोग्रेसन का कार्य 24 घंटे के अन्दर शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

# हजारों कांवरियों का जत्था बक्सर के लिए रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** पावर हाउस से गुरुवार को हजारों कांवरियों का एक भव्य जत्था बक्सर के लिए रवाना हुआ। विधायक मुरारी प्रसाद गौतम ने फीता काटकर तथा हरी झंडी दिखाकर कांवरियों को रवाना किया। यह कांवरिया जत्था बक्सर के रामरेखा घाट से गंगाजल लेकर गुप्ताधाम तक लगभग 130 किलोमीटर की पदयात्रा करेंगे और सोमवार को बाबा गुप्तेश्वरनाथ का जलाभिषेक करेंगे। इस अवसर पर चेनारी में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें भारी संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल हुए। जुलूस में हाथी, घोड़े, दर्जनों बाइक और चार पहिया वाहन शामिल थे। हजारों गेरुआ वस्त्रधारी कांवरिये बोल बम, बाबा एक सहारा है जैसे जयकारे लगाते हुए पावर हाउस से थाना चौक, मुख्य बाजार, गांधी चौक, इंदिरा चौक, कर्पूरी चौक होते हुए लांजी स्थित गणेश मंदिर पहुंचे जहां भगवान गणेश की पूजा-अर्चना के बाद जत्था बक्सर के लिए प्रस्थान किए।


**खोया-पाया**

मैं नरायण जी त्रिवेदी, पिता- डॉ. लक्ष्मण त्रिवेदी, ग्राम - पताढ़ी, पो. - नाद, जिला रोहतास का निवासी हूँ। दिनांक 10.07.2025 को अपने घर से रायपुर चोर बाजार जाने के क्रम में मेरे थैली में रखा दस्तावेज कहीं गिर गया बहुत खोजने पर भी दस्तावेज नहीं मिला। दस्तावेज का खाता सं.-20, खेसरा सं.-529, रकबा 4 डी0, दस्तावेज संख्या - 5059, दस्तावेज दिनांक 25.05.2017 है। जिन सज्जनों को मिले वे कृपया इस पता पर सूचित करें। विकास अमृतराज एडवोकेट, पटना हाई कोर्टकार्यालय-फ्लैट वंबर 401, चौथा तल्ला, जगतारिनी टावर एवं वासुदेवा कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, जमाल रोड, पटना-800001, ईमेल-vikash1amritraj@gmail.com मोबाईल नंबर - 9835698525, 9123178201



पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

**आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा, ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद, बिहार-824101**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ में पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आम जनता और विशेष रूप से कर्जदार (रों) और गारंटीदाताओं को एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक पड़ी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल संपत्ति, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक/कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूति लेनदार द्वारा ले लिया गया है, को संबंधित कर्जदार (रों) और गारंटीदाताओं से बैंक/प्रतिभूत लेनदार के पास उनके बकायों की वसूली हेतु निम्नांकित सारणी में अंकितानुसार तिथि को **''जैसी है जहां है''** **''जैसी है जो है''** तथा **''जो भी है वही है''** आधार पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि संबंधित संपत्तियों के समक्ष निम्न सारणी में अंकितानुसार होगी।

**परिशिष्ट IV-A नियम 8 (6)देखें**
**प्रतिभूत आस्तियों की अनुसूची**

| क्र. सं. | शाखा का नाम / खाता का नाम / कर्जदार/गारंटीदाता खाता का नाम व पता | बंधक पड़ी अचल सम्पत्तियों के विवरण/स्वामी का नाम (सम्पत्तियों) के बंधकदाता | ए. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत मांग सूचना तिथि<br>बी. मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि<br>सी. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (4) के तहत कब्जा तिथि<br>डी. कब्जे की प्रकार सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक | ए) आरक्षित मूल्य (रू. लाख में)<br>बी) ईएमडी<br>सी) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि/समय | प्रतिभूति लेनदार को ज्ञात भार का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीएनबी-गोरसारा (278400) मेसर्स सरोज इंटरप्राइजेज प्रो. श्रीमती सरोज सिंह, श्रीमती सरोज सिंह पति श्री प्रमोद कुमार सिंह, श्री चंद्र भूषण राय -पुत्र धनिक लाल राय<br>पता- निवासी ग्राम-सिझुआ, पो-उपरी थाना-रामगढ़, जिला-कैमूर, बिहार-802132<br>इसके अलावा फ्लैट नंबर-ए-4 (पहली मंजिल), साई सरूप अपार्टमेंट, कैलाशपुरी कॉलोनी, वाराणसी, उत्तरप्रदेश 221005<br>गारंटर का पता निवासी-पो.-अंबारी, वार्ड नंबर-15, मोहनियां, जिला-कैमूर, बिहार-821109 | **भूमि एवं भवन जहां अवस्थित है:** मौजा-वासनपुर, अंचल-नुआंव, सबडिवीजन-मोहनियां, जिला-कैमूर, थाना-नं.-245, खाता-44, प्लॉट नं. 60, एरिया-50.00 डिसमिल डीड नं.-5291 दिनांक 06-09-2017 में नाम-सरोज सिंह पत्नी-प्रमोद कुमार सिंह सीमाएं-उत्तर- नागेश तिवारी प्लॉट नंबर-60 दक्षिण-रोड, पूर्व-नचक चौबे, पश्चिम- जय प्रकाश चौबे पुत्र-त्रिभुवन चौबे प्लॉट-63<br>**भूमि और भवन स्थित है:** फ्लैट नंबर-ए-4 (1ली मंजिल), साईं सरूप अपार्टमेंट, एराजी नंबर-219/1, मौजा-नेवादा, वार्ड-नावा, परगना देहात अमानत, तहसील-सदर वाराणसी जिला-वाराणसी उत्तर प्रदेश, पूर्ण निर्मित क्षेत्र-109.30 वर्ग मीटर, अविभाजित शेयर के साथ टाइटल के अनुसार डीड नं.-क्रमांक-2613 दिनांक 22.07.2017 श्रीमती सरोज सिंह पत्नी श्री प्रमोद कुमार सिंह के नाम पर **सीमाएं :** उत्तर-खुली जमीन तारा पटेल दक्षिण : खुली जमीन तारा पटेल पूरब : खुली जमीन तारा पटेल, पश्चिमः सामान्य मार्ग उसके बाद फ्लैट-ए-3 | ए. 17.02.2025<br>बी. रू. 2,41,46,988.81/- + आगे की ब्याज एवं प्रभार<br>सी. 18.06. 2025<br>डी. सांकेतिक | ए) रू. 55,80,000/-<br>बी) रू. 5,58000/-<br>सी) रू. 50,000/-<br><br>ए) रू. 52,20,000/-<br>बी) रू. 5,22,000/-<br>सी) रू. 50,000/- | 29.08.2025 12 बजे दोपहर से चार बजे अपराह्न | ज्ञात नहीं |

बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 में निर्धारित नियम व शर्तों और निम्नलिखित आगामी शर्तों के अधीन होगी

**नियम व शर्तें**
1. संपत्तियों को ''जैसा है जहां है आधार'' और ''जैसी है जो है आधार'' और ''जो भी है वही है आधार'' बेचा जा रहा है।
2. उपरोक्त अनुसूची में वर्णित प्रतिभूति आस्तियों के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की उचित जानकारी के अनुसार उल्लिखित किया गया है, किन्तु प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलत बयानी या भूल-चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री 29.08.2025 को दोपहर 12.00 बजे से अपराह्न 16.00 बजे तक वेबसाइट https://baanknet.com में प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के जरिए निष्पादित की जाएगी।
4. बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों हेतु कृप्या https://baanknet.com व www.pnbindia.in देखें।

**विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।** **प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक**

**प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, (सरफेसी अधिनियम, 2002) के नियम 8 (6) के अंतर्गत वैधानिक सूचना**

# नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने रेलमंत्री से की मुलाकात

## नवादा-शेखपुरा रेलखंड पर सुविधाओं के विस्तार की रखी मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** भाजपा नेता एवं नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने हाल ही में दिल्ली में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव से शिष्टाचार भेंट कर नवादा लोकसभा क्षेत्र में रेल संपर्क और यात्री सुविधाओं के विस्तार से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। सांसद ने बताया कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि शेखपुरा-बिहारशरीफ-नेउरा रेलखंड पर जल्द ही ट्रेन परिचालन शुरू होने वाला है। इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के उद्देश्य से उन्होंने रेलमंत्री से आग्रह किया कि इस रेलखंड को दानापुर और पटना की ओर वाई-कनेक्शन दिया जाए, ताकि इस मार्ग पर चलने वाली ट्रेनें नेउरा के साथ-साथ पटना और दानापुर से भी संचालित की जा सकें। सांसद ने मतोखर स्टेशन की ओर कुर्सुम्भा विहार से वाई-कनेक्शन का भी सुझाव दिया, जिससे इंजन रिवर्सल की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी और इस रूट की ट्रेनें वारिसलीगंज, नवादा और तिलैया तक ले जाई जा सकेंगी। यह नवादा क्षेत्र के यात्रियों के लिए एक बड़ी सुविधा होगी। इसके साथ ही श्री ठाकुर ने किऊल-गया रेलखंड पर डेढ़गांव हॉल्ट और गारोबिगहा हॉल्ट पर ट्रेनों के ठहराव की भी मांग रखी। उन्होंने बताया कि इन दोनों स्टेशनों पर ट्रेनों के नहीं रुकने से स्थानीय यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्टॉपेज की स्वीकृति से बड़ी संख्या में ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। सांसद ने स्पष्ट किया कि ये सभी परिवर्तन तकनीकी रूप से छोटे अवश्य हैं, लेकिन इनका प्रभाव बेहद व्यापक और जनहितकारी होगा। उन्होंने कहा हर गांव और हर क्षेत्र तक रेल सुविधाओं का विस्तार और यात्री सुविधा में निरंतर सुधार ही हमारा संकल्प है। रेलमंत्री ने सांसद की बातों को गंभीरता से सुना और सभी प्रस्तावों पर सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया।

## जिला नियोजन पदाधिकारी ने आरटीपीएस काउंटर का किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)।** जिला नियोजन पदाधिकारी विनय कुमार ने गुरुवार को कौआकोल प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में स्थापित आरटीपीएस काउंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आईटी सहायक व कार्यपालक सहायक को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्य समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पूरे किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आरटीपीएस कार्यालय के अंदर किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित हो, इस पर विशेष निगरानी रखी जाए। पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक प्रमाण पत्र निर्धारित समयसीमा के भीतर निर्गत होना चाहिए, जिससे आमजन को अनावश्यक परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्य प्रणाली और काउंटर की साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## स्कूल संचालक से रंगदारी मांगने का मामला सुलझा, तीन बदमाश गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पकरीबरावां (नवादा)।** कौआकोल थाना क्षेत्र स्थित एक निजी स्कूल संचालक से पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन और पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। गुरुवार को पकरीबरावां पुलिस अनुमंडल कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ राकेश कुमार भास्कर ने बताया कि मामला जीवन दीप आवासीय पब्लिक स्कूल, बिझो गांव से जुड़ा है। विद्यालय के संचालक सुभाष कुमार से 18 जुलाई की सुबह एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल कर रंगदारी मांगी गई थी। रंगदारी नहीं देने पर संचालक और स्कूल के बच्चों को जान से मारने की धमकी दी गई थी। इससे पहले 8 जुलाई को भी उक्त नंबर से रंगदारी कॉल की गई थी, जिसकी सूचना संचालक ने कौआकोल थाना को दी थी। इसके बाद विद्यालय परिसर में धमकी भरा पत्र और विस्फोटक जैसा संदिग्ध पैकेट फेंक कर दहशत फैलाने की कोशिश की गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें तकनीकी और मानवीय अनुसंधान के आधार पर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जमुई जिले के निवासियों के रूप में आशीष कुमार (19), पिता श्रवण यादव, आचारडीह, सिकंदरा थाना राहुल कुमार (19), पिता युगल राम, मिर्ज़ागंज, सिकंदरा थाना टिंकू यादव (25), पिता नागेश्वर यादव, नवाडीह, लछुआड़ थाना के रूप में हुई है। एसडीपीओ भास्कर ने बताया कि टिंकू यादव का आपराधिक इतिहास रहा है और वह सिकंदरा व चंद्रदीप थाना क्षेत्रों में पूर्व से कई मामलों में नामजद है। वहीं आशीष कुमार पर लछुआड़ थाना में मामला दर्ज है। पूछताछ में तीनों ने रंगदारी मांगने की बात स्वीकार कर ली है। टीम में कौआकोल थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर दीपक कुमार, एसआई सुजाता कुमारी, जिला आसूचना इकाई से एसआई गौतम, सिपाही धामुक, मनोज कुमार व चालक अमन शामिल थे। पुलिस ने कहा है कि रंगदारी मांगने या भय फैलाने की किसी भी साजिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अपराधियों पर कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्रवाई से विद्यालय परिवार और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है।

## नगर निकाय भ्रमण के दौरान आश्रय स्थल का विभागीय निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** गुरुवार को नगर विकास एवं आवास विभाग की दो सदस्यीय टीम विशेष कार्य पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार एवं परियोजना समन्वयक डॉ. हर्षवर्द्धन द्वारा नगर निकाय और उसके अंतर्गत शहरी निराश्रितों के लिए संचालित आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया गया। भारत सरकार की दीन दयाल अंत्योदय योजना के राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत सूबे के 75 नगर निकायों में 131 आश्रयस्थलों का संचालन एरिया लेवल फेडेरेशन की महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। इससे महिला सशक्तिकरण को नया आयाम मिल रहा है। गौरतलब है कि इन आश्रय स्थलों का अनुश्रवण सर्वोच्च न्यायालय के निदेश में गठित राज्य स्तरीय कमिटि द्वारा मासिक स्तर पर किया जाता है। केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से संचालित यह योजना शहरी गरीबी उन्मूलन एवं शहरों में रोजगारपरक गतिविधियों को बढ़ाने में निर्णायक सिद्ध हुआ है। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी डॉ.अजीत शर्मा, नगर मिशन प्रबंधक शशिकांत सिंह, दीपक कुमार, एएलओ अध्यक्ष चंचला देवी, सीमा देवी, गुड़िया कुमारी, ललिता देवी, सीएलएफ अध्यक्ष मंजू देवी, रीना सहित कई लोग उपस्थित रहें।

## हरनौत बाजार से बाइक चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हरनौत (नालंदा)।** थाना क्षेत्र के हरनौत बाजार में एक बार फिर से बाइक चोरी की घटना को अज्ञात चोरों ने अंजाम दिया है। पीड़ित व्यक्ति बिरजू मिल्की गांव निवासी आनंद कुमार ने गुरुवार बताया कि बीती रात्रि को हीरो स्प्लेंडर बाइक से सब्जी खरीदने के लिए हरनौत बाजार गए थे। बिचली बाजार मोड़ के रोड किनारे बाइक लगाकर सब्जी खरीदने चले गए। उसके बाद वापस आए तो वहां पर बाइक नही था। काफी जगह खोजबीन की गई उसके बावजूद भी बाइक की पता नहीं चल पाया। इसके बाद हरनौत थाना में लिखित आवेदन देकर प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## पीएनबी नवादा में हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन, 53 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा।** पंजाब नेशनल बैंक की गढ़पर शाखा में गुरुवार को केयर हेल्थ इंश्योरेंस के सौजन्य से एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में बैंक के सम्मानित ग्राहकों एवं आगंतुकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में दिल्ली के प्रतिष्ठित धर्मशिला देवी हॉस्पिटल के डॉ. राकेश कुमार एवं उनकी चिकित्सकीय टीम द्वारा बीपी, शुगर, हृदय रोग सहित कई अन्य आवश्यक जांचें की गईं। कुल 53 लोगों ने इस स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाया। स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और स्वास्थ्य बीमा की उपयोगिता पर भी जागरूक किया गया। डॉक्टरों ने रोगों की प्रारंभिक पहचान एवं नियमित जांच की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर बैंक के शाखा प्रबंधक रूपेश कुमार झा, प्रशांत दिवाकर, हेल्थ इंश्योरेंस प्रतिनिधि पंकज कुमार बंका व विकास कुमार सुमन सहित अन्य बैंककर्मी भी मौजूद रहे।

शाखा प्रबंधक ने बताया कि बैंक अपने ग्राहकों के साथ केवल वित्तीय नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी जुड़ा हुआ है। इस तरह के आयोजन से ग्राहकों और बैंक के बीच रिश्ते और भी मजबूत होते हैं।

## एक नजर

### सहायक प्राध्यापक पर हमले के खिलाफ कॉलेज कर्मियों ने दिया धरना



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** गुरुवार को 11 बजे से के एलएस कॉलेज नवादा के परिसर में स्थानीय शिक्षक संघ एवं स्थानीय शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कलम बंद कार्य अवरुद्ध करते हुए प्रशासनिक भवन के सामने काला बिल्ला लगाकर कर्मियों ने धरना दिया। इस धरणा में कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर शैलाज कुमार श्रीवास्तव भी शामिल होकर अपना रोष व्यक्त किया। धरना को लेकर कर्मचारियों ने बताया कि सहायक प्राध्यापक डॉ शिवचंद्र कुमार (रसायन विभाग) पर 22 जुलाई को जानलेवा हमला किया गया था, जिसके विरोध में यह धरना दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी इस घटना की घोर निंदा करते हुए चिंता व्यक्त करते हैं। साथ ही जिला प्रशासन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन से शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी तथा छात्र-छात्राओं की सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जिला प्रशासन से इस घटना के अभियुक्त एवं इसमें शामिल आसामाजिक तत्वों को जांच कर पहचानते हुए शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की गई। जिला प्रशासन से कर्मियों ने यह भी मांग किया कि कालेज परिसर में मुख्य गेट के समीप या गेट से बाहर स्थाई पुलिस विकेट की व्यवस्था की जाए, जिससे की कॉलेज के छात्र-छात्राओं आम नागरिकों के साथ-साथ महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी की सुरक्षा हो सके ताकि वे स्वतंत्र एवं निर्भीक होकर अपने कार्यों का निष्पादन कर सके। कर्मियों के हड़ताल पर रहने से आज कॉलेज का पूरा काम ठप रहा।


### डिक्की तोड़कर 2.30 लाख रुपये की चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नगर थाना क्षेत्र के कचहरी रोड स्थित ओम डिजिटल के पास 21 जुलाई को दिनदहाड़े डिक्की तोड़कर 2 लाख 30 हजार रुपये की चोरी की गई घटना का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। घटना के 72 घंटे बाद भी नगर थाना पुलिस खाली हाथ है, जिससे पीड़ित और उनके परिजनों में नाराज़गी का माहौल है। गढ़पर मोहल्ला निवासी शैलेश कुमार सिन्हा ने बताया कि घटना के दिन शाम 4 बजे उन्होंने अपनी बाइक ओम डिजिटल के सामने खड़ी की थी और दुकान के अंदर कुछ जरूरी काम से गए थे। कुछ ही मिनटों में अपराधियों ने डिक्की तोड़कर उसमें रखी 2.30 लाख रुपये की नकदी उड़ा ली। जब वे बाहर लौटे तो डिक्की खुली हुई मिली और रुपये गायब थे। घटना की जानकारी मिलते ही शैलेश कुमार ने नगर थाना में आवेदन देकर मामले की जानकारी दी थी। उन्होंने घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज और फोटो क्लिप भी पुलिस को सौंपे थे। बावजूद इसके 72 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस किसी ठोस निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक, नवादा को पत्र लिखकर न्याय दिलाने और चोरी की राशि की बरामदगी की मांग की है।

### छात्रों के बीच स्कूल ड्रेस सहित उपयोगी सामग्री का वितरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**कौआकोल (नवादा)।** प्रखंड अंतर्गत बापू इंटर विद्यालय में संचालित नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास के छात्रों के बीच गुरुवार को स्कूल ड्रेस, जूते, मोजे, तौलिया सहित कई उपयोगी सामग्रियों का वितरण किया गया। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सह छात्रावास संचालक अजय कुमार ने बताया कि छात्रावास में निवास कर पढ़ाई करने वाले सभी विद्यार्थियों को नियमित जीवनचर्या से जुड़ी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकें। इस अवसर पर छात्रावास वार्डन सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। उन्होंने वितरण प्रक्रिया में भाग लिया और छात्रों को अनुशासन और स्वच्छता बनाए रखने की प्रेरणा दी।

## रोटेरियन परमेश्वर बने अध्यक्ष, मधुकंचन सचिव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रोटरी क्लब तथागत द्वारा 5वां इंस्टॉलेशन समारोह भव्य रूप से होटल ममता इंटरनेशनल, रामचंद्रपुर, बिहारशरीफ में संपन्न हुआ। रोटरी वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्यों में योगदान देने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। रोटरी वर्ष 2025-26 के लिए नव-निर्वाचित रोटेरियन परमेश्वर कुमार महतो को अध्यक्ष एवं रोटेरियन मधुकंचन को सचिव पद की औपचारिक कॉलर पहनाकर शपथ ग्रहण कराई गई। निवर्तमान अध्यक्ष रो. जोसफ टी टी ने रो. परमेश्वर महतो को अध्यक्ष के लिए और निवर्तमान सचिव रो. डॉ. विभाष प्रियदर्शी ने रो. मधु कंचन के साथ कलार एक्सचेंज किया। इसके पहले के कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथियों के द्वारा रोटरी तथागत द्वारा संचालित रोटरी तथागत सहेली केंद्र में आयोजित मेंहदी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं को उनके प्रशिक्षण की उपरांत प्रमाणपत्र वितरित किए गए। उसके पश्चात मुरौरा स्थित रोटरी स्मृति उद्यान का भ्रमण किया गया तथा फलदार पौधे का रोपण किया गया।

## चोरी की वेपर से भरी दो पिकअप वैन बरामद, तीन हिरासत में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना पुलिस ने रहुई थाना के सहयोग से बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी की गई वेपर से लदी दो पिकअप वैन को रहुई बाजार स्थित मंदिलपुर मोड़ के पास से बरामद किया है। पुलिस ने मौके से दो ड्राइवरों और एक दुकानदार को हिरासत में लिया है। जब्त पिकअप वैन और आरोपितों को दीपनगर थाना ले जाया गया है। घटना के संबंध में वेपर उत्पादक कंपनी के रीजनल सेल्स मैनेजर धर्मेंद्र कुमार और सेल्स ऑफिसर चंदन कुमार ने बताया कि उन्हें रहुई के एक डिस्ट्रीब्यूटर से सूचना मिली कि उनकी कंपनी का माल बाजार में अवैध रूप से बेचा जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रहुई बिजली ऑफिस के सामने एक किराना दुकान में छापेमारी की, जहां दुकान के गोडाउन से चोरी का माल बरामद किया गया। पुलिस ने दुकानदार संजय यादव को मौके से गिरफ्तार कर लिया। धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बुधवार शाम हाजीपुर स्थित फैक्टरी से हिसुआ (नवादा) के लिए एक मिनी ट्रक में माल रवाना किया गया था। लेकिन रात लगभग 1:30 बजे दीपनगर थाना क्षेत्र में ट्रक को लूट लिया गया, और ट्रक को हिसुआ के बजाय बरबीघा की ओर ले जाया गया, जहां से माल को चार पिकअप वैन और एक टोटो में लादकर रहुई में बेचने की कोशिश की जा रही थी।

फिलहाल दो पिकअप वैन को बरामद कर लिया गया है, जबकि एक अन्य पिकअप वैन और टोटो की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। इस संबंध में ट्रक मालिक की ओर से दीपनगर थाना में लूट का आवेदन दर्ज कराया गया है।

## पंचायत उपचुनाव में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने ली शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा।** कौआकोल प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को पंचायत उपचुनाव में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) डॉ. अखिलेश कुमार ने की। इस अवसर पर बीडीओ डॉ. कुमार ने वार्ड सदस्य एवं पंच पद पर निर्वाचित प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई। वहीं दरावां पंचायत समिति सदस्य पद पर निर्वाचित हुईं रूपा सिंह को जिला योजना पदाधिकारी विनय कुमार, जो कि जिला से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के रूप में उपस्थित थे, ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। गौरतलब है कि कौआकोल प्रखंड क्षेत्र के छबैल पंचायत के वार्ड संख्या-02 से गोल्डन कुमार, कौआकोल पंचायत के वार्ड संख्या-03 से शमीदा खातून तथा नावाडीह ग्राम कचहरी के वार्ड संख्या-08 से विवेक कुमार उपचुनाव में निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। जबकि दरावां पंचायत समिति सदस्य पद पर रूपा सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को बड़े अंतर से हराकर विजय हासिल की। चुनाव परिणामों की अधिसूचना के पश्चात राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को गुरुवार को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बीपीआरओ शमा बानो, प्रधान सहायक संजय कुमार शम्मा, नाजिर गोपाल कुमार सहित अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह शांतिपूर्ण और गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ।

## पेंशनर भवन में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नारदीगंज स्थित पेंशनर भवन में गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), नारदीगंज के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए करीब 20 पेंशनर नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। शिविर में सीएचसी के चिकित्सक डॉ. प्रवीण कुमार ने पेंशनधारकों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें संतुलित आहार, नियमित दवा सेवन एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा बरसात के मौसम में गरिष्ठ एवं मसालेदार भोजन से परहेज करें तथा सुपाच्य भोजन को प्राथमिकता दें, जिससे बीमारियों से बचाव हो सके। इस मौके पर लैब टेक्नीशियन आशुतोष कुमार और एएनएम स्नेहलता कुमारी ने उपस्थित लोगों का रक्तचाप, ब्लड शुगर समेत अन्य जांच की। सभी पेंशनरों को उनके स्वास्थ्य की स्थिति के अनुसार आवश्यक दवाएं दी गईं। शिविर में पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद, सचिव श्रीकांत सिंह, रामाधीन सिंह, रामशरण सिंह सहित कई वरिष्ठ नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच कराई।

## मानव व बाल व्यापार रोकथाम को लेकर जागरुकता अभियान आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**नवादा।** मानव और बाल तस्करी जैसे संगीन अपराधों की रोकथाम को लेकर तटवासी समाज न्यास और जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन एलायंस के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को नवादा रेलवे स्टेशन पर एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी, स्टेशन प्रबंधन, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में यात्री शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य यात्रियों को यह जानकारी देना था कि ट्रेन व रेलवे स्टेशन जैसे सार्वजनिक स्थान मानव तस्करी के लिए आसान टारगेट होते हैं, लेकिन थोड़ी सतर्कता और सजगता से ऐसे अपराधों को रोका जा सकता है।

रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक महेंद्र कुमार ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति दो या उससे अधिक बच्चों को साथ ले जाते हुए संदिग्ध प्रतीत हो, तो यात्रियों को तुरंत चाइल्डलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112, रेलवे सुरक्षा बल, स्टेशन मास्टर या स्थानीय थाना को सूचना देनी चाहिए। उन्होंने कहा आपकी सतर्कता किसी मासूम की जिंदगी बचा सकती है। स्टेशन मास्टर नीरज कुमार ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन हजारों यात्री आते-जाते हैं, ऐसे में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना सबकी जिम्मेदारी है। किसी भी संदेह की स्थिति में अनदेखी नहीं करनी चाहिए। तटवासी समाज न्यास के कार्यकर्ताओं ने बताया कि तस्कर बच्चों को बहला-फुसलाकर, नौकरी या बेहतर जीवन का झांसा देकर दूसरे राज्यों में ले जाते हैं, जहां उन्हें बाल श्रमिक, भिखारी, या अंग तस्करी जैसे अमानवीय कार्यों में धकेल दिया जाता है। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर, पंफलेट और स्लोगन के माध्यम से भी जागरूकता फैलाई गई। लोगों को बताया गया कि मानव व्यापार और बाल तस्करी के खिलाफ कड़े कानूनी प्रावधान मौजूद हैं, और ऐसे अपराधों में लिप्त व्यक्तियों को कठोर दंड दिया जाता है।

अभियान में कल्याणी कुमारी, दिलशाद आलम, अभय कुमार, राहुल कुमार, रामबालक कुमार सहित तटवासी समाज न्यास के कार्यकर्ता, आरपीफके अधिकारी, और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आम नागरिकों से यह अपील की गई कि यदि किसी भी स्थान पर बच्चों को संदिग्ध परिस्थिति में ले जाया जाता देखे, तो तत्काल सूचना दें। आपकी सतर्कता किसी बच्चे को एक सुरक्षित भविष्य दे सकती है। मानव तस्करी मुक्त भारत के संकल्प के साथ यह जागरूकता अभियान संपन्न हुआ।

## टोल प्लाजा के करीब 2880 लीटर स्पिरिट जब्त

नबिटा ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** मद्य निषेध की टीम ने वेना थाना की पुलिस के सहयोग से पैठना टोल प्लाजा के पास से गुप्त सूचना पर 2880 लीटर स्पिरिट को बरामद किया है। सदर डीएसपी 2 संजय कुमार जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मद्य निषेध की इकाई टीम को सूत्रों से सूचना मिली कि एक गाड़ी से भारी मात्रा में स्पिरिट का खेप का अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा है। इसकी सूचना मिलते ही वेना थाना की पुलिस के सहयोग से टोल प्लाजा पैठना पर वाहन का जांच किया गया जहां एक पिकअप पर 240 कार्टन पानी के बोतल रखा था। जहां जांच की गई तो केवल 35 कार्टन पानी बोतल पाया गया। जबकि शेष बचे कार्टन में एक एक लीटर का स्पिरिट पाया गया। जिसका कुल मात्रा 2880 लीटर पाया गया।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-टीआर-टीडब्ल्यूएस-एएसटीई-टीईएलई-25, दिनांक: 21.07.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई-टीआर-टीडब्ल्यूएस-एएसटीई-टीईएलई-25** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल में पीडब्ल्यूपी 31068-टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी)-105 सेट (60 केजी 1 इन 8.5) के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 3,53,18,208.56, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 3,26,600/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 21.07.2025 को 18.04 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 31.07.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 14.08.2025 को 11.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-205/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-टीआर-टीडब्ल्यूएस-एएसटीई-केडब्ल्यूएई-25, दिनांक: 22.07.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई-टीआर-टीडब्ल्यूएस-एएसटीई-केडब्ल्यूएई-25** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** अनुसूची ए-हावड़ा मंडल में पीडब्ल्यूपी 31061-टीटीआर (एफएस+टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी)-30 सेट (60 केजी 1 इन 12) के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। अनुसूची बी-हावड़ा मंडल में टीएसआर पी 9.015 टीकेएम खाना (केएएन)-सांइथिया (एसएनटी) अप के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। अनुसूची सी-हावड़ा मंडल में टीएसआर पी 32.572 टीकेएम बाली (बीएलवाई)-शक्तिगढ़ (एसकेजी) अप कॉर्ड, रिव लाइन के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। अनुसूची डी-हावड़ा मंडल में हावड़ा मंडल टीआरआर (पी) रामपुरहाट (आरपीएच)-दुमका और खाना (केएएन)-सांइथिया (एसएनटी) शाखा 1.810 किमी के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। अनुसूची ई- हावड़ा मंडल में हावड़ा मंडल टीआरआर (पी) रामपुरहाट (आरपीएच)-दुमका एसएल 153.00-154.800-1.800 किमी के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। अनुसूची एफ-हावड़ा मंडल में हावड़ा मंडल सीटीआर (पी) आंदुल (एडीएल)-डानकुनी (डीकेएई) अप 0.540 किमी और टीआरआर (पी) रामपुरहाट (आरपीएच)-दुमका एसएल 0.700 किमी, कुल सीटीआर (पी) 0.540 और टीआरआर (पी) 0.700 किमी के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। अनुसूची जी- हावड़ा मंडल में हावड़ा मंडल सीटीआर (पी) बाली (बीएलवाई)-बैण्डेल (बीडीसी) अप 2 = 1.00 किमी के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। अनुसूची एच- हावड़ा मंडल में टीआरआर (पी)-1.936 किमी, शक्तिगढ़ (एसकेजी)-बर्द्धमान (बीडब्ल्यूएन) डाउन एचबीसी 100.954-102.890, कुल = 1.936 किमी के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,64,86,053.79, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 2,32,400/- **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 22.07.2025 को 18.05 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 31.07.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 14.08.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-206/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# डीएम ने एससी-एसटी अत्याचार निवारण के तहत मुआवजा दिया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार से पीड़ित व्यक्तियों के लिए सुविधा प्रदान करने के लिए बिहार सरकार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मुआवजा प्रदान करना है। जिले के डीएम शशांक शुभंकर द्वारा गुरुवार को कुल को 09 पीड़ित लाभुकों को 725150 रुपये (7 लाख 25 हजार 1 सौ पचास रुपये) की राशि मुआवजा भुगतान कराने का आदेश दिया है जो सीधे पीड़ित परिवार के बैंक खाते में जाएगी। उन्होंने बताया कि गया जिला के विभिन्न थानों से प्राप्त प्राथमिकी एवं आरोप पत्र पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 एवं समय-समय पर पीड़ित/पीड़िता को राहत अनुदान के कुल 09 मामले में आरोप पत्र के आधार पर मुआवजा भुगतान हेतु जिला पदाधिकारी, गया के द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी जिसमें प्रथम किस्त की राशि 25150 रुपया द्वितीय किस्त की राशि कुल राशि-700000 रुपये/- के भुगतान का आदेश दिया गया। डीएम ने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यो को अत्याचार से सुरक्षा प्रदान करने के लिए राज्य सरकार के द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम है। इस अधिनियम के तहत अत्याचार के मामलो में राहत अनुदान की राशि का भुगतान पीड़ित / पीड़िता को उनके आधार से सम्बद्ध बैंक खातो पर डीबीटी के माध्यम से किया जा रहा है। इस अधिनियम के तहत गाली गलौज एवं अपमानित करने के मामले में धारा 3 (1) में कुल राशि 100000/- रू0 जिसमें प्राथमिकी पर 25% (25000/-) न्यायालय में आरोप पत्र भेजे जाने पर 50% (50000/-) तथा दोष सिद्ध होने के उपरांत शेष 25% (25000/-) राशि का भुगतान किया जाता है। मारपीट / गम्भीर चोट के मामलों में इस अधिनियम की धारा 3 (2) के तहत कुल राशि 200000/- जिसमें प्राथमिकी पर 25% (50000/-) माननीय न्यायालय में आरोप पत्र भेजे जाने पर 50% (100000/) तथा दोष सिद्ध होने के उपरांत शेष 25% (50000/-) राशि का भुगतान किया जाता है। बलात्संग एवं सामूहिक बलात्संग के मामले में क्रमशः 500000/- एवं 825000/- जिसमें चिकित्सा जांच और पुष्टि के पश्चात 50% तथा न्यायालय में आरोप पत्र भेजे जाने पर 25% तथा दोष सिद्धि के उपरांत शेष 25% का भुगतान पीड़िता को उनके खाते पर डीबीटी के माध्यम से किया जाता है।

## गृहरक्षकों की शारीरिक दक्षता परीक्षा 27 को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** विज्ञापन संख्या 01/2025 के आलोक में गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु 21 जून 2025 को बीएसएपी तीन बोधगया के परेड ग्राऊण्ड-2 में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा भारी वर्षा के कारण जल-जमाव एवं किचड़ हो जाने के कारण स्थगित की गयी थी। 21 जून को होने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा की अगली तिथि 27 जुलाई को निर्धारित की जाती है। वैसे अभ्यर्थी जिनका 21 जून को शारीरिक दक्षता परीक्षा होना निर्धारित था, वे 27 जुलाई को प्रवेश पत्र में अंकित समय के अनुसार आयोजन स्थल पर उपस्थित होकर शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात कोई अन्य अवसर नहीं दिया जाएगा।

# आवेदनों की समीक्षा के उपरांत पांच आवेदकों का गई स्वीकृति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिला अनुकंपा समिति की बैठक जिले के डीएम शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में 17 जुलाई को आयोजित की गई थी। इस संबंध में गुरुवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी जनार्दन अग्रवाल ने बताया कि वैसे जन वितरण प्रणाली दुकानदार जिनका मृत्यु 58 वर्ष के अंदर हो चुकी थी उनके निकटतम आश्रितों को जो सभी अर्हता पूरा कर रहे थे। उन सभी आवेदनों की समीक्षा के उपरांत पांच आवेदकों की स्वीकृति दी गई है। साथ ही सभी संबंधित एसडीओ को डीएम ने निर्देश दिया है कि प्रमाण पत्र प्राप्त कराते हुए तेजी से जन वितरण प्रणाली की अनुज्ञप्ति निर्गत करना सुनिश्चित करेंगे। इमामगंज प्रखंड अंतर्गत भंगिया पंचायत के करमा ग्राम के रहने वाले अभय कुमार पासवान की मृत्यु 44 वर्ष में हुई थी अब उनके पुत्र पिंटू कुमार को जन वितरण प्रणाली की अनुज्ञप्ति जारी की जा रही है। इमामगंज प्रखंड के झिकटिया पंचायत के मैगरा ग्राम में रहने वाले हातिफ खां की मृत्यु 57 वर्ष में हुई थी, अब उनके पुत्र मोहम्मद सद्दाम खान को जन वितरण प्रणाली की अनुज्ञप्ति जारी की जा रही है। अतरी प्रखंड के टेंटुआ पंचायत के केवटी गांव में रहने वाले नाथुन प्रसाद की मृत्यु 55 वर्ष में हुई थी, अब उनके पुत्र सदन कुमार को जन वितरण प्रणाली की अनुज्ञप्ति जारी की जा रही है। बोधगया प्रखंड के झिकटिया पंचायत/ ग्राम में रहने वाले बालेस्वर प्रसाद की मृत्यु 56 वर्ष में हुई थी, अब उनके पुत्र सतीश कुमार को जन वितरण प्रणाली की अनुज्ञप्ति जारी की जा रही है। नगर प्रखंड के बारा पंचायत/ ग्राम के रहने वाले गुलाम हुसैन की मृत्यु 54 वर्ष में हुई थी, अब उनके पुत्र खालिद हुसैन को जन वितरण प्रणाली की अनुज्ञप्ति जारी की जा रही है। डीएम ने सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं को कहा कि पूरी पारदर्शिता एवं पूरी मात्रा के साथ लाभार्थियों को अनाज वितरण करें। राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर दिए जाने वाली सुविधाओं को भी सभी लाभुकों के बीच दिए जाने वाली सुविधाएं संबंधित अवगत भी करवाये।

# गृहभेदन मामले में देसी कट्टा के साथ तीन शातिर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** वजीरगंज थाना क्षेत्र में आये दिन हो रही लगातार चोरी की घटनाओं में शामिल शातिर गिरोह के तीन सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि चोरी की वारदातों को रोकने के लिये वरीय पुलिस अधीक्षक के आदेश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया तथा सूचनाओं के आधार पर लगातार छापेमारी की जा रही थी, इसी दरम्यान बुधवार को जमुआवां रेलवे स्टेशन मोड़ पर वाहन चेकिंग के दरम्यान दो बाइक पर सवार चार लोग वापस मुड़कर भागने लगे, पीछा करने पर दोनों बाइक सवार गिर गये और भागने लगे, लेकिन एक को पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़ाये व्यक्ति की पहचान नवादा जिला अंतर्गत सिरदला थाना के रेंगनियां टांड सोनारी निवासी छोटेलाल मांझी का पुत्र नीरज कुमार के रूप में की गई। उससे कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपने साथियों के साथ चोरी के वारदातों में संलिप्तता स्वीकार की है। उसके निशानदेही पर उसके अन्य दो साथी क्रमशः रेंगनिया टांड निवासी अंकित कुमार एवं हिसुआ थाना अंतर्गत तुंगीचक निवासी चंदन चौधरी को गिरफ्तार किया गया है जिसमें अंकित कुमार को नाबालिग रहने के कारण उसे विधि निरूद्ध किया गया है। उनलोगों के पास से पुलिस ने एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस सहित दो मोबाइल व तीन बाइक बरामद की है जबकि गिरोह का सरगना सहित उसके अन्य साथी अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर है जिसकी गिरफ्तारी के लिये लगातार छापेमारी की जा रही है। उसके गिरफ्तारी के बाद चोरी के मामलों का उद्भेदन कर लिया जायगा।

## अभियोजन कार्यालय में समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के द्वारा गुरुवार को गया कोर्ट परिसर स्थित अभियोजन कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यायालय से प्राप्त आदेशों एवं प्रतिवेदनों का समय पर अनुपालन सुनिश्चित किया जाए जिससे प्रकरणों का शीघ्र निष्पादन संभव हो सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि प्राथमिकता प्राप्त मामलों में गवाही की प्रक्रिया तेजी से पूर्ण की जाए। ताकि दोषियों को समय पर सजा दिलाई जा सके और अभियोजन की भूमिका और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बन सके।

# मगध विश्वविद्यालय में कुलसचिव प्रो. बिपिन कुमार को भावभीनी विदाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय स्थित राधाकृष्णन सभागार गुरुवार को एक भावुक क्षण का साक्षी बना जब विश्वविद्यालय परिवार ने निवर्तमान कुलसचिव प्रो. बिपिन कुमार को गरिमामय समारोह में विदाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. एस.पी. शाही ने की। उन्होंने प्रो. बिपिन कुमार के कार्यकाल को अविस्मरणीय बताते हुए कहा कि वे न केवल प्रशासनिक दक्षता के प्रतीक रहे, बल्कि उन्होंने विश्वविद्यालय में सामंजस्य, संवाद और सकारात्मकता को बढ़ावा देने वाले सेतु की भूमिका भी निभाई। उनके कार्यकाल में कई दूरगामी निर्णय लिए गए जिससे विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली में प्रभावी सुधार आया। प्रति कुलपति प्रो. बी.के. सिन्हा ने भी प्रो. कुमार के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता दी और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी संवेदनशीलता व प्रतिबद्धता के साथ किया। छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रो. ब्रजेश कुमार राय ने उन्हें एक प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि प्रो. बिपिन कुमार ने सभी के साथ आत्मीय संबंध बनाए और उनकी प्रशासनिक दक्षता विश्वविद्यालय समुदाय के लिए हमेशा प्रेरणास्पद रहेगी। मूल रूप से पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक प्रो. बिपिन कुमार पूर्व में वित्त पदाधिकारी सहित कई अहम प्रशासनिक पदों पर कार्य कर चुके हैं। अपने विदाई संबोधन में उन्होंने कहा कि मगध विश्वविद्यालय में बिताया गया यह कार्यकाल मेरे जीवन का अत्यंत स्मरणीय और शिक्षाप्रद अनुभव रहा। यदि मुझे साथियों का निरंतर सहयोग और स्नेह नहीं मिला होता तो यह सफलता अधूरी रह जाती। राजभवन, बिहार के निर्देशानुसार अब प्रो. विनोद कुमार मंगलम को मगध विश्वविद्यालय का नया कुलसचिव नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. मुकेश कुमार, सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. आर.एस. जमुआर, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. निभा सिंह, प्रो. अंजनी कुमार घोष सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, शिक्षकेतर कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं विश्वविद्यालय परिवार के अनेक सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# लोजपा (रा) द्वारा आयोजित नवसंकल्प महासभा होगी ऐतिहासिक : राजेश वर्मा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** खगड़िया सांसद राजेश वर्मा ने गुरुवार एक निजी विवाह भवन में पहुंच बताया कि गयाजी में आगामी 26 जुलाई को लोक जनशक्ति पार्टी (रा) द्वारा आयोजित नवसंकल्प महासभा ऐतिहासिक होगी। लाखों लोगों की भीड़ को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान संबोधित करेंगे। कार्यक्रम की सफलता को लेकर श्री वर्मा तैयारी का जायजा लेने टिकारी पहुंचे थे। टिकारी स्थित निजी विवाह भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्री वर्मा का भव्य स्वागत किया। श्री वर्मा ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरा बिहार चिराग पासवान को उम्मीद भरी नजरों से देख रहा है। श्री वर्मा ने कहा कि लोजपा एनडीए का अंग है। हमारी नजर सभी 243 सीटों पर है। वहीं प्रदेश महासचिव व टिकारी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी कमलेश शर्मा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिला में संगठन काफी मजबूत है। विधानसभा से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता नवसंकल्प सभा में जुटेंगे। पार्टी का बिहार फर्स्ट-बिहारी फर्स्ट एक विजन है जिसे हम सब मिलकर साकार करेंगे। छात्र लोजपा नेत्री यामिनी मिश्रा, सत्य प्रकाश, विधानसभा प्रभारी संजय सिंह, धन्नजय पासवान, रामाश्रय उर्फ बोस जी, टिकारी प्रखण्ड अध्यक्ष अजय पासवान, नगर अध्यक्ष शिव पासवान, गिरजेश शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## चोरी की बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के नेहोरा मोड़ पर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ गुरुवार को अग्रिम कार्रवाई जारी है। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक अपाची बाइक को रोका और उसकी जांच की। जांच में पता चला कि बाइक चोरी की है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान अभिषेक कुमार ग्राम दरधा थाना गोह जिला औरंगाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और चोरी की बाइक के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रही है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# युवाओं को सक्षम बनाने के लिए नीतीश सरकार संकल्पबद्ध : कुमार गौरव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी।** जदयू के जिला प्रवक्ता कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 2025-2030 के बीच एक करोड़ युवाओं को नौकरी व रोजगार देने को लेकर जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए सदन में विधेयक पारित किया जाना बिहार के विकास में मिल का पत्थर साबित हो रहा है। आगे श्री सिन्हा ने कहा कि बिहार में नीतीश सरकार द्वारा अब तक 10 लाख सरकारी नौकरियां और 39 लाख रोजगार दी जा चुकी है। यह विश्वविद्यालय जननायक भारत रत्न स्व. कर्पूरी ठाकुर के सपनों को साकार करेगा। यह ज्ञान संसाधन केंद्र के रूप में काम करेगा। वैश्विक बाजार में कुशल कार्य बल की बढ़ती हुई मांग और कार्य क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन को देखते हुए कौशल विकास की जरूरत बढ़ गई है। इस विश्वविद्यालय में हॉस्पिटलिटी टूरिज्म, भवन निर्माण, अचल संपत्ति, खाद्य प्रसंस्करण, व्यवसाय और वाणिज्य, कपड़ा और परिधान प्रौद्योगिकी, बुनियादी और व्यवहारिक विज्ञान, सूचना प्रौद्योगिकी और सक्षम सेवाएं, आर्टिफिसिएल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, विमानन, कार्यक्रम प्रबंधन, ब्लाकचेन प्रौद्योगिकी, बागवानी, पशु विज्ञान, फार्मेसी, नर्सिंग, शिक्षा, जैव प्रौद्योगिकी, राष्ट्रीय और विदेशी भाषाएं, बिजली, सुरक्षा और निगरानी, स्वास्थ्य देखरेख, रत्न आभूषण, औद्योगिक सुरक्षा जैसे विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे मिलने वाली डिग्री के आधार पर विषय जो उद्योग और समाज की बढ़ती जरुरतों को पूरा करने के लिए आवश्यक है। राज्य में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पॉलिटेक्निक कॉलेज और कौशल प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना बड़ी संख्या में की गयी है। इस विश्वविद्यालय की परिकल्पना जमीन पर उतरने से बिहार में मुख्यमंत्री द्वारा किए गए 1 करोड़ रोजगार और नौकरी के वादे को आसानी से पूरा किया जा सकेगा।

# गुरुआ में नहीं थम रही बालू की चोरी, दो ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गुरुआ प्रखंड में अवैध बालू खनन और ढुलाई का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कमलधारा गांव से बुधवार को कार्रवाई करते हुए बालू लदे दो ट्रैक्टर जब्त किए। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने जानकारी दी है कि बालू माफियाओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या यह कार्रवाई सिर्फ दिखावे की है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुआ थाना क्षेत्र में बालू चोरी का खेल थानाध्यक्ष की मिलीभगत से ही चल रहा है। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों थाना के ही ड्राइवर की मौजूदगी में अवैध बालू ढुलाई होते देखा गया था। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि प्रत्येक ट्रैक्टर से एक तयशुदा राशि वसूली जाती है जो बिचौलियों के माध्यम से थाना तक पहुंचती है। आरोप है कि जो ट्रैक्टर मालिक इस अवैध वसूली में पैसा नहीं देता, केवल उन्हीं की गाड़ियों को जब्त किया जाता है। शेष ट्रैक्टर बिना रोक-टोक के अवैध बालू लेकर निकल जाते हैं।

**जनता में बढ़ रहा आक्रोश, निष्पक्ष जांच की मांग**

स्थानीय ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों में इस पूरे प्रकरण को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अगर थाने से ही संरक्षण मिलेगा तो प्रशासन की कार्रवाई केवल दिखावा बनकर रह जाएगी। अब देखना यह है कि वरीय अधिकारी इस मामले में क्या कदम उठाते हैं? क्या बालू माफिया और पुलिस गठजोड़ की परतें खुलेंगी या फिर यह मामला भी दबा दिया जाएगा?

## क्षेत्र में बिजली की समस्या से लोगों का जीना मुश्किल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** क्षेत्र में बिजली की समस्या एक बड़ी चुनौती बन गई है। लोगों को घंटों बिजली कटौती का सामना करना पड़ता है जिससे उनके दैनिक जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। बिजली की समस्या के कई कारण हैं-जैसे कि बिजली की मांग में वृद्धि, बिजली के बुनियादी ढांचे की कमी और बिजली विभाग की लापरवाही। बिजली की समस्या के कारण लोगों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के खेत में पानी की कमी, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में बाधा और आर्थिक नुकसान। बिजली की समस्या के समाधान के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं। बिजली के बुनियादी ढांचे में सुधार, बिजली की मांग को नियंत्रित करना और बिजली विभाग की जवाबदेही बढ़ाना।

# नव संकल्प महासभा को ऐतिहासिक बनाने को लेकर लोजपा कार्यकर्ताओं की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरुआ।** गुरुआ के शिव पूजन मैरिज हॉल में गुरुवार को गया के गांधी मैदान में होने वाले नव संकल्प महासभा में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के 26 जुलाई को आगमन को लेकर गुरुआ प्रखंड लोजपा इकाई की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता लोजपा गुरुआ प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार दांगी ने की जिसमें प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी एवं अखिलेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष सुनील दांगी ने कहा कि गया के नव संकल्प महासभा को ऐतिहासिक और सफल बनाने हेतु गुरुआ से लगभग 5000 कार्यकर्ता 26 जुलाई को गया के गांधी मैदान के लिए पहुंचेंगे। प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह महासभा पार्टी के लिए एक नई दिशा तय करेगी और कार्यकर्ताओं की भागीदारी इसे ऐतिहासिक बनाएगी। बैठक में राजकुमार पासवान के प्रवक्ता गुरुआ, रवीन्द्र चौधरी (लोजपा प्रखण्ड उपाध्यक्ष), राहुल कुमार चैतन्य (जिला महासचिव) अजय पासवान, सोनू कुमार अरविन्द पासवान, प्रमोद पासवान, राहुल पासवान, कुन्दन कुमार सिंह लोजपा नेता नगीना पासवान फुलवरिया, शंकर पासवान, योगेन्द्र पासवान समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**(गुमशुदा लड़की खुशबु कुमारी उम्र–30 वर्ष)**



रमना थाना सनहा संख्या–13/25 दिनांक–14.07.2025 में गुमशुदा लड़की खुशबु कुमारी, उम्र–30 वर्ष, पिता–स्व0 सुरेन्द्र प्रसाद, ग्राम+थाना–रमना, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली हैं। उक्त गुमशुदा लड़की की मॉ एवं आवेदक चानो देवी के द्वारा आवेदन में उल्लेख किया गया है इनकी लड़की खुशबु कुमारी दिनांक–13.07.2025 की सुबह समय करीब 08:00 बजे बिना बताये घर से कहीं चली गई है, और अबतक घर वापस नहीं आई है। उक्त गुमशुदा लड़की का मानसिक स्थिति ठिक नहीं है। उक्त गुमशुदा लड़की का काफी खोजबीन किया गया परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि गुमशुदा लड़की खुशबु कुमारी किसी व्यक्ति को कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 358163 (Police)25-26*D


# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण में सही मतदाता का नाम कटने पर आन्दोलन तेज होगा : कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** बिहार राज्य में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षन अभियान में शुरुआती आकड़ों बहुत चौकाने वाला है जिसके अनुसार लगभग बिहार के 07करोड़ 70 लाख कुल मतदाताओं में 56 लाख का नाम काटने की बातें चुनाव आयोग द्वारा किया जा रहा है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, दामोदर गोस्वामी, प्रद्युम्न दुबे, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, मोहम्मद शमीम, मुन्ना मांझी आदि ने कहा कि 56 लाख नाम कटने वाले सूची में 20 लाख मतदाता की मृत्यु होने, 28 लाख मतदाता अपने पते पर नहीं मिले, 01 लाख का कोई ठिकाना नहीं, 07 लाख मतदाता दो जगह पंजीकृत, 15 लाख का फॉर्म वापस नहीं की बातें आई है जबकि यह काम 22 वर्षों बाद बिहार में चुनाव आयोग द्वारा किया जा रहा है तो क्या 20 वर्षों से नीतीश कुमार तथा 11 वर्षों से नरेंद्र मोदी को यह वोट मिल रहा है।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय,गढ़वा**

**INDIAN AIR FORCE : AGNIVEERVAYU**

**सूचना**

भारतीय वायु सेना ने अग्निपथ योजना के तहत देश के अविवाहित युवक एवं युवतियों के लिए भारतीय वायु सेना से जुड़े पदों हेतु अधिसूचना (Notification) जारी किया है। जिसके तहत युवक/युवती उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर वायु एवं एयर मैन सेवा परीक्षा हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। इन पदों हेतु आवेदन करने की तिथि दिनांक–11.07.2025 से दिनांक–31.07.2025 तक निर्धारित की गई है। जिसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट एवं समकक्ष परीक्षा उतीर्ण होने के साथ कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। वायु सेना में भर्ती होने की इच्छा रखने वाले योग्य युवक/युवती जिनका जन्म 02 जुलाई 2005 से 02 जनवरी 2009 के बीच हुआ है वे अग्निवीर वायु पद हेतु सेना के अधिकृत वेबसाइट https://agnipathvayu.cdac.in पर तथा एयर मैन पद हेतु https://airmenselection.cdac.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी
गढ़वा

PR 358157 (Labour Employment and Traning)25-26*D



**Office Of the**
**Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa**
**Urban Development & Housing Developement**
**Govt. of Jharkhand**

**Quotation/Expression of Interest Notice Inviting Tender**

**कोटेशन आमंत्रण सूचना/ईच्छा की अभिव्यक्ति**

**संख्या 05/2025–26,**

**Urban Health and Wellness Center (UAAM) के संचालन हेतु निम्नलिखित Medicine की आवश्यकता है:–**

| S.N. | Medicine List | संख्या |
|---|---|---|
| 01 | Paracetamole- 500mg tab. | 01 Piece |
| 02 | Azithromycine-500mg tab. | 01 Piece |
| 03 | Amoxycilline-500mg Cap. | 01 Piece |
| 04 | Amoxycilline-250mg Cap. | 01 Piece |
| 05 | Ciprofloxacine-500mg Tab. | 01 Piece |
| 06 | Ciprofloxacine-250mg Tab. | 01 Piece |
| 07 | Calcium+Vit D3-500mg | 01 Piece |
| 08 | Levocetrizine-5mg | 01 Piece |
| 09 | Metformine-500mg Tab. | 01 Piece |
| 10 | Fluconazole-150mg | 01 Piece |
| 11 | Ofloxacine+Ornidazole Tab. | 01 Piece |
| 12 | Ondemsetrom Tab | 01 Piece |
| 13 | Diclo+Para Tab | 01 Piece |
| 14 | Omeprazole+Domperidon | 01 Piece |
| 15 | Metronidazole Tab | 01 Piece |
| 16 | Glemipride 2mg Tab | 01 Piece |
| 17 | Enzyme Syrup | 01 Piece |
| 18 | Multivitamine Syp. | 01 Piece |
| 19 | Cough Syp. | 01 Piece |
| 20 | Paracetamole- Syp. | 01 Piece |
| 21 | Cetrizine Syp | 01 Piece |
| 22 | Cefixime Syp. | 01 Piece |
| 23 | Iron Syp | 01 Piece |
| 24 | Eye+Ear Drop | 01 Piece |
| 25 | ORS Powder | 01 Piece |
| 26 | Amoxy+Clavunate 625mg tab. | 01 Piece |
| 27 | Antaacid Tab. (Alum+mag) | 01 Piece |
| 28 | Acelo+Para Tab. | 01 Piece |
| 29 | Dicyclo+Para (Antispasmodic) Tab. | 01 Piece |
| 30 | Cifixime 100 DT | 01 Piece |
| 31 | Cifixime 200 mgTab. | 01 Piece |
| 32 | Cipro+Tinidazole Tab. | 01 Piece |
| 33 | Diclofenac Sodium 50mg Tab | 01 Piece |
| 34 | Doxycycline-100mg Cap. | 01 Piece |
| 35 | Levofloxacine-500mg tab | 01 Piece |
| 36 | Montelucast+Levo Tab | 01 Piece |
| 37 | Methylcloblamine-1500mcg | 01 Piece |
| 38 | Rabeprazole+Domperidone Cap | 01 Piece |
| 39 | B-Complex tab. | 01 Piece |
| 40 | Amoxyciline Dry Syp | 01 Piece |
| 41 | Antispasmodic Syp. 30ml | 01 Piece |
| 42 | Ofloxacine+Metronidazole Syp. | 01 Piece |
| 43 | Albedazole Syp. | 01 Piece |
| 44 | Diclofenac Ointment 30gm | 01 Piece |
| 45 | Silver Sulfadizine 30gm Oint | 01 Piece |
| 46 | Povidone Iodine 15gm Oint | 01 Piece |
| 47 | Ascorbic Acid (Vita-C) Chewable tab | 01 Piece |
| 48 | Gamabenzine Lotion 100ml | 01 Piece |
| 49 | Multivitamine tab | 01 Piece |
| 50 | clovita GM | 01 Piece |

इच्छुक निर्माता/आपूर्तिकर्ता/विक्रेता से इस Medicine के आपूर्ति हेतु दर आमंत्रित किया जाता है, वे दिनांक 05.08.2025 को 02:00 बजे अपराहन् तक सिल बन्द लिफाफा में अपना दर उदृत कर नगर परिषद कार्यालय के Tender Box में डालेंगे तथा प्राप्त दर उसी दिन 03:00 बजे अपराहन् दर दाताओं अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोला जाएगा एवं निविदा निस्तार समिति द्वारा निस्तार किया जाएगा। दाखिल कोटेशन के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिसके तकनीकी रूप से सफल दरदाताओं पर वित्तीय बिड में विचार किया जायेगा।

**नोटः– कोटेशन के सभी नियम व शर्तें सूचना पट् पर देखना अनिवार्य है।**

PR.NO.358066 Urban Development(25-26):D    ह0/– कार्यपालक पदाधिकारी,

संपादकीय

# धनखड़ का इस्तीफा कारण कुछ और?

देश के 14वें उपराष्ट्रपति एवं कानूनविद् जगदीप धनखड़ ने सोमवार की शाम अचानक पद से इस्तीफा देकर पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। राष्ट्रपति को भेजे अपने त्यागपत्र में धनखड़ ने प्रकट तौर पर पद छोड़ने का कारण अपने गिरते स्वास्थ्य को बताते हुए उसे तत्काल प्रभाव से लागू मानने की बात कही है। लेकिन ज्यादातर लोगों को इस्तीफे के इस कारण पर भरोसा नहीं हो रहा है। लोगों का मानना है कि त्यागपत्र के पीछे अंदरूनी कारण कुछ और है, जिसे धनखड़ भी उजागर कर किसी को मुश्किल में नहीं डालना चाहते। संभव है कि कुछ समय बाद वो इसे सार्वजनिक करें या फिर कोई किताब आदि लिखकर उस पर से पर्दा उठाएं। यह भी हो सकता है कि वो इसे रहस्य ही रहने दें। लोगों का यह भी मानना है कि अगर उन्होंने इस्तीफा देने का मन बना ही लिया था तो संसद के मानसून सत्र के पहले भी ऐसा कर सकते थे। यही नहीं शाम को त्यागपत्र देने के लिए पहले भी उन्होंने हमेशा की तरह राज्यसभा की कार्रवाई का संचालन किया, उससे भी कोई संकेत नहीं मिला कि वो कोई बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं। धनखड़ के त्यागपत्र की बात लोगों को इसलिए नहीं पच रही, क्योंकि उपराष्ट्रपति के रूप में उनका कार्यकाल अभी दो वर्ष बाकी था। दूसरे, वो राज्यसभा के उपसभापति के रूप में सदन का संचालन ठीक ही कर रहे थे। धनखड़ कई मामलों में मुखरता से साथ अपनी बात रखते थे। सुप्रीम कोर्ट के वकील रहने के कारण कानूनी मामलों में भी उनकी अच्छी पकड़ थी। बेशक उनके साथ स्वास्थ्य की समस्या थी, लेकिन इतनी भी गंभीर नहीं थी कि वो पद छोड़ कर घर बैठ जाएं। उनकी आयु भी 74 साल है, जोकि आज के बुजुर्ग राजनेताओं की सक्रियता से हिसाब से सामान्य ही है। राजनीतिक प्रेक्षक इस बात का अंदाजा लगाने में जुटे हैं कि धनखड़ ने आखिर किस बात से आहत होकर इस्तीफा देने जैसा कदम उठाया। यह बात सही है कि संवेदनशील मामलों में उन्होंने कई बार विवादित बयान दिए। इसी साल अप्रैल में सुप्रीम कोर्ट पर उनकी सख्त टिप्पणी भी चर्चा का विषय बनी थी। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के एक फ़ैसले को लेकर कहा था कि अदालतें राष्ट्रपति को आदेश नहीं दे सकतीं। हालांकि विपक्ष सभापति के रवैये से खुश नहीं था। लगातार यह आरोप लगा रहा था कि जगदीप धनखड़ पक्षपातपूर्ण तरीके से राज्यसभा का संचालन कर रहे थे। इसी वजह से इंडिया ब्लॉक की तरफ से शीतकालीन सत्र के दौरान धनखड़ के खिलाफ़ अविश्वास का नोटिस भी दिया गया था। संभव है कि धनखड़ इससे भी आहत हुए हों। अब सवाल यह है कि देश का नया उपराष्ट्रपति कौन होगा? संविधान में यह स्पष्ट नहीं है कि पद रिक्त होने की स्थिति में उपराष्ट्रपति के सम्पूर्ण कर्तव्यों का निर्वहन कौन करेगा। जब तक किसी नए नाम की घोषणा नहीं होती है तो यह कार्य उपसभापति या भारत के राष्ट्रपति द्वारा अधिकृत किसी अन्य राज्यसभा सदस्य द्वारा किया जाएगा। भाजपा नीत एनडीए के पास लोकसभा और राज्यसभा दोनों में बहुमत है, ऐसे में पार्टी किसी दमदार चेहरे को ही मौका देगी। कहा जा रहा है कि किसी निर्विवाद व्यक्ति को यह जिम्मेदारी दी जा सकती है। जिन नामों की चर्चा है, उनमें जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश का नाम भी शामिल है, जो 2020 से इस पद पर हैं और सरकार के विश्वासपात्र माने जाते हैं। वैसे धनखड़ द्वारा इस्तीफा देते ही विपक्ष की रणनीति भी बदल गई है। अब वह धनखड़ के प्रति सहानुभूति जताते हुए इसे सरकार के दबाव में लिया गया फैसला बता रही है और इसके टाइमिंग पर सवाल उठा रहे हैं।

# दलित राजनीति और यूपी में कांग्रेस का भविष्य

**उत्तर प्रदेश में अपने उखड़ गये पैर फिर से जमाने के लिये पिछले करीब बीस वर्षो से कांग्रेस एड़ी चोटी का जोर लगा रही है, लेकिन उसके दिन बहुरने का नाम नहीं ले रहे हैं। इन बीस वर्षो में कई दिग्गज आये और चले गये लेकिन पार्टी में जान नही फूंक पाये। अब फिर कांग्रेस के कुछ नेता यूपी की 'बासी कढ़ी में उबाल' लाने का सपना देख रहे हैं। कांग्रेस के नेता अब यूपी में अगले वर्ष होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर बड़े-बड़े दावे करने में लगे हैं। गौरतलब हो, 1952 से 1985 तक पार्टी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा और लोकसभा चुनावों में निर्विवाद प्रभुत्व बनाए रखा, जिसमें 1985 में उसने 425 में से 269 विधानसभा सीटें जीतकर अपनी बादशाहत साबित की थी। लेकिन बीते करीब साढ़े तीन दशक में कांग्रेस अर्श से फर्श पर आ चुकी है।**

संजय सक्सेना

भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के उभार ने कांग्रेस को हाशिए पर धकेल दिया है,लेकिन आज तक उसकी सियासत में कोई पैनापन नहीं दिखाई दे रहा है। हाल ही में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने सनसनीखेज ऐलान किया कि पार्टी 2026 के पंचायत चुनाव अकेले दम पर लड़ेगी। उन्होंने साफ किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी या बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन का फैसला केंद्रीय नेतृत्व पंचायत चुनाव के नतीजों के बाद लेगा। अजय राय का दावा है कि अगर कार्यकर्ता मज़बूत हुए तो गठबंधन की कोई ज़रूरत नहीं पड़ेगी। इस बयान को कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और यूपी प्रभारी अविनाश पांडे ने प्रयागराज में दोहराया, जहाँ उन्होंने जोर देकर कहा कि पार्टी सभी 403 विधानसभा सीटों पर दमदार तरीके से खड़ी है।

यूपी की सियासत में कांग्रेस के पतन की कहानी दो दशक पूर्व 2014 से शुरू हुई थी,जब लोकसभा चुनाव में मोदी लहर ने कांग्रेस को हाशिए पर धकेल दिया था। इसके बाद 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी सिर्फ़ दो सीटों पर सिमट गई, और विधान परिषद में उसका कोई प्रतिनिधित्व नहीं बचा। फिर, 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन ने कांग्रेस को नई उम्मीद दी। इस गठबंधन में कांग्रेस ने 17 सीटों पर उम्मीदवार उतारे और 6 सीटें जीतीं रायबरेली, अमेठी, सहारनपुर, सीतापुर, बाराबंकी, और प्रयागराज। समाजवादी पार्टी ने 37 सीटें जीतकर भारतीय जनता पार्टी को कड़ी टक्कर दी। लेकिन इन जीतों की ज़मीनी हकीकत उतनी सहज नहीं थी।क्योंकि प्रयागराज से कांग्रेस के टिकट पर जीते उज्ज्वल रमन सिंह समाजवादी पार्टी के नेता थे, जो कांग्रेस के टिकट पर लड़े। सहारनपुर से इमरान मसूद की जीत में भारतीय जनता पार्टी की रणनीतिक चूक का बड़ा हाथ था। रायबरेली और अमेठी को छोड़ दें तो कांग्रेस का संगठन यूपी में कमज़ोर है। 2022 में पार्टी का वोट शेयर सिर्फ़ 2.33 फीसदी था। फिर भी, अजय राय और अविनाश पांडे जैसे नेता दावा कर रहे हैं कि पार्टी को किसी सहारे की ज़रूरत नहीं है।

पंचायत चुनाव यूपी की सियासत में हमेशा बड़ी कसौटी रहे हैं। 2026 में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, जिसमें 57,691 ग्राम प्रधान, 826 ब्लॉक प्रमुख, और 75 जिला पंचायत अध्यक्ष चुने जाएँगे, 2027 के विधानसभा चुनाव का माहौल तय करेंगे। ये चुनाव पार्टियों की ज़मीनी ताकत, कार्यकर्ताओं की मेहनत, और जनता के बीच प्रभाव को परखते हैं। अजय राय का पंचायत चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान कांग्रेस की ताकत को आजमाने की रणनीति है। पार्टी का मानना है कि अगर कार्यकर्ता मज़बूत हुए तो वह 2027 में अकेले दम पर बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। अविनाश पांडे ने संगठन को बूथ स्तर तक मज़बूत करने की बात कही है। इसके लिए पार्टी ने पाँच स्तरीय संगठन की योजना बनाई है, जिसमें मंडल अध्यक्षों के रूप में युवा और ऊर्जावान नेताओं को मौका दिया जाएगा। जुलाई 2025 में जिला और शहर कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह शुरू हुए, और 15 अगस्त तक सभी बूथ कमेटियों का गठन पूरा करने का लक्ष्य है। लेकिन यह रणनीति कितनी कारगर होगी? 2021 के पंचायत चुनाव में कांग्रेस ने सिर्फ़ 76 जिला पंचायत वार्ड जीते थे, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने 720 और समाजवादी पार्टी ने 760 वार्ड हासिल किए थे।



कांग्रेस की इस रणनीति के पीछे 2024 के लोकसभा चुनाव में मिली सफलता का आत्मविश्वास है। लेकिन यह आत्मविश्वास कितना टिकाऊ है? समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में कांग्रेस की जीत का बड़ा हिस्सा समाजवादी पार्टी के सामाजिक आधार खासकर पिछड़ा, दलित, और अल्पसंख्यक समुदायों पर टिका था। समाजवादी पार्टी ने 2024 में अपने पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक फॉर्मूले से भारतीय जनता पार्टी को कड़ी टक्कर दी। लेकिन 2024 में नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों में गठबंधन में तनाव की खबरें सामने आईं। कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन किया, लेकिन वह गाजियाबाद और फूलपुर समेत पाँच सीटों पर लड़ना चाहती थी। समाजवादी पार्टी के साथ बातचीत अंतिम दौर में थी, लेकिन सहमति नहीं बनी। अजय राय और अविनाश पांडे ने दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व से चर्चा की, लेकिन फैसला समाजवादी पार्टी के पक्ष में गया। इन उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने सात सीटें जीतीं, जबकि समाजवादी पार्टी को दो सीटें मिलीं। इससे गठबंधन में खटास की बातें सामने आईं। समाजवादी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने संकेत दिया कि अगर कांग्रेस ज़्यादा सीटों की माँग करेगी तो समाजवादी पार्टी अकेल कांग्रेस की रणनीति में संगठन का पुनर्गठन और युवा नेतृत्व को बढ़ावा देना शामिल है। दिसंबर 2024 में पार्टी ने अपनी प्रदेश, जिला, शहर, और ब्लॉक कमेटियों को भंग कर दिया और 100 दिनों में नई कमेटियों के गठन का लक्ष्य रखा। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने इस प्रक्रिया की निगरानी की, जिसमें सलमान खुर्शीद, राज बब्बर, और पीएल पुनिया जैसे वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया। पार्टी ने छह जोन अवध, पूर्वी यूपी, पश्चिमी यूपी, प्रयागराज, ब्रज, और बुंदेलखंड में संगठन को मज़बूत करने की योजना बनाई है। मेरठ, अलीगढ़, झांसी, अयोध्या, और लखनऊ में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किए गए, जिनका खर्च कार्यकर्ताओं ने खुद उठाया। यह दिखाता है कि कांग्रेस में जोश है, लेकिन ज़मीनी हकीकत यह है कि रायबरेली और अमेठी के बाहर उसका प्रभाव सीमित है।


यूपी की सियासत में गठबंधन का इतिहास सबक से भरा है। 2019 में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने गठबंधन किया था। मोदी लहर के बावजूद दोनों ने 15 सीटें जीतीं बहुजन समाज पार्टी को 10 और समाजवादी पार्टी को 5। लेकिन इस जीत के बाद बहुजन समाज पार्टी ने गठबंधन तोड़ दिया। 2022 के विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी सिर्फ़ एक सीट जीत पाई, और 2024 में उसका खाता भी नहीं खुला। बहुजन समाज पार्टी की इस गलती का कारण उसका अतिआत्मविश्वास और संगठन की कमज़ोरी थी। यह कांग्रेस के लिए चेतावनी है। 2024 में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन ने कांग्रेस को 6 सीटें दिलाईं, लेकिन अतिआत्मविश्वास उसे भारी पड़ सकता है। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने हाल ही में कहा कि गठबंधन बरकरार है और दोनों दल 2027 में साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। लेकिन समाजवादी पार्टी के सूत्रों ने संकेत दिया कि अगर कांग्रेस ज़्यादा सीटों की माँग करेगी तो समाजवादी पार्टी अकेले लड़ने का विकल्प चुन सकती है।

कांग्रेस की रणनीति में दलित मतदाताओं को लुभाना भी शामिल है। 2024 में दलित वोटरों का एक हिस्सा भारतीय जनता पार्टी से हटकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की ओर गया। कांग्रेस ने दलित सम्मेलनों और चौपालों का आयोजन शुरू किया है, और राहुल गांधी की संविधान बचाने की मुहिम ने दलित समुदाय में विश्वास जगाया। लेकिन समाजवादी पार्टी भी अपने पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक फॉर्मूले के तहत इन समुदायों को साध रही है। समाजवादी पार्टी ने ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायतों का आयोजन शुरू किया है, जिसका मकसद जातिगत गणना और सामाजिक न्याय का मुद्दा उठाना है। दूसरी तरफ, भारतीय जनता पार्टी ने 2021 के पंचायत चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवारों को साधकर 67 जिला पंचायत अध्यक्ष सीटें जीती थीं और 2026 में भी यही रणनीति अपनाने की तैयारी में है।

कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती संगठन को मज़बूत करना है। अजय राय और अविनाश पांडे के बयान भले ही हौसला बढ़ाने वाले हों, लेकिन ज़मीनी स्तर पर मेहनत की जरूरत है। पंचायत चुनाव में अकेले लड़ने का फैसला एक जोखिम भरा दाँव है। अगर कांग्रेस अच्छा प्रदर्शन करती है तो यह 2027 के लिए उसका आत्मविश्वास बढ़ाएगा। लेकिन अगर नतीजे खराब रहे तो गठबंधन के बिना उसकी राह मुश्किल हो सकती है। समाजवादी पार्टी भी 2027 में सत्ता में वापसी की आस में है। 2027 का विधानसभा चुनाव यूपी की सियासत में टर्निंग पॉइंट हो सकता है। कांग्रेस के लिए यह मौका है कि वह बड़ी बड़ी बातें करने की बजाये अपनी खोई ज़मीन वापस हासिल करे।

अध्यात्म

## खुशी अगर बाटना चाहो तो तरीका भी मिल जाता है



एक आदमी ने दुकानदार से पूछा : केले और सेवफल क्या भाव लगाऐ है?

दुकानदार : केले 20 रु.दर्जन और सेव 100 रु. किलो

उसी समय एक गरीब सी औरत दुकान में आयी और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया

दुकानदार : केले 5 रु दर्जन और सेब 25 रु किलो।

औरत ने कहा : जल्दी से दे दीजिए

दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा।

औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे।

औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ

देखते हुए कहा : ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है।

तब मुझे यही तरीकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े देदूँ। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है।

मैं इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूँ।

थोड़ा रूक कर दुकानदार बोला : यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है और उस दिन परमात्मा मुझपर मेहरबान होजाता है।

ग्राहक की आंखों में आंसू आ गए, उसने आगे बढकर दुकानदार को गले लगा लिया और बिना किसी शिकायत के अपना सौदा खरीदकर खुशी खुशी चला गया। खुशी अगर बाटना चाहो तो तरीका भी मिल जाता है।

# सक्रिय राजनीति फिल्मी सितारों के बूते की बात नहीं

**वास्तव में फिल्मी दुनिया के सितारों की अपनी एक अलग ही दुनिया होती है। एक प्रकार से फिल्मी सितारे अपने बाजार भाव के अनुसार प्रतिफल लेकर अपनी भूमिका को मूर्त रुप दिया करते है। लेकिन जब कभी इन्हें व्यावहारिक रूप से जनप्रतिनिधि की भूमिका का निर्वहन करना पड़े तो इस मामले में सफल नहीं हो पाते। वैसे देश -प्रदेश की राजनीति में फिल्मी दुनिया से संबद्ध सितारों ने राजनीतिक पराक्रम भी दिखलाया है। लेकिन ऐसी शख्सियत अपवादस्वरूप ही दिखाई देती है। आजकल की माया नगरी वैसे भी बनावट की बुनावट का ही बोलबाला है इसके चलते इस वर्ग के लोग जमीनी स्तर पर निस्वार्थ भाव से जनहित के प्रति समर्पित रह सकेंगे, यह कल्पना करना बेकार है।**

राजेंद्र बज

राजनीतिक दलों द्वारा चुनावी मैदान में फिल्मी सितारों को उतार कर सीट पक्की करने का चलन है। इसके अतिरिक्त भारी भीड़ के एकत्रीकरण और साथी कार्यकर्ताओं में अभूतपूर्व उत्साह का संचार करने की दिशा में भी फिल्मी सितारों को चुनावी टिकट देकर उपकृत कर दिया जाता है। इसके अतिरिक्त अन्य कोई कारण नजर नहीं आता, जिसके चलते तमाम राजनीतिक दृष्टि से परिपक्व नेता अथवा कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज करते हुए फिल्मी दुनिया के सितारों को चुनावी मैदान में उतार दिया जाता हो। एक प्रकार से ऐसे प्रत्याशी क्षेत्र विशेष के मतदाताओं पर थोपे गए होते हैं। आकर्षण का केंद्र बने ये सितारे आमतौर पर चुनावी बाजी मार ले जाते हैं।

लेकिन जिस किसी निर्वाचन क्षेत्र से ये सितारे चुनावी सफलता प्राप्त करते हैं, आमतौर पर वहां के मतदाता कालांतर में अपने प्रतिनिधि की राजनीतिक भूमिका से संतुष्ट नहीं होते। यह तो तय है कि कोई जनप्रतिनिधि है, तो क्षेत्रीय जन समस्या के निराकरण एवं विकास विषयक तमाम जनअपेक्षाएं भी रहा करती है। लेकिन फिल्मी सितारों की लोकप्रियता से प्रभावित होकर भावनाओं के अतिरेक में उनके पक्ष में किया गया मतदान अपेक्षित परिणाम नहीं देता। व्यवहार में देखा गया है कि अधिकांश चुनावी सफलता प्राप्त कर चुके सितारों का कुछ ही समय में सक्रिय राजनीति से मोहभंग भी हो जाता है। दरअसल जमाने भर की सुख सुविधा के आदी यह सितारे जमीन से नहीं जुड़ पाते।

इस वर्ग से राजनीतिक भूमिका के निर्वहन की अपेक्षा नहीं की जा सकती। कभी-कभी तो यह सितारे स्वयं को दलीय अनुशासन की परिधि से परे भी समझ लेते है। इसके चलते संबंधित क्षेत्र में तमाम राजनीतिक सहयोगी एवं कार्यकर्ता अपने आप को असहाय स्थिति में पाते हैं। गहराई से देखा जाए तो कालांतर में संबंधित क्षेत्र में संबंधित राजनीतिक दल के जनाधार पर विपरीत असर भी पड़े बिना नहीं रहता। एक तथ्य यह भी है कि सितारा जनप्रतिनिधि का आचरण और व्यवहार अपने ही दल के लिए तमाम तरह की मुसीबत भी खड़ी कर देता है। कुल मिलाकर सितारा जनप्रतिनिधि अपनी राजनीतिक अज्ञानता के चलते अपने ही दल के लिए समस्या बनते देखे गए हैं।

हालांकि सदन में तमाम जनप्रतिनिधियों के बीच ऐसे सितारा जनप्रतिनिधि आकर्षण के केंद्र हुआ करते हैं। लेकिन राजनीतिक दृष्टि से यह कोई आवश्यक नहीं है कि इन्हें लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि की हैसियत से सदन में अपने मूलभूत कर्तव्यों का भी भान हो। दरअसल हर छोटे बड़े सदन में निर्वाचित जनप्रतिनिधि को अपने निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करना होता है। लेकिन सितारा जनप्रतिनिधि अपने आप में इतना आत्ममुग्ध होते है कि अपने क्षेत्र की मूलभूत आवश्यकताओं पर गौर करना या क्षेत्रीय



विकास की पैरवी करना अपने स्तर के अनुरूप नहीं पाते है। दरअसल यह वर्ग अपने आप मे ही इस कदर बौराया हुआ होता है कि राजनीतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन इनके लिए छोटे स्तर का काम होता है।

यह स्थिति संबंधित राजनीतिक दल के लिए कुल मिलाकर घाटे का सौदा सिद्ध हो जाती है। यह ठीक है कि विभिन्न राजनीतिक दल जीत की संभावना के आधार पर ही चुनावी मैदान में अपना प्रत्याशी तय करते हैं। लेकिन ऐसे प्रत्याशी का चयन केवल और केवल लोकप्रियता के आधार पर किया जाना उचित प्रतीत नहीं होता। वैसे साहित्य एवं संस्कृति को समर्पित सितारा शख्सियत सदन की गरिमा में वृद्धि करने के लिए एक हद तक आवश्यक समझी जा सकती है। लेकिन फिल्मी दुनिया के सितारों को चुनावी मैदान में उतारकर संबंधित राजनीतिक दल आखिर क्या सिद्ध करना चाहते हैं ? ऐसे प्रत्याशी को किसी भी चुनावी क्षेत्र में थोपना उस क्षेत्र विशेष के वरिष्ठ तथा कनिष्ठ नेता या कार्यकर्ताओं का एक प्रकार का अपमान ही है।

हालांकि फिल्मी दुनिया का थोपा हुआ प्रत्याशी चुनाव जीत सकता है। लेकिन अपने दल के लिए रात-दिन एक कर देने वाले वरिष्ठ तथा कनिष्ठ कार्यकर्ता अपने आप को असहाय स्थिति में पाने लगते हैं। अब रही मतदाताओं की बात, तो उनके लिए अपने सितारा जनप्रतिनिधि तक का पहुंच मार्ग उसे कहीं से कहीं तक दिखाई नहीं देता है। बनावट की बुनावट से रंगी हुई फिल्मी दुनिया के सितारे लोकतंत्र के मूलतत्व से परिचित होकर राजनीतिक धर्म का निर्वहन कर सकेंगे भी या नहीं ? इस बारे में विचार करने की आवश्यकता क्यों नहीं समझी जाती ? एक प्रकार से सितारा प्रत्याशी संबंधित क्षेत्र में थोपा गया प्रत्याशी ही सिद्ध होता है। यह ठीक है कि ऐसे सितारों का आकर्षण आम मतदाताओं को इस कदर लुभाता है कि वह उसके पक्ष में मतदान कर देता है।

वास्तव में फिल्मी दुनिया के सितारों की अपनी एक अलग ही दुनिया होती है। एक प्रकार से फिल्मी सितारे अपने बाजार भाव के अनुसार प्रतिफल लेकर अपनी भूमिका को मूर्त रुप दिया करते है। लेकिन जब कभी इन्हें व्यावहारिक रूप से जनप्रतिनिधि की भूमिका का निर्वहन करना पड़े तो इस मामले में सफल नहीं हो पाते। वैसे देश -प्रदेश की राजनीति में फिल्मी दुनिया से संबद्ध सितारों ने राजनीतिक पराक्रम भी दिखलाया है। लेकिन ऐसी शख्सियत अपवादस्वरूप ही दिखाई देती है। आजकल की माया नगरी वैसे भी बनावट की बुनावट का ही बोलबाला है इसके चलते इस वर्ग के लोग जमीनी स्तर पर निस्वार्थ भाव से जनहित के प्रति समर्पित रह सकेंगे, यह कल्पना करना बेकार है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जिम्मेदारियों के बीच स्वयं के लिये समय अवश्य निकालें। आर्थिक मामलों में आज भाग्यशाली रहेंगे।

**वृषभ**

अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। परिवार को लेकर आप कुछ योजना बना सकते हैं। व्यवसाय में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने में लगे रहेंगे।

**मिथुन**

अपने विचारों को सकारात्मक बनाये रखें। गर्मी के कारण त्वचा विकार हो सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

**कर्क**

कारोबार में वृद्धि होने की सम्भावना है। परिजनों के प्रति थोड़ा चिन्तित हो सकते हैं। सुख के साधनों पर आप धन खर्च करेंगे।

**सिंह**

आपके मस्तिष्क में नये रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे। मीडिया के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान मिलेगा। महत्वपूर्ण विषयों को लेकर आप काफी सक्रिय रहेंगे।

**कन्या**

पिता अपने बच्चों से किसी कारण नाराज हो सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों में परस्पर विश्वास में कमी होने की आशंका है। लेकिन साथ में समय बिताने से मन हल्का होगा।

**तुला**

आज अपने मित्रों के साथ समय बिताना पसन्द करेंगे। आपका मन किसी कारण अप्रसन्न हो सकता है। उच्च शिक्षा में बाधाओं का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिक**

बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। पारिवारिक सम्बन्धों की कटुता दूर होगी। पार्टनरशिप में किये गये व्यवसाय में उत्तम लाभ प्राप्त होगा।

**धनु**

परिवार के लोगों का विरोध करने से बचें। आज अधूरे कार्य पूर्ण करने का दबाव रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहने वाला है।

**मकर**

अपने निर्णयों को बार-बार न बदलें। सन्तान की गतिविधियों पर नजर बनाये रखें। मन में नये काम को लेकर थोड़ी शंका रहेगी। आपको अपने स्वाभिमान की चिन्ता हो सकती है।

**कुंभ**

अपने चरित्र को अच्छा रखें। योजनाबद्ध तरीके से काम करना लाभकारी होगा। दिखावे पर अधिक खर्च करना उचित नहीं है। कानूनी विवादों को लेकर सावधानी रखें।

**मीन**

कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। आज छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है। मनोरञ्जन के साधनों पर धन खर्च करेंगे। नयी जॉब मिलने के योग बन रहे हैं।

# हिन्दी देश की सांस्कृतिक एकता और प्रगति का है आधार : निदेशक

## बरौनी रिफाइनरी में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), बरौनी की वर्ष 2025 की पहली छमाही की बैठक का आयोजन 24 जुलाई 2025 को बरौनी रिफाइनरी में किया गया। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख तथा समिति के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने की। बैठक की शुरूआत सदस्य सचिव द्वारा विगत छह माह (जनवरी-जून 2025) में राजभाषा हिदी के कार्यान्वयन एवं प्रगति पर एक संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण से हुई। इसके पश्चात सदस्य कार्यालयों के लिए एक खुला मंच सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न प्रश्नों के उत्तर अध्यक्ष एवं



उप निदेशक द्वारा दिए गए। अध्यक्षीय संबोधन में श्री सत्य प्रकाश ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि राजभाषा हिदी का कार्यालयीन कार्यों में अधिकाधिक प्रयोग सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने दोहराया कि हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में देना, कार्यालयीन टिप्पणियां हिदी में करना, फाइलों एवं नामपट्टों को द्विभाषी रखना आदि अनिवार्य राजभाषा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। डा. विचित्रसेन गुप्त ने बरौनी नराकास एवं बरौनी रिफाइनरी के राजभाषा प्रयोग पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी सदस्य कार्यालयों से राजभाषा विभाग के दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नराकास की सफलता एकल दायित्व नहीं, अपितु सभी सदस्य कार्यालयों की साझा जिम्मेदारी है। राजभाषा के प्रचार-प्रसार एवं प्रयोग को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु सुझाव भी आमंत्रित किए गए जिनमें कई सारगर्भित प्रस्ताव सामने आए। बैठक के दौरान 'श्रवंतीद्द नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बरौनी की वार्षिक पत्रिका का विमोचन अध्यक्ष एवं उप निदेशक महोदय, एवं उपस्थित गणमान्यों द्वारा किया गया। बैठक में लिये गए निर्णय एवं सुझावों के अनुरूप आगामी अवधि में राजभाषा हिदी के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी। हिदी हमारे देश की सांसतिक एकता और प्रगति का आधार है और इंडियनअयल इसकी समृद्धि एवं सशक्तिकरण हेतु निरंतर सहयोग करते हुए अपनी भूमिका प्रभावी रूप से निभा रहा है।बैठक में कोलकाता स्थित गृह मंत्रालय, भारत सरकार के राजभाषा विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय से उप निदेशक (कार्यान्वयन) ड. विचित्रसेन गुप्त, बरौनी रिफाइनरी के मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भास्कर हाजरिका, महाप्रबंधक (कर्मचारी सेवा, प्रबंधन सेवा, अधिगम व विकास) ड पी के नाथ, उप महाप्रबंधक (कर्मचारी सेवा, प्रबंधन सेवा, अधिगम व विकास) राधे श्याम प्रसाद सहित बरौनी नराकास के सदस्यगण उपस्थित थे।

## ट्रक चालक को लाठी से पीटा सिर फटा, 10 नामजद

**संदेश/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संदेश थाना क्षेत्र के फुलाड़ी गांव के समीप बालू लदे ट्रक के पीछे साईकिल सवार चपेट में आने से जमीन पर गिर पड़ा। जब ट्रक चालक ने ट्रक के लुकिंग ग्लास से देखा। एक साईकिल सवार गिर गया है। चालक ट्रक को रोककर उस लड़का को उठाने लगा। इसी दौरान गांव के 9-10 लोग लाठी डंडा लेकर आये चालक के साथ मारपीट करने लगे। जिसमें चालक अतीष पांडेय का सिर फट गया। वह उतर प्रदेश के संत कबीर नगर जिले के खालियाबाद थाना क्षेत्र के घटमहा गांव निवासी है। वह भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के बरुही बालू घाट संख्या 27 से बालू लोड कर वापस जा रहा था। तभी यह घटना घटित हुआ। जिसको लेकर चालक ने संदेश थाना में 10 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है । पुलिस मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।

## प्रधान शिक्षकों का किया गया चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** बिहार लोक सेवा आयोग से प्राथमिक विद्यालयों के लिए प्रधान शिक्षकों का चयन किया गया। इन प्रधान शिक्षकों को विभाग से विद्यालय भी आवंटित किया गया। अधिकांश चयनित प्रधान शिक्षकों ने योगदान भी कर लिया किन्तु जो प्रधान शिक्षक मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे हैं उनके समक्ष संशय की स्थिति बनी हुई है। खासकर जिन शिक्षकों को दूसरे जिले के विद्यालय आवंटित किए गए हैं, उन्होंने अभी तक योगदान नहीं किया है। शिक्षा विभाग के विभिन्न जिलों के डीईओ ने पत्र जारी कर उन्हें योगदान कार्य 26 जुलाई तक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। साथ ही कहा है कि योगदान के बाद विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में संलग्न हो जाना है। नावकोठी के सात शिक्षक ऐसे हैं। जिन्हें दूसरे जिले में योगदान करना है और वे विशेष पुनरीक्षण कार्य में लगे हैं। प्रखंड विकास अधिकारी, अनुमंडल अधिकारी का भी स्पष्ट निर्देश इन शिक्षकों को नहीं प्राप्त है। ऐसी स्थिति में कैसे ससमय योगदान करेंगे। इन शिक्षकों में कन्हैया कुमार उत्क्रमित मध्य विद्यालय चकमुजफ्फर को अररिया जिला, राहुल कुमार मध्य विद्यालय कमरुद्दीन पुर को खगड़िया, राधा रमण पोद्दार कन्या मध्य विद्यालय नावकोठी को अररिया, प्रणव कुमार मध्य विद्यालय समसा को पटना जिला, दया नन्द साह प्राथमिक विद्यालय शेखपुरा को औरंगाबाद, ललन पासवान प्राथमिक विद्यालय डुमरिया को औरंगाबाद, सुनील कुमार प्राथमिक विद्यालय गौरीपुर को औरंगाबाद जिलांतर्गत विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में प्रधान के शिक्षक पद पर योगदान करना है।

## 80 फीसदी अंक लाकर बेटियों ने बढ़ाया सम्मान : रणविजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के मेधावी छात्राओं को डिजिटल बनाने के उदेश्य से बलुआ, नरगड़ा, सरैया, बभनगावां, सिन्हा और गजियापुर पंचायतों में एक अत्यंत प्रेरणादायक और भावनात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां 16 छात्राओं समेत उनके माता पिता को सम्मानित किया गया। सम्मानित करने का उद्देश्य था सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाली उन बेटियों को जिन्होंने 80% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इस कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह 'राजापुरवाले' ने किया। उन्होंने होनहार बेटियों को डिजिटल टैबलेट भेंट कर उन्हें डिजिटल युग से जोड़ने व उनकी शिक्षा को नई दिशा देने का कार्य किया। सम्मानित होने वाली छात्राओं में बलुआ के संजीत पांडेय की पुत्री अंशिका



कुमारी, श्रीभगवान पांडेय की पुत्री खुशी कुमारी व मो आलम की पुत्री निशा खातुन, नरगदा के विष्णु तिवारी की पुत्री शालू कुमारी, राजेश सिंह की पुत्री रिमझीम कुमारी व राम अवतार प्रसाद की पुत्री रोशनी कुमारी, सरैंया के सुबोध कुमार साह की पुत्री सिद्धी कुमारी व शांतनु यादव की पुत्री खुशबू कुमारी, बभनगांवा के अजय यादव की पुत्री रिया कुमारी, गजियापुर एलएनएल बाबू प्रसाद की पुत्री रुपा कुमारी, सिन्हा के मंजीत यादव की पुत्री माया कुमारी, कवलछपरा के सुरेंद्र यादव की पुत्री रिया कुमारी, फरहदा के महेश कुमार की पुत्री अंशु कुमारी समेत अन्य को टेबलेट, बोतल व बैग से सम्मानित किया गया। सबसे भावुक तब देखने को मिला जब इन बेटियों ने अपने माता-पिता को पूरे समाज और गांव के सामने भारी भीड़ के बीच सम्मानित किया और उन्हें अपने हाथों से मेडल पहनाया। यह केवल एक दृश्य नहीं था, बल्कि एक संस्कार, सम्मान और संघर्ष की जीवंत तस्वीर थी। मंच पर जब एक बेटी ने अपने पिता को गले लगाकर कहा ''पापा, ये आपकी मेहनत का मेडल है'', तो हर आंख खुशी से नम हो गई। यह पल समाज को यह बताने के लिए काफी था कि बेटी बोझ नहीं, गर्व होती है। मौके पर रणविजय सिंह 'राजापुरवाले' ने कहा कि 'हमारी यह पहल केवल पुरस्कार वितरण नहीं है, यह बेटियों के भविष्य में निवेश है। यह हर उस परिवार के लिए सम्मान है जिसने गरीबी और कठिनाइयों के बावजूद अपनी बेटी को आगे बढ़ाया।' हर पंचायत की होनहार बेटी तक टैब और सम्मान पहुंचाना हमारा वचन है। वही ग्रामीणों ने बताया कि अभिभावकों और ग्रामवासियों ने इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए रणविजय सिंह को धन्यवाद दिया। जीविका दीदियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और युवाओं ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंच से गांव-गांव तक यह संदेश गया कि बेटियों को पढ़ाना अब जिम्मेदारी नहीं, गर्व की बात है।

## चाइल्ड ट्रैफिकिंग पर रोकथाम का डीएम ने दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** बाल श्रमिक अधिनियम के तहत टास्क फोर्स की बैठक जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में गुरुबार को कार्यालय प्रकोष्ठ में की गई। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा टास्क फोर्स द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने बाल विवाह, बाल श्रमिक एवं बाल शोध संबंधित रोकथाम के लिए स्थानीय स्तर पर आंगनबाड़ी सेविका, मुखिया, विकास मित्र एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोगों को शामिल करते हुए कमेटी बनाने का निर्देश दिया। ताकि पंचायत स्तर से लेकर गांव स्तर तक लोगों को इस विषय पर जागृति कर रोकथाम किया जा सकें। उन्होंने वैशाली समाज संस्था से पिछले तीन वर्ष में रेस्क्यू किए गए बच्चों का ब्योरा लेकर इससे संबंधित जानकारी प्राप्त कर संग्रह्ला करने की बात कही गई। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को विमुक्त कराये गये बच्चे एवं अन्य लाचार बच्चे एवं बच्चियों को जिला अंतर्गत विभिन्न सरकारों विद्यालयों में नामांकन कराने हेतु अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने श्रम अधीक्षक को निर्देश दिया कि धावा दल द्वारा भी लगातार छापेमारी सुनिश्चित की जाये ताकि चाइल्ड ट्रैफिकिंग पर भी रोकथाम किया जा सकें। इसके साथ ही इसके रोकथाम हेतु रेलवे स्टेशन पर सघन अभियान चलाकर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी वैशाली सामाज संस्था के प्रतिनिधि को यह कहा गया की जिला अंतर्गत स्टेशन परिसर में एक चाइल्ड रेस्क्यू हेतु एक बूथ निर्माण कराया जाये ताकि रेस्क्यू किए गए बच्चों को विभिन्न संस्थानों को आसानी से हैंडओवर किया जा सके। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष, जिला शिक्षा पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति के सदस्य, चाइल्ड लाईन के प्रतिनिधि, श्रमिक संघ के प्रतिनिधि, वैशाली समाज के प्रतिनिधि सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मारपीट में चार घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाने के पहसारा पूर्वी पंचायत के खैरबन में आपसी विवाद में हुई मारपीट में चार व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मियों में मो औरंगजेब, जुली खातुन, जसीमा बेगम तथा मो लालो है। जख्मियों का इलाज पीएचसी नावकोठी में किया गया। घटना 19 जुलाई की है। इस संबंध में सोनी खातुन ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर गांव के ही शबनम खातुन, मो मोतिम, मुन्नी खातुन, मो साजिद, मो बारिक पर मारपीट कर जख्मी कर देने का आरोप लगाकर नामजद किया है। झगडा होता देखकर पिता मो औरंगजेब, बहन जुली खातुन, भाई मो लालो, माँ जसीमा बेगम बीच बचाव करने गए तो उन्हें पीट कर जख्मी कर दिया। मेरे पति को अपने घर के कमरे में बंद कर रख ली है। ग्रामीणों ने इसका पंचायत किया पर नामजद ने मानने से इंकार कर दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई शुरूकर दी गई है।

## इको क्लब और उसकी गतिविधियों की दी गई ट्रेनिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के विभिन्न मिडिल, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों को गुरुवार को इको क्लब और उसकी गतिविधियों से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। एपीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नावकोठी में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन बीईओ अनिल कुमार चौधरी, प्रभारी प्रधानाध्यापक गणेश झा ने संयुक्त रूप से किया । उन्होंने कहा कि इको क्लब पर्यावरण जागरूकता और संरक्षण से संबंधित होती हैं। इसमें छात्रों को पर्यावरण के महत्व और जिम्मेदारी के बारे में शिक्षित करना, वृक्षारोपण, कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, और विभिन्न पर्यावरण संबंधी अभियानों में शामिल करना शामिल है। सभी शिक्षकों से उन्होंने कहा कि विद्यालयों में इको क्लब को क्रियाशील बनाना है तथा प्रत्येक शनिवार को क्लब के माध्यम से छात्रों को पर्यावरण जागरूकता, वृक्षारोपण, कचड़ा प्रबंधन, जल संरक्षण तथा इससे जुड़ी प्रतियोगिताओं को आयोजित करने का निर्देश दिया गया। प्रशिक्षक उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक्का के शिक्षक संजीत कुमार ने कहा कि बच्चों को पर्यावरण के मुद्दे जैसे प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन तथा जैव विविधता की जानकारी देनी चाहिए। साथ ही स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पेड़ लगाना, छात्रों को वृक्षों के महत्व के बारे में बताना आदि। छात्रों को कचरा अलग-अलग करने, पुनः उपयोग करने, और कम करने के लिए प्रोत्साहित करना भी शिक्षकों की जिम्मेदारी है। जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान छात्रों को पर्यावरण-संबंधी विषयों पर वाद-विवाद, निबंध, चित्रकला, और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना भी इको क्लब की गतिविधियां हैं। छात्रों को समुदाय में पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों में शामिल करना, जैसे कि सफाई अभियान और जागरूकता कार्यक्रम की जानकारी दी गयी। मौके पर संतोष कुमार साह, प्रकाश कुमार, अजीत कुमार, अर्घकित यादव, आलोक, ममता, कोमल दास आदि मौजूद थे।

## बिहार आइडिया फेस्टिवल का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** गुरुवार को बिहार आईडिया फेस्टिवल का आयोजन बेगूसराय जिले के राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि बिहार सरकार के उद्योग विभाग एवं स्टार्टअप सेल द्वारा प्रदेश में नवाचार स्वावलंबन और उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु संचालित बिहार आईडिया फेस्टिवल का आयोजन आज कराया गया है। इस कार्यक्रम का उददेश्य बिहार के युवा वर्ग, जीविका दीदी, महिला एवं अनुसूचित जाति एवं



अनुसचित जनजाति समुदायों में छुपी हुई उद्यमशीलता क्षमता को सामने लाना है। महाप्रबंधक ज्ञानेश्वरी द्वारा स्टार्टअप क्षेत्र में कार्य करने को लेकर लोगों का उत्साहवर्द्धन किया गया। साथ ही इंजीनियरिंग एवं पलिटेक्निक कॉलेज के छात्र -छात्राओं के बीच नवाचार संबंधी विशेश जानकारी दी गयी। इस अवसर पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र ज्ञानेश्वरी, डीपीएम जीविका, स्टार्टअप सेल के प्रतिनिधि, मनीष कुमार रंजन सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं एवं जीविका दीदी उपस्थित थे।

## एक नजर

### हिंदुस्तान आवाम मोर्चा ने मनाया स्थापना दिवस

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से) के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जन संवाद जनता द्वार के जिलाध्यक्ष खुर्शीद आलम की अध्यक्षता में 10वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया. इस मौके पर पार्टी कार्यालय में केक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया और उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पार्टी संगठन को मजबूत करते हुए विधानसभा में 04 के आंकड़े को 40 तक पहुचाने का संकल्प लिया। स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष खुर्शीद आलम ने कहा कि इस पार्टी के जन्मदाता हमारे नेता जीतनराम मांझी ने पार्टी को खड़ा करने में अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया। जब यह पार्टी बनी थी तो लोग हमारा मजाक उड़ाया करते थे लेकिन केवल 10 वर्ष में हम उस मुकाम पर खड़े हैं कि केंद्र और राज्य की सरकार में हमारी मजबूत भागीदारी है। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. संतोष कुमार सुमन के नेतृत्व में हम लगातार मजबूत हो रहे हैं और भविष्य में भी बिना हमारे सहयोग के कोई सरकार नही बन पाएगी, यह तय है। इस मौके पर जन संवाद जिला उपाध्यक्ष मकसूद अलम, सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पशुचारा लेकर आ रहे युवक की मौत

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** क्षेत्र के राहतपुर बहियार में पशुचारा लाने गये एक युवक की करंट के चपेट में आने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान राहतपुर वार्ड 7 निवासी फूलो पासवान के 23 वर्षीय पुत्र अनमोल कुमार के रूप में कराई गयी है। परिजनों ने बताया कि मृतक दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था जो बुधवार को दिल्ली रवाना होता। इसी बीच मृतक की मां के द्वारा पशुओं के लिये चारा ला देने की बात कही गयी। जिस पर मृतक पशुचारा लाने बहियार की ओर गया। करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। आसपास बहियार में खेतों में काम कर रहे किसानों ने देखा तो इसकी सूचना उसके परिजन को दी गयी। सूचना पाकर परिजन आनन-फानन में घटनास्थल पर पहुंचे। तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। लोगों के द्वारा घटना की सूचना बलिया पुलिस को दी गयी। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये बेगूसराय भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि मृतक युवक ट्रांसफार्मर पर फैले लत्ती को खींच रहा था।इसी दौरान करंट लगने से उसकी मौत हो गयी। पुलिस मामले की छानबीन में जुट चुकी है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत दो मोबाइल बरामद

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत खोये हुए दो मोबाइल फोन को बरामद कर मोबाइल धारक को उपलब्ध कराया है। मोबाइल धारक समसा पंचायत के जीतपुर के गौतम गोस्वामी तथा हसनपुर बागर के शम्भू सिंह हैं। गौतम गोस्वामी का मोबाइल दिसम्बर 2022 में चकमुजफ्फर के निकट खो गया था तो शम्भू सिंह का मोबाइल दुकान पर से नवम्बर 2023 में किसी अज्ञात के द्वारा ले लिया गया था। लंबी अवधि के बाद मोबाइल फिर से मिलने पर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, एसआई रंजीत कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। उनलोगों ने बताया कि मोबाइल फिर से मिलने की आशा छोड़ चुके थे। पुलिस पदाधिकारी ने मेहनत कर मोबाइल बरामद कर उपलब्ध कराया है।

### जिप अध्यक्ष ने किया रंगमंच का शिलान्यास

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी प्रखंड के सिमरिया दो पंचायत के रूपनगर गांव में बुधवार को रंगमंच का शिलान्यास जिला परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने किया। दुर्गा पूजा के अवसर पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के आग्रह पर रंगमंच बनाया जा रहा है। जिला परिषद उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा कि स्थानीय लोगों की मांग पर रंगमंच बनवाने का आश्वासन दिया गया था जिसको लेकर उन्होंने मंच का शिलान्यास किया है। रंगमंच से गांव के युवाओं का संस्कार बढ़ता है और कला के क्षेत्र में भी आगे आने का अवसर मिलता है। रंगमंच का निर्माण 12 लाख 27 हजार रुपये की लागत से कराया जाएगा। इस अवसर पर जिप अध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, उपाध्यक्ष राजीव कुमार, जिला परिषद सदस्य नीतीश कुमार, बखरी के जिला परिषद सदस्य अमित कुमार देव ने नारियल फोड़कर रंगमंच का शिलान्यास किया कार्यक्रम का संचालन अशोक पासवान ने किया। मौके पर सिमरिया- दो के मुखिया प्रतिनिधि संजीव कुमार सन्नी, पूर्व मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष सिमरिया-दो के रामानुज राय, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र दास, विद्यासागर ठाकुर, राजीव कुमार, सुमन कुमार, श्रीदेव पासवान, ष्ण कुमार ठाकुर आदि मौजूद थे।

### छात्राओं को लगाया गया टीका

**बीहट (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बरौनी प्रखंड के मध्य विद्यालय असुरारी में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डा गोपाल कुमार मिश्रा एवं डीईओ मनोज कुमार के नेतृत्व में 9 से 14 वर्ष तक आयु वर्ग की छात्राओं को एचपीवी का टीका लगाया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बरौनी, डा. मनोज कुमार, एसएमसी यूनिसेफ के राजेश कुमार, प्रधानाध्यापक अनिल कुमार राय, बीएचएम संजय कुमार, बीएमसी सुधीर कुमार, लेखपाल लालमोहन, एएनएम हीना कुमारी, रंजू कुमारी, रूपम कुमारी, रानी कुमारी, डाटा इंट्री आपरेटर सोनू कुमार, आशा फेसिलिटेटर कुसुम कुमारी, आशा कार्यकर्ता हीरा कुमारी, रंजू कुमारी, किरण कुमारी, रेखा कुमारी, पिंकी कुमारी आदि उपस्थित थे। एचपीवी टीका मानव पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण से होने वाले कुछ कैंसर से बचाता है।

### 360 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब बरामद

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जीतना पुलिस ने बलुआ गांव स्थित जमुनी पुल के पास देर रात बुधवार को पुलिस ने सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 360 पिस नेपाली कस्तूरी बोतलों में करीब 108 लीटर शराब बरामद किया गया। मद्य निषेध कानून को प्रभावी बनाने के लिए सरकार और प्रशासन की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। उसी क्रम में यह अभियान संचालित किया गया। जीतना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि जामुनी पुल के पास शराब रखी गई है। इसी सूचना के आधार पर छापेमारी की गई।

## विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदाता सूची की शुद्धता को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** अरेराज अनुमण्डल पदाधिकारी, अरेराज अरुण कुमार द्वारा अरेराज प्रखंड के सभी बीएलओ सुपरवाइज़रों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी , अरेराज के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा एवं दिशा-निर्देश देने के उद्देश्य से की गई। बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष बल दिया गया
सभी बीएलओ सुपरवाइज़रों को निर्देशित किया गया कि वे इन




प्रविष्टियों की जांच अत्यंत सावधानीपूर्वक करें।
प्रत्येक ऐसे मतदाता, जिसे मृत घोषित किया गया है, की भौतिक रूप से व्यक्तिगत रूप से पुष्टि सुपरवाइज़र एवं एईआरओ द्वारा करना अनिवार्य है।
प्रत्येक बीएलओ अपने क्षेत्र के बीएलए को मृत, अनुपस्थित व स्थानांतरित मतदाताओं की सूची देना सुनिश्चित करें और उस पर प्राप्ति रसीद लेकर सुरक्षित रखें।
मतदाताओं के दस्तावेज़ एकत्र करने को सरल बनाने हेतु वर्ष 2003 की मतदाता सूची का विश्लेषण किया जाना है। यह दस्तावेज़ सत्यापन के कार्य को अधिक पारदर्शी एवं प्रमाणिक बनाएगा।
निर्वाचन प्रक्रिया की शुद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी संबद्ध अधिकारीगण को निर्देशित किया गया है कि वे समयबद्ध एवं सत्यापनयुक्त कार्य संपादन सुनिश्चित करें।

## अनीता देवी को दिलाई गई जिप सदस्य की शपथ

**मोतिहारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नपं)- सह जिलाधिकारी मोतिहारी सौरभ जोरवाल के द्वारा आज अपने कार्यालय कक्ष में बिहार पंचायत निर्वाचन नियमावली 2006 के नियम 122 के अंतर्गत नव निर्वाचित जिला पार्षद श्रीमती अनिता देवी को बंजरिया प्रखंड के प्रा0निध क्षे. सं. -23 से जिला परिषद सदस्य की शपथ दिलाई गई। दूसरी और इनके जीत पर इनके खेमे वालों में हर्ष का माहौल है।

## भाजपा के मंडल महामंत्री को मिली जान से मारने की धमकी, थाना में दिया आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड भाजपा के मंडल महामंत्री सह बाराजयराम पंचायत के वार्ड सदस्य प्रतिनिधि चन्दन कुमार पटेल को कतिपय अपराधियों ने फोन कर जान से मारने की धमकी दी है। जिसके कारण उनके परिवार में भय का माहौल कायम हो गया है। मामले को लेकर पीड़ित भाजपा नेता ने एफआईआर दर्ज कराने के लिए थाना में एक आवेदन पत्र दिया है। जिसमें कहा गया है कि नेमीलाल साह हत्या मामले में फरार आरोपी मेघु साह ने फोन कर कहा है कि उक्त मामले से तुम अलग हो जाओ। अन्यथा नेमीलाल साह जैसा तुम्हारा भी हश्र होगा। बता दें कि विगत 21 जून 2025 को नेमी लाल साह को अपराधियों ने मोहद्दीपुर गांव के पास कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिलाने के बाद मारपीट कर हत्या कर दी थी। जिसमें नौ व्यक्तियों को आरोपित किया गया था। इसके बाद भी सभी आरोपी खुलेआम घूम रहा है। आरोपियों द्वारा मृतक के परिजनों को भी धमकी दी जा रही है। जिसके कारण गांव में भय का माहौल बना हुआ है। चन्दन कुमार पटेल ने बताया कि हत्या मामले में पुलिस की निष्क्रियता की सरेआम चर्चा है। इधर थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार ने बताया कि धमकी मामले की जांच की जा रही है। जांचोपरांत एफ आई आर दर्ज कर कारवाई की जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### परीक्षा से वंचित शिक्षिका ने डीएम को दिया आवेदन

**महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय की शिक्षिका अमृता कुमारी ने सक्षमता परीक्षा से वंचित होने पर जिलाधिकारी व जिला शिक्षा पदाधिकारी के यहां आवेदन भेजकर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी पर कारवाई करने की मांग की है। शिक्षिका ने डीएम को दिए आवेदन में बताया है कि बीआरसी की लापरवाही के चलते के सक्षमता परीक्षा -3 से वंचित होना पड़ा। इस संबंध में शिक्षिका ने बताया है कि उनके परिवार के सदस्य बीआरसी में प्रवेश पत्र लेने गये, तो वहां अनाधिकृत रूप से रह रहे एक शिक्षक ने प्रवेश पत्र नहीं दिया गया। काफी प्रयास करने के बाद भी उनका प्रवेश पत्र नहीं मिला। वे खुद बीआरसी पर पहुंची तो ताला बंद था। इस संबंध में बीईओ राजकिशोर उपाध्याय ने बताया कि इस वे मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण कर रहे थे। कोई भी प्रवेश पत्र अभ्यर्थी को ही मिलता है। शिक्षिका का प्रवेश पत्र क्यों नहीं मिला, इसकी जांच की जा रही है।

### बिजली चोरी में एफआइआर

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मानपूर थाना क्षेत्र में बिजली चोरी के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष सूबोध कुमार ने बताया कि जेई सुशील कुमार के आवेदन पर डमरापुर अजय यादव,अलख यादव राहूल कुमार,सिकंदर ठाकुर जवाहर लाल साह बीरंची के मनोरंजन मंडल अमृत कुमार किशोर कुमार विश्वास,सपन विश्वास नंन्तू चंद दास के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### अपहृत महिला बरामद

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रेम प्रसंग में फरार महिला को पुलिस ने बेतिया से बरामद कर लिया है। थानाध्यक्ष राणा प्रसाद ने बताया कि केस के अनुसंधानकर्ता अमित कुमार पाल के नेतृत्व में महिला को बरामद कर 164 का बयान एंव मेडिकल हेतु बेतिया भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपीयों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी जारी है। विदित हो कि मैनाटांड थाना क्षेत्र के एक गांव से महिला के ससूर ने पुलिस को आवेदन देकर अपनी बहू का अपहरण कर लेने के मामले में मैनाटांड के सिंहपुर गांव का चंदेश बैठा का पुत्र धीरज कुमार समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया था।

### करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कटैया पंचायत के कटैया गांव में एक युवक की बिजली के तार के चपेट में आने से गुरुवार को सुबह में मौत हो गई। युवक को परिजन स्थानीय सीएससी ले गए। जहां चिकित्सक डॉ जितेंद्र काजी ने उन्हें मृत बताया। विदित हो कि कटैया गांव के वार्ड 3 के महादेव राम का पुत्र ओमप्रकाश राम उर्फ छोटा राम सुबह में स्नान कर नंगे पैर अपने रूम में गया। जहां स्टैंड फैन गिरा हुआ था और एक तार टूटकर पंखा में सटा हुआ था।

### डीएम ने किया डीआरसीसी का निरीक्षण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने गुरूवार को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र (डीआरसीसी) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत डीआरसीसी से संचालित विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के आवेदकों के आवेदन का निष्पादन तय समय सीमा के अंदर कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएम ने मैट्रिक परीक्षा उतीर्ण सभी समुदायों को केवाईपी से लाभान्वित करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि केवाईपी में जिले की रैंकिंग को और बेहतर करने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने डीआरसीसी के सभी काउंटरों का निरीक्षण किया गया और निर्देशित किया गया कि सभी कर्मी कार्यालय ससमय आए और ड्रेस, आईडी कार्ड एवं नेम प्लेट लगाकर कार्यों को निष्पादित करें।

### आपसी रंजिश में मारपीट एक गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आपसी रंजिश में मारपीट व चाकूबाजी की घटना घटी है। जिसमे एक युवक जख्मी हो गया है। जिसका उपचार अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया है। हालांकि अब उसकी।स्तिथि सामान्य है। घायल युवक नगर के प्रकाश नगर निवासी सिकंदर आलम है। घटना नगर के हाई स्कूल चौक की है। मामले में सिकंदर ने शिकारपुर थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर में हाईस्कूल चौक निवासी मोहित मिश्रा, रोहित मिश्रा समेत चार युवकों को आरोपित किया है। आरोप है कि सिकंदर अपने बहनोंई को बस स्टैंड पर छोड़कर हाईस्कूल चौक के रास्ते घर जा रहा था। उसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर चारों उसे घेर लिए और मारपीट व चाकूबाजी कर जख्मी कर दिया। बचाने आएं इसके एक दोस्त का भी सिर फोड़ दिए। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर रोहित मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।

### बेल्ट्रॉन से जुड़े ऑपरेटरों की हड़ताल

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में बेल्ट्रॉन की ओर से लगाये गये कम्प्यूटर ऑपरेटरों गोप गुट से जुड़े डाटा एंट्री ऑपरेटरों का अपने विभिन्न मांगो को लेकर बुधवार से हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। इस मामले में ऑपरेटरों ने जिलाधिकारी को भी अग्रीम सूचना दे दी है। इधर एक अन्य गुट का हड़ताल विगत 17 जुलाई से हीं आरंभ है। उक्त गुट में ज्यादातर ऑपरेटर परिवहन विभाग में रखे गये है। नतीजतन विगत 17 जुलाई से हीं परिवहन विभाग में कामकाज ठप हो गया है। परिवहन विभाग की पहिया एक तरह से रुक गयी है। वहीं दूसरी ओर अब बेल्ट्रॉन से जुड़े कम्पयूटर ऑपरेटरों के हड़ताल पर जाने से कामकाज प्रभावित होने की संभावना प्रबल हो गयी है। संघ के नेता ने बताया कि बेल्ट्रॉन में जिले भर में डाटा एंट्री ऑपरेटर लगातार सेवा दे रहे हैं। लेकिन अभी तक सरकार उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रही है। हमारी प्रमुख मांग सेवा समायोजन के तहत स्थायीकरण की है। हम 25 वर्षों से कार्य कर रहे हैं, लेकिन न वेतनमान तय हुआ, न स्थायी दर्जा मिला। डाटा एंट्री ऑपरेटरों की इस हड़ताल से पंचायत, ब्लॉक और जिला स्तर के कार्यालयों में ई-गवर्नेंस, पेंशन, राशन, जाति-आवास प्रमाण पत्र, लोक शिकायत निवारण जैसी अति आवश्यक सेवाएं प्रभावित होने की संभावना है।

### राजस्व कर्मियों को सौंपा पंचायतवार पद भार

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी के आदेश के आलोक में लौरिया प्रखंड के सभी राजस्व कर्मचारियों का तबादला कर दिया गया है। जिसमे अंचल स्तर के कर्मचारियों का भारी फेरबदल किया गया है। राजस्व व भूमि सुधार विभाग ने इस आशय की अधिसूचना अंचल के अंचलाधिकारी को प्राप्त हुई है। इस आशय पर अंचलाधिकारी नितेश कुमार सेठ ने सभी राजस्व कर्मचारियों को पंचायत का पद भार ग्रहण करने का तत्काल निर्देश दिया है।वही अंचलाधिकारी नितेश कुमार सेठ ने कहा कि सभी कर्मचारी नियमित समय सीमा के भीतर काम को पूरा करेंगे। अपनी उपस्थिति बायोमेट्रिक से दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अंचल से संबंधित सभी कार्य को ससमय करने केल लिए तय सीमा सुनश्चित करने का निर्देश दिया है।

# गेमिंग ऐप बना सायबर ठगी का हथियार, सिवान में गिरोह का पर्दाफाश, 6 गिरफ्तार

**गिरफ्तार ठगों से लैपटॉप, मोबाइल, पासबुक, स्कैनर समेत बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद, 20 राज्यों में शिकायतें दर्ज**

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो

**सिवान।** सिवान जिले में साइबर अपराधियों के एक ऐसे गिरोह का पदार्फाश हुआ है, जो ऑनलाइन गेमिंग ऐप की आड़ में लोगों को ठगी का शिकार बना रहा था। सीवान पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी के निर्देश पर साइबर थाना की विशेष टीम ने छापेमारी करते हुए इस गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। गिरोह के सदस्य देशभर के लोगों को गेमिंग ऐप के जरिए झांसा देकर उनके बैंक खातों से पैसे उड़ा रहे थे।





**गुप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई, डीएसपी के नेतृत्व में बनी टीम**

23 जुलाई को साइबर ठगी से जुड़ी गुप्त सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक ने साइबर डीएसपी सुशील कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की। टीम में मुफस्सिल थाना और साइबर थाने के पुलिस अधिकारियों को शामिल किया गया। संयुक्त कार्रवाई के तहत पचरुखी व हुसैनगंज थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर 6 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया।

**सामग्री बरामद, कई राज्यों से लिंक**

पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से भारी मात्रा में डिजिटल और फाइनेंशियल डिवाइसेस जब्त किए हैं। बरामद सामग्री में 2 लैपटॉप, 1 टैबलेट, 74,100 रुपये नकद, 26 एटीएम कार्ड, 31 मोबाइल फोन, 19 पासबुक, 4 चेकबुक, 17 यूपीआई स्कैनर, 2 वाई-फाई राउटर, बायोमैट्रिक मशीन, पासपोर्ट, पैन कार्ड, आधार कार्ड और दो मोटरसाइकिल शामिल हैं। अब तक की जांच में खुलासा हुआ है कि इन अपराधियों के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में 20 शिकायतें NCRP पोर्टल पर दर्ज हैं।

**गिरफ्तार साइबर ठगों की पहचान**

गिरफ्तार अभियुक्तों में सुमित कुमार, अनिकेत कुमार, राज कुमार, भान्नी कुमार, आदित्य कुमार और बन्टी कुमार सिंह शामिल हैं। ये सभी सिवान के पचरुखी व हुसैनगंज क्षेत्रों के रहने वाले हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि मामले की जांच अब भी जारी है। पुलिस अन्य सहयोगियों की तलाश में जुटी है।

**छापेमारी में ये अधिकारी रहे शामिल**

इस कार्रवाई में डीएसपी सुशील कुमार के साथ पुअनि विजय कुमार यादव, पुअनि अखिलेश कुमार, पुअनि अशोक दास, पुअनि ज्ञान प्रकाश और पु.अ.नि. कृष्णा कुमार शामिल थे।

## बाइक सवार को बचाने में पलटी कांवरियों की पिकअप

**सदर अस्पताल में अफरा-तफरी, घायलों में महिलाएं भी शामिल, पुलिस जांच में जुटी**

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तरवाराः सावन में बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने जा रहे कांवरियों के एक जत्थे के साथ दर्दनाक हादसा हो गया। गुरुवार की सुबह तरवारा थाना क्षेत्र के नहर के पास कांवरियों से भरी एक पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसा उस समय हुआ जब चालक ने सामने से आ रहे एक बाइक सवार को बचाने की कोशिश की। पिकअप पलटने से करीब दो दर्जन कांवरिए घायल हो गए, जिनमें कई की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत सभी घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल भिजवाया। सूचना मिलते ही भाजपा नेत्री रूपल आनंद भी अस्पताल पहुंचीं और घायलों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए और गंभीर रूप से घायल बिटोई राजभर, रामायण राजभर और लीलावती देवी को बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस के माध्यम से गोरखपुर रेफर कराया। बताया जा रहा है कि सभी कांवरिया उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के भटनी थाना क्षेत्र स्थित बलुआ अफगान गांव के निवासी हैं और हर साल की तरह इस बार भी कांवड़ यात्रा पर निकले थे। सिवान जिले के तरवारा क्षेत्र से गुजरते वक्त यह हादसा हो गया। वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। अस्पताल में भर्ती अन्य घायलों का इलाज जारी है। हादसे के बाद परिजनों को भी सूचना दे दी गई है। प्रशासन की ओर से राहत और सहायता का कार्य चल रहा है।



सड़क हादसे में दो दर्जन कांवरिया घायलः भाजपा नेत्री रूपल आनंद ने संभाला मोर्चा, गंभीर को गोरखपुर भेजा गया

## बेतिया राज की परि संपत्तियों का होगा कुशल प्रबंधनः चैतन्य प्रसाद

**मास्टर प्लान तैयार कर आधारभूत संरचनाओं का कराया जाएगा निर्माण**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजस्व पर्षद के अध्यक्ष सह सदस्य चैतन्य प्रसाद ने कहा है कि बिहार सरकार में समाहित बेतिया राज की परिसंपतियों का कुशल प्रबंधन किया जायेगा। इसकी भूमि पर मास्टर प्लान तैयार कर आधारभूत संरचनाओं का निर्माण कराया जायेगा। इसके लिए बिहार सरकार ने नेशनल इंस्टि्च्यूट और अर्बन अफैयर्स को मास्टर प्लान बनाने की जिम्मेवारी सौंपी है। वे गुरूवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में आयोजित सेमीनार को संबोधित कर रहे थे। मौका था बेतिया राज की भूमि के बेहतर प्रबंधन और संरक्षण के लिए एनआईयूए द्वारा तैयार किये जा रहे प्रोजेक्ट पर जिलास्तरीय पदाधिकारियों के साथ सेमीनार का। बैठक में राजस्व पर्षद के सचिव गिरिवर दयाल सिंह, जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, बेतिया एसपी डा. शौर्य सुमन, बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज, बेतिया राज प्रबंधक अनिल कुमार सिंहा, निगम आयुक्त लक्ष्मण तिवारी के अलावे जिलास्तरीय पदाधिकारी व विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता आदि मौजूद थे। बेतिया राज की भूमि एवं परिसम्पतियों से संबंधित मंतव्य सुझाव को लेकर सेमिनार में बेतिया राज की भूमि एवं परिसम्पतियों का संरक्षण और प्रबंधन, ऐतिहासिक महत्व और सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण, भूमि एवं परिसम्पतियों के विकास और उपयोग के लिए सुझाव आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। सेमिनार में विशेषज्ञों और अधिकारियों ने अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए, जिससे बेतिया राज की भूमि एवं परिसम्पतियों के संरक्षण और विकास के लिए एक प्रभावी योजना बनाई जा सके। एनआईयूए के अधिकारियों ने पीपीटी के माध्यम से अबतक तैयार किये गये मास्टर प्लान की जानकारी दी गयी। और उसमें आवश्यक संसोधन, सुझाव मांगे गये। अध्यक्ष सह सदस्य श्री प्रसाद, ने कहा कि बेतिया राज का समृद्धशाली, गौरवशाली इतिहास रहा है। कई बार बेतिया राज की जमीन का सर्वे कराया गया है। सर्वे के उपरांत बिहार एवं उत्तरप्रदेश राज्य में बेतिया राज की लगभग 25 हजार एकड़ भूमि है।

## बिजली की अनियमित आपूर्ति से उपभोक्ता परेशान

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिजली की अनियमित आपूर्ति से इन दिनों शहरी और ग्रामीण इलाकों में एक बार फिर उपभोक्ता इस उमस भरी गर्मी में परेशान हो गए है। बुधवार की रात और गुरुवार की सुबह में शहर के कई वार्डो में घंटों बिजली गुल रही। शहर के उपभोक्ता प्रतीक अग्रवाल, अरविंद कुमार, पिंटू कुमार,विनोद कुमार समेत अन्य ने बताया कि भीषण गर्मी में इन दिनों बिजली आपूर्ति की हालत बाद से बदतर हो गई है। बुधवार की रात में काफी देर तक बिजली गुल रही। जबकि गुरुवार की सुबह भी यहीं हाल रहा। ऐसे में इस भीषण गर्मी में रात को चौन की नींद और दिन में हाल बेहाल हो जा रहा है। लोग सोसल मीडिया पर अनियमित आपूर्ति को लेकर कड़ी निंदा कर रहे है। इधर ग्रामीण क्षेत्रो में भी बुधवार की देर रात से लेकर गुरुवार की सुबह तक बिजली लो वोल्टेज की समस्या बनी रही। इस कारण मुरली, पीपरा, सुगौली, अंजुआ, जमुनिया समेत कई गांवों के लोग हैरान परेशान रहे। लो वोल्टेज के कारण पंखा समेत बिजली से चलने वाले अन्य उपकरण बंद रहे। उधर विद्युत एसडीओ चंदन कुमार ने बताया कि शहर के वार्ड एक में तार बदलने को लेकर कुछ देर के लिए बिजली बंद थी।

## बेतिया पुलिस ने 40 मोबाइल धारकों को सौंपा मोबाइल फोन

**खोया मोबाईल फोन पाकर लोग हुए खुश**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत बेतिया पुलिस ने पुनः एक बार फिर 40 मोबाईल धारकों के चेहरे पर मुस्कान लौटायी है। विभिन्न थाना क्षेत्रों में गुम या चोरी हुए 40 लोगों का मोबाइल फोन ढूंढ कर उन्हें गुरूवार को सौंपा गया। पुलिस कार्यालय में एसपी डा. शौर्य सुमन ने विभिन्न मोबाईल धारकों को उनका गुम हुआ मोबाइल फोन सौंपा।

एसपी ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत 40 लोगों को मोबाइल फोन वापस दिया गया है। वापस किए गए मोबाइल फोन की कीमत करीब आठ लाख रुपये है। विभिन्न थाना क्षेत्रों में ये मोबाइल फोन चोरी या गुम हुए थे। लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के आलोक में मोबाइल फोन ढूंढ कर उन्हें वापस किया गया है। एसपी ने कहा कि गुम हुए मोबाइल फोन ढूंढने के लिए पुलिस कई तकनीक का उपयोग कर रही है। इसमें आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है।

गुम होने के बाद फिर से मोबाइल प्राप्त करने वाले लोगों ने कहा कि मोबाइल फोन गुम हो जाने के बाद इसके मिलने की उम्मीद छोड़ दिए थे। काफी दिन बीत जाने के बाद अब यह जेहन से निकल गया था। अचानक पुलिस सूचना दी कि उनका मोबाइल मिल गया है आकर ले जाए। यह सुनकर काफी खुशी हुई। अपना मोबाइल फोन पाकर काफी अच्छा लग रहा है। मोबाइल फोन गायब होने के बाद पुलिस ने ढूंढ कर उन्हें लौटा दिया है। बता दे कि गुम हुए मोबाइल फोन ढूंढने के लिए पुलिस एक वेबसाइट लांच की है। मोबाइल फोन चोरी या गुम होने पर आमलोग अपने आधार नंबर और मोबाइल फोन का बिल व उससे संबंधित सारी डिटेल उक्त कॉलम में अपलोड करते है। पुलिस की आसूचना इकाई के टीम उसे चेक कर संबंधित व्यक्ति से बात कर वेरीफाई करती है। फिर संबंधित व्यक्ति को एक रजिस्ट्रेशन नंबर दिया जाता है। मोबाइल फोन मिलने के बाद उनसे संपर्क कर उन्हें उनका मोबाइल फोन लौटाया जाता है।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर टीकाकरण अभियान का सफल आयोजन

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय वार्ड संख्या 06 अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 308 पर गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में एएनएम (सहायक नर्स दाई) आरती कुमारी सिंह ने टीकाकरण कार्य का संचालन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाएं, किशोरियां तथा छोटे बच्चों की उपस्थिति रही। साथ ही, फेसिलेटर और स्थानीय स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद रहे। टीकाकरण कार्यक्रम के दौरान एएनएम आरती कुमारी सिंह ने बच्चों को विभिन्न आवश्यक टीके दिए और साथ ही माताओं को नियमित टीकाकरण की महत्ता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को समय पर टीका लगवाना उनके बेहतर स्वास्थ्य और भविष्य के लिए जरूरी है। जिन बच्चों को सुई दी गई, उन्हें अगले दिन बर्फ से सेंकाई करने की सलाह दी गई ताकि सूजन और दर्द से राहत मिल सके।गर्भवती महिलाओं को उनके खान-पान, पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। श्रीमती सिंह ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि अत्यधिक गर्मी में आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें और सिर को कपड़े या छाते से ढककर ही धूप में जाएं।

## मदन बने रोटरी क्लब बेतिया टाउन के अध्यक्ष तो डा. संतोष सचिव

**चौथा इंस्टालेशन प्रोग्राम संपन्न**




**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रोटरी क्लब बेतिया टाउन का चौथा इंस्टॉलेशन कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर आगामी सत्र के लिए अध्यक्ष के रूप में मदन बनिक और सचिव के रूप में डॉ संतोष ने कार्यभार संभाल लिया। मुख्य अतिथि के रूप में पीडिजी डा. बिंदु सिंह उपस्थित थी। उन्होंने अपने संबोधन में रोटरी क्लब बेतिया टाउन के अंतर्गत पूर्व अध्यक्ष डीके सिंह और सचिव अजय शर्मा के द्वारा संपादित किए गए सभी प्रोजेक्ट कार्यों की प्रशंसा की और नया पदभार संभालने वाले अध्यक्ष मदन बनिक और उपाध्यक्ष डॉ संतोष को शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर रोटरेक्ट और इंटरेक्ट क्लब के युवक युवतियों को मुख्य अतिथि के द्वारा विशेष शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का संचालन स्वाति झुनझुनवाला और अनुराग अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर जिले के अलग-अलग सामाजिक संगठनों के विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन इकबाल रजा, रोटेरियन शीला रंजन, बिहार प्रदेशिक मारवाड़ी संघ के अध्यक्ष संजय झुनझुनवाला, रोटेरियन रेनू शर्मा, रोटेरियन इमानुएल शर्मा,रोटेरियन रमेश तोदी,इनर व्हील क्लब का बेतिया की प्रेसिडेंट कविता बरनवाल सहित कई अन्य गणमान्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में नरकटियागंज, मोतिहारी, गोपालगंज के भी वरिष्ठ रोटेरियन उपस्थित थे। बेहतर कार्य करने वाले रोटेरियन तथा प्रेस प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन रोटेरियन शरद झुनझुनवाला ने किया।

## उर्वरक निगरानी समिति की बैठक में विक्रेताओं को सख्त निर्देश

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को उर्वरक निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सूक्ता मुखी ने की। इस दौरान सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, उर्वरक विक्रेता, किसान प्रतिनिधि एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण केतन एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनवर अबू लेस ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि सभी उर्वरक विक्रेता सरकार द्वारा निर्धारित दर पर ही उर्वरक बेचें। उन्होंने बताया कि यूरिया का मूल्य 266 रुपये 50 पैसे प्रति बोरी निर्धारित है। किसी भी स्थिति में इससे अधिक मूल्य नहीं लिया जाएगा। अगर किसी विक्रेता द्वारा अधिक कीमत वसूली की शिकायत मिलती है तो उसकी दुकान का निबंधन रद्द कर दिया जाएगा और उसके विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि उर्वरक निगरानी समिति के सदस्य प्रखंड क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करेंगे और दुकानों की जांच करेंगे। साथ ही, किसानों को सलाह दी गई कि वे आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक की खरीद करें, ताकि कालाबाजारी और अनावश्यक भंडारण को रोका जा सके।राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी और शिकायत पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## विद्युत विभाग की लापरवाही पर आयोग सख्त

**गलत बिजली बिल पर उपभोक्ता को मिला न्याय, विभाग को देना होगा 10 हजार जुर्माना**

नव बिहार टाइम्स ब्यूरो

**सिवान।** ग्राम सहलौर, थाना सराय ओपी, जिला सिवान निवासी डॉ. दिवाकर कुमार को बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्हें 3,11,499 रुपये का गलत बिजली बिल थमा दिया गया, जिसे सुधारने के लिए उन्होंने विभाग से कई बार संपर्क किया, लेकिन हर बार निराशा हाथ लगी। अंततः उन्होंने उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया।




**बिना सुनवाई के भेजा गया था मोटा बिल**

शिकायतकर्ता डॉ. दिवाकर कुमार के अनुसार, जब उन्हें अत्यधिक बिल मिला तो वे बार-बार विद्युत विभाग कार्यालय गए और अधिकारियों से त्रुटि सुधारने की गुहार लगाई। बावजूद इसके, विभाग ने उनकी समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। अंततः न्याय के लिए उन्होंने जिला उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया।

**दोनों पक्षों की पेशी, आयोग ने सुनी दलीलें**

मामले की सुनवाई के दौरान आयोग के अध्यक्ष माननीय जयराम प्रसाद और सदस्य माननीय मनमोहन कुमार ने दोनों पक्षों से दस्तावेज मंगवाए। शिकायतकर्ता और विपक्षी दोनों ने अपने-अपने पक्ष में गवाही दी। विस्तृत जांच और सुनवाई के बाद आयोग ने स्पष्ट रूप से पाया कि ₹3,11,499 का विद्युत बिल पूर्णतः त्रुटिपूर्ण है। विभाग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों में आपसी विरोधाभास भी देखा गया, जिससे साबित हुआ कि विभाग बिल की वैधता प्रमाणित नहीं कर सका।

**बिल त्रुटिपूर्ण, कनेक्शन बहाल करने का आदेश**

आयोग ने आदेश दिया कि शिकायतकर्ता का बकाया शून्य माना जाए और उनका विद्युत कनेक्शन एक सप्ताह के भीतर पुनः बहाल किया जाए। साथ ही मानसिक पीड़ा और वाद खर्च के एवज में ₹10,000 की क्षतिपूर्ति की राशि 30 दिनों के भीतर शिकायतकर्ता को दी जाए।

**नहीं मानी बात तो कार्रवाई तय**

आयोग ने यह भी निर्देशित किया कि यदि तय समयसीमा में विभाग ने आदेश का पालन नहीं किया, तो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 72 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसमें कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, कार्यपालक अभियंता और राजस्व पदाधिकारी — सभी पर ₹10,000 का हजार्ना, 6% वार्षिक ब्याज सहित वसूली की जाएगी।

**बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही उजागर**

यह मामला बिजली विभाग की कार्यशैली और उपभोक्ताओं के प्रति उदासीन रवैये को उजागर करता है। आयोग के फैसले से जहां उपभोक्ता को राहत मिली है, वहीं विभाग के लिए यह चेतावनी भी है कि यदि लापरवाही जारी रही तो दंड भुगतने के लिए तैयार रहें।

## किसानों के बीच लोकप्रिय हो रहा है ड्रैगन फ्रूट

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बदलते समय के साथ किसानों का रुझान पारंपरिक फसलों से हटकर लाभकारी और निर्यातयोग्य फलों की खेती की ओर बढ़ रहा है। इसी कड़ी में ड्रैगन फ्रूट, जिसे कमलम के नाम से भी जाना जाता है, पश्चिम चंपारण जिले के किसानों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट की खेती किसानों के लिए आय का एक बेहतर स्रोत बन सकती है।डॉ. सिंह के अनुसार, यह फल इजराइल, श्रीलंका, थाईलैंड और वियतनाम जैसे देशों में पहले से ही व्यावसायिक रूप से उगाया जा रहा है।

अब भारत में भी इसकी खेती का रकबा लगातार बढ़ रहा है। इसकी खास बात यह है कि इसे लगभग सभी प्रकार की उपजाऊ मिट्टी में उगाया जा सकता है, बशर्ते खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था हो।ड्रैगन फ्रूट में प्रचुर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैं। यह फल डायबिटीज, हृदय रोग, कैंसर, कोलेस्ट्रॉल, पेट विकार, गठिया और डेंगू जैसी बीमारियों में लाभकारी माना जाता है। इसके नियमित सेवन से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है।

डॉ. सिंह ने बताया कि ड्रैगन फ्रूट की प्रमुख तीन किस्में हैं सफेद, पीला और लाल-गुलाबी। इनमें लाल-गुलाबी किस्म अधिक लोकप्रिय है क्योंकि इसका स्वाद बेहतर होता है और यह बाजार में ऊंचे दाम पर बिकता है। इसकी खेती के लिए 45.45.45 सेंटीमीटर के गड्ढों में 8-10 किलोग्राम गोबर की सड़ी खाद और 150 ग्राम नीम की खली मिलाकर पौध लगाए जाते हैं। लगभग 14 से 16 महीने में पौधों से फल मिलना शुरू हो जाता है और एक विकसित पौधे से 1.5 से 2 किलोग्राम तक फल प्राप्त होता है। खास बात यह है कि एक बार लगाए गए पौधे 20 से 25 वर्षों तक उपज देते हैं।

ड्रैगन फ्रूट की बढ़ती मांग और इसके स्वास्थ्यवर्धक गुणों को देखते हुए यह किसानों के लिए न केवल आर्थिक रूप से लाभदायक है, बल्कि यह खेती को नवाचार और आत्मनिर्भरता की ओर भी अग्रसर कर रहा है।

# तलवारबाजी में जहानाबाद की आस्था ने झटका स्वर्ण पदक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** कहते हैं कि अगर हौसले बुलंद हों तो जीत अपने आप कदम चूमती है। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है जहानाबाद के बच्चों ने, जिन्होंने राज्यस्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और तीन कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। 18 से 20 जुलाई तक पटना के खेल भवन में बिहार तलवारबाजी संघ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में जहानाबाद तलवारबाजी संघ की ओर से 10 खिलाड़ियों की टीम ने भाग लिया। संघ के सचिव अणुशक्ति सिंह ने बताया कि अंडर-14 सब-जूनियर बालिका वर्ग में आस्था कुमारी कश्यप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। वहीं अंडर-14 बालक वर्ग में नवोदित खिलाड़ी सूरज कुमार और अंडर-17 कैडेट वर्ग में कुणाल सिंह आर्य ने कांस्य पदक जीता। खास बात यह रही कि कुणाल ने अंडर-20 जूनियर वर्ग में भी कांस्य पदक हासिल कर दोहरी उपलब्धि अपने नाम की। कुणाल अब तक 9 बार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं।
सचिव अणुशक्ति सिंह ने बताया कि सभी पदकधारी खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने पदक विजेताओं को सम्मानित करने की घोषणा करते हुए कहा जहानाबाद के बच्चे दिन-दूना रात-चौगुना आगे बढ़ रहे हैं। हमारी शुभकामनाएं उनके साथ हैं। वे आगे भी जिले और राज्य का नाम रोशन करते रहेंगे। इस मौके पर समिति के सदस्य, अभिभावक और वरिष्ठ खिलाड़ी बच्चों की सफलता पर गदगद नजर आए। प्रतियोगिता में मिले इन पदकों ने जिले में उत्साह का माहौल बना दिया है।

# ड्यूटी से अनुपस्थित दो अधिकारी निलंबित

# श्रावणी मेला में लापरवाही पर प्रशासन सख्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** श्रावणी मेला के दौरान वाणावर धाम में विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने में लापरवाही बरतने वाले दो सरकारी कर्मियों पर जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। राजस्व कर्मचारी संजय कुमार चौधरी को मजिस्ट्रेट ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं जिला उद्योग केंद्र, जहानाबाद में पदस्थापित परियोजना प्रबंधक दिनेश कुमार साहनी को भी कर्तव्यों के प्रति उदासीनता बरतने के आरोप में निलंबन की कार्रवाई के साथ-साथ विभागीय अनुशासनात्मक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।
इस संबंध में जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने दो टूक कहा कि श्रावणी मेला जैसे महत्वपूर्ण पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था में कोई भी कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, चिकित्सा सेवा, पेयजल, ट्रैफिक रूट प्लान और भीड़ नियंत्रण को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के नेतृत्व में पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार निरीक्षण और समीक्षा की जा रही है। वरिष्ठ अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति के साथ-साथ मेला क्षेत्र में विशेष नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर 24 घंटे निगरानी की व्यवस्था की गई है।प्रशासन ने सभी पदाधिकारियों को सख्त हिदायत दी है कि वे पूरी जिम्मेदारी, तत्परता और संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। अनुपस्थिति या लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# जेनरेटर सेट पड़ा बेकार, गर्मी में तड़प रहे बेबस मरीज, डॉक्टर भी खुले में कर रहे इलाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में गुरुवार सुबह से बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण मरीजों और चिकित्सकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी और उमस के बीच पंखे और लाइट बंद रहने से अस्पताल में मरीज बेहाल हैं। हालात यह हैं कि इमरजेंसी और जनरल वार्ड दोनों में मरीज बिजली के अभाव में व्याकुल नजर आए। इस दौरान मरीजों के परिजन खुद हाथों से पंखा झलकर मरीजों की देखभाल करने को मजबूर थे।जहानाबाद में इन दिनों लगातार तेज उमस और गर्मी पड़ रही है, जिससे आमजन परेशान है। ऐसे में बिजली के अभाव में सदर अस्पताल की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। मरीजों के लिए लगाए गए जनरेटर से वार्डों में राहत नहीं मिल पा रही है क्योंकि जनरेटर पूरी लोड नहीं उठा पा रहा है। नतीजतन, वार्डों और इमरजेंसी कक्ष में भीषण गर्मी से मरीजों की हालत बिगड़ रही है। बिजली कटौती की इस गंभीर समस्या को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के एक जनप्रतिनिधि ने अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने मीडिया से बातचीत में राज्य सरकार को इस स्थिति का जिम्मेदार ठहराया और आरोप लगाया कि सरकार '125 यूनिट मुफ्त बिजली' के नाम पर लोगों को भ्रमित कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर व्यवस्था बदहाल है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में बिजली नहीं रहने से मरीजों को गंभीर दिक्कतें हो रही हैं और डॉक्टर भी असहज स्थिति में काम कर रहे है। हालांकि गर्मी और अंधेरे के बावजूद डॉक्टरों ने पूरी निष्ठा से अपनी ड्यूटी निभाई। अपने चैंबर में गर्मी और अंधेरा होने के कारण कई डॉक्टर खुले में मरीजों को देख रहे थे, ताकि उन्हें राहत मिल सके। नर्सिंग स्टाफ, वार्ड ब्वॉय और सफाई कर्मी भी मरीजों की सेवा में लगे थे, पर संसाधनों की कमी के कारण व्यवस्था चरमरा गई है। परेशान मरीजों के परिजनों ने बताया कि जनरेटर होने के बावजूद उसे समय पर नहीं चलाया जाता है। कई बुज़ुर्गों और महिलाओं को गर्मी के कारण चक्कर आने और सांस लेने में दिक्कत की शिकायत भी हो रही थी। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से शीघ्र बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग करते हुए अस्पताल प्रशासन की लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि इस प्रकार की घटना दोबारा न हो, इसके लिए अस्पताल में वैकल्पिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि आपात स्थिति में मरीजों की जान जोखिम में न पड़े।

# 10 लाख की चोरी करने वाला धराया

## गोह पुलिस ने तकनीकी व मानवीय अनुसंधान के आधार पर की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के सरेया गांव में बैंक प्रबंधक के बंद घर में हुई करीब 10 लाख की चोरी मामले में पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान पुनदौल गांव निवासी सियाराम पासवान के पुत्र सूरज कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष मो. इरशाद ने बताया कि बीते 24 फरवरी को सरेया गांव निवासी बैंक प्रबंधक शशि रंजन सिंह के घर में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया था। घटना के वक्त पीड़ित परिवार किसी अन्य स्थान पर रह रहा था। अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर अलमारी, ट्रंक और गोदरेज से नकदी, लाखों रुपये के जेवरात, बर्तन, कपड़े व अन्य सामान की चोरी कर ली थी। इस संबंध में 3 मार्च को थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन कर छानबीन शुरू की। मानवीय संसाधन और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर सूरज कुमार की संलिप्तता सामने आई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अन्य आरोपितों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

# शैक्षिक परिभ्रमण पर रवाना हुए छात्र-छात्राएं

## प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हसपुरा (औरंगाबाद)।** मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय, खुटहन के छात्र-छात्राओं का दल गुरुवार को ऐतिहासिक स्थलों राजगीर, नालंदा और पावापुरी के लिए रवाना हुआ। इस दल को प्रभारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अशोक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अशोक कुमार ने छात्र-छात्राओं को परिभ्रमण के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण छात्रों की बौद्धिक, मानसिक व शारीरिक क्षमताओं के विकास में सहायक होता है। यह अनुभव बच्चों को देखने, सीखने, प्रश्न पूछने और जिज्ञासु बनने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने यात्रा के दौरान सावधानी बरतने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। विद्यार्थियों के दल का नेतृत्व प्रभारी प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार कर रहे हैं। उनके साथ शिक्षक मनोज कुमार, विकास कुमार सिंह, चांदनी कुमारी, नीलम कुमारी मिश्रा, वीणा कुमारी, गोल्डी कुमारी, धर्मेंद्र कुमार यादव, अमरेंद्र नारायण, संजीव कुमार एवं मो. असगर अंसारी भी भ्रमण पर गए हैं। सभी शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों को इतिहास और भूगोल की समृद्ध जानकारी मिलती है और वे अपनी सांस्कृतिक धरोहर से सीधे जुड़ पाते हैं।

# जूनियर रेड क्रॉस के तत्वावधान में देवबंशी उच्च विद्यालय सुंदरगंज में पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह के निर्देश पर जिलेभर में जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जूनियर रेड क्रॉस औरंगाबाद के तत्वावधान में बारुण प्रखंड के दुधार पंचायत स्थित राजकीयकृत देवबंशी उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुंदरगंज में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई जूनियर रेड क्रॉस के जिला काउंसलर एवं सचिव निरंजय कुमार ने की। उन्होंने बताया कि उप विकास आयुक्त के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण कराया जा रहा है। विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं ने एक-एक पौधा लगाकर उसे संरक्षित करने का संकल्प लिया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार, शिक्षकगण शिवम कुमार, गौतम जायसवाल, विक्रम कुमार, संतोष कुमार, संजय कुमार, आलोक कुमार, धर्मेंद्र कुमार एवं जियाउद्दीन अहमद सहित छात्राएं आरोही कुमारी, जूही कुमारी, खतीजा प्रवीण, हसदी परवीन, आरोही कुमारी तथा छात्र करण कुमार, अमन कुमार, रोहित कुमार, आकर्ष कुमार और अमर कुमार ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पौधारोपण के बाद उपस्थित शिक्षक और विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर की। जिला काउंसलर निरंजय कुमार ने कहा कि जूनियर रेड क्रॉस द्वारा लगातार पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों जैसे पौधारोपण, जनजागरुकता और स्वच्छता अभियान का आयोजन किया जा रहा है, ताकि नई पीढ़ी प्रकृति के प्रति सजग और जिम्मेदार बन सके।

## एक नजर

### अलग-अलग स्थानों से तीन लापता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र में लापता लोगों से जुड़े तीन अलग-अलग मामलों में परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। इनमें एक युवक, एक नाबालिग छात्रा और एक युवती के लापता होने की शिकायतें शामिल हैं। सभी मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। **डिप्रेशन में चल रहे थे भरत, पत्नी ने दर्ज कराई प्राथमिकी** बाबूगंज शिक्षक कॉलोनी निवासी भरत कुमार गुप्ता के लापता होने पर उनकी पत्नी सुशीला देवी ने रफीगंज थाने में आवेदन देकर बताया कि वे 18 जुलाई को किसी के बहकावे में आकर घर से निकल गए और वापस नहीं लौटे। उनके पास सभी दस्तावेज और मोबाइल फोन भी है। जाते समय वे चेकदार शर्ट और नीली फुलपैंट पहने हुए थे। सुशीला देवी ने बताया कि भरत कुछ दिनों से अवसाद में थे। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

**नाबालिग छात्रा टेम्पू चालक के साथ लापता**

वहीं, पौथु थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपनी 16 वर्षीय पुत्री के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में कहा गया है कि छात्रा रफीगंज के एक सरकारी स्कूल में दसवीं कक्षा में पढ़ती है और रोज गांव से स्कूल आने-जाने के लिए सिहुली गांव निवासी एक टेम्पू चालक की मदद लेती थी। 16 जुलाई को छात्रा स्कूल से छुट्टी के बाद घर नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद परिजनों को संदेह हुआ कि टेम्पू चालक ही छात्रा को अपने साथ भगा ले गया है। दोनों के मोबाइल बंद हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच की जा रही है।

### परीक्षा देने गई युवती लापता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** रफीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीया युवती के मामा ने थाने में आवेदन देकर बताया कि उनकी भांजी 18 जुलाई को परीक्षा देने औरंगाबाद के एक कॉलेज गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों को शक है कि आशा बिगहा गांव का एक युवक, जिससे युवती की बातचीत होती थी, बहला-फुसलाकर शादी की नीयत से उसे भगा ले गया है। युवक भी उसी दिन से घर से गायब है। पुलिस इस मामले की भी जांच कर रही है।

# नवनिर्वाचित सरपंच ने ली शपथ, संभाला कार्यभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीडीओ कार्यालय में गुरुवार को गोरडीहा पंचायत के नवनिर्वाचित सरपंच उदय कुमार सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। प्रखंड विकास पदाधिकारी उपेन्द्र दास ने उन्हें शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के बाद सरपंच ने कहा कि वे जनता के विश्वास पर खरा उतरेंगे और पंचायत के हर गांव का समुचित विकास सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने पंचायत स्तर पर ही जनसमस्याओं के त्वरित समाधान का भरोसा भी दिलाया। इस अवसर पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार बर्मा, पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद, पूर्व जदयू अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, बबलू कुमार, राजेश यादव, श्रवण यादव एवं सुधीर चंद्रवंशी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चिराग पासवान के स्वागत को लोजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की आगामी 26 जुलाई को गया के गांधी मैदान में होने वाली रैली को लेकर लोजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। पार्टी नेताओं का दावा है कि यह सिर्फ एक रैली नहीं, बल्कि जनसैलाब यानी 'रैला' में तब्दील हो जाएगी। पार्टी के प्रदेश सचिव एवं रोहतास जिला प्रभारी विजय कुमार अकेला ने कहा कि यह आयोजन लोजपा के लिए ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा चिराग पासवान का नारा 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' आज जन-जन की आवाज बन गया है। यह केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि युवाओं की आकांक्षाओं और बिहार के विकास की दिशा है। उन्होंने बताया कि इस रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए मगध क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता जी-जान से जुटे हुए हैं। खासकर हसपुरा और गोह प्रखंड में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है।

# खानपान की आदत में बदलाव कर बीमारी की जकड़ से रहें दूर

**डॉ रंजीत कुमार भारतीय/ नबिटा ब्यूरो**

**जहानाबाद।** आज का युग प्रतिस्पर्धा और उत्पादकता का है। हर कोई दौड़ रहा है। किसी को करियर की सीढ़ियों पर चढ़ने की जल्दी है तो कोई समाज में पहचान बनाने की जद्दोजहद में है। वहीं कोई आर्थिक सफलता की अंधी होड़ में भाग रहा है। इस भीड़ में एक चीज जो सबसे ज्यादा उपेक्षित है, वह है हमारा स्वास्थ्य।
पहले भी यह एक लोकप्रिय कहावत थी पहला सुख निरोगी काया, स्वास्थ्य है, तो धन है। ये सिर्फ एक पुरानी कहावत नहीं, बल्कि जीवन का मौलिक सत्य है। लेकिन हम इस सत्य को बार-बार भुलाते जा रहे हैं। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, जो किसी भी जीवन की नींव है, आज इसकी हम उपेक्षा कर रहे हैं इसके गंभीर परिणाम भी लोगों के सामने आ रहे हैं। इस विषय पर एम्स पटना के जनरल सर्जरी विभाग के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. अश्विनी ने जो विचार साझा करते हुए कहा वो न केवल चिकित्सकीय चेतावनी है, बल्कि एक सामाजिक और वैचारिक चेतावनी भी है।

**बीमारी को न करें नजरअंदाज , समय रहते कराएं उपचार**

डॉ. अश्विनी कहते हैं कि अक्सर लोग शरीर में होने वाली शुरुआती तकलीफों को गंभीरता से नहीं लेते। सिर दर्द, पेट दर्द, थकान, नींद की गड़बड़ी या मामूली सूजन को आम मान कर टाल दिया जाता है। लेकिन ये लक्षण कई बार किसी गंभीर रोग का संकेत होते हैं। बीमारी की पहचान और इलाज में जितनी देरी होगी, शरीर उतना ही अधिक प्रभावित होगा। कई बार अंदर ही अंदर बढ़ता रोग अचानक एक दिन जानलेवा स्थिति में पहुँच जाता है।जागरूकता और नियमित हेल्थ चेकअप को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने लोगों को सलाह दिया कि प्राथमिक लक्षणों को अनदेखा करने की प्रवृत्ति बदले।

**लाइफस्टाइल डिजीज का बढ़ता ख़तरा : कम उम्र में गंभीर बीमारियां**

पहले जहां उच्च रक्तचाप, डायबिटीज़, फैटी लिवर, हृदय रोग जैसी बीमारियां 50 साल से ऊपर की उम्र में देखने को मिलती थीं, अब ये समस्याएं 25-30 की उम्र में या कहें की और छोटी उम्र में भी लोगों को घेरने लगी हैं।असंतुलित भोजन, शारीरिक निष्क्रियता , देर रात सोना, सुबह देर से उठना तथा तनाव और डिजिटल सक्रियता इसके प्रमुख कारण हैं। आज के परिवेश में सच कहा जाए तो युवा पीढ़ी को अपनी जीवनशैली में झांकने की जरूरत है । केवल पैसा कमाना ही जीवन नहीं है, शरीर भी एक पूंजी है, यदि वह चला गया, तो बाकी सब कुछ व्यर्थ हो सकता है।

**व्यायाम: जीवन का अनिवार्य अंग**

डॉ. अश्विनी स्पष्ट रूप से कहते हैं कि ङ्करोजाना कम से कम 30 मिनट का व्यायाम ज़रूरी है।ङ्क लेकिन अफ़सोस, आज के दौर में अधिकांश लोग या तो समय का बहाना बनाते हैं, या आलस में दिन बिताते हैं। व्यायाम केवल शरीर के लिए नहीं, दिमाग और मन के लिए भी संजीवनी है। नियमित योग, टहलना, प्राणायाम, हल्की कसरत न केवल बीमारियों से लड़ने की शक्ति देता है, बल्कि जीवन की ऊर्जा भी बढ़ाता है। व्यायाम को आदत बनाना हर व्यक्ति की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है।

**खानपान : मॉडर्न जहर और पारंपरिक न्यूट्रीशन के बीच जंग**

आज की थाली स्वाद से भरी हो सकती है, लेकिन पोषण से नहीं। बतौर डॉ. अश्विनी जो आहार संबंधी सुझाव देते हैं, वे सुनने में सरल लगते हैं, परंतु आज की व्यस्त संस्कृति में इनका पालन कठिन माना जाता है।वे कहते हैं कि थाली में सलाद जरूर रखें और सलाद भोजन से पहले खाएँ ताकि पेट सलाद से ही भर जाए और जिससे ओवरईटिंग भी नहीं होगा।
हाफ-फ्राइड सब्ज़ियां खाएं क्योंकि सब्जियों को ज़्यादा पकाने से उनके पोषक तत्व खत्म हो जाते हैं। रिफाइंड तेल, चीनी और मैदा को कहें ना क्योंकि ये आधुनिक आहार के 'तीन सफ़ेद ज़हर' हैं जो शरीर को धीमे ज़हर की तरह नुकसान पहुंचाते हैं। पैकेज्ड आटा से बचें क्योंकि इसमें चोकर (फाइबर) नहीं होता, जो पाचन में मदद करता है। बेहतर है कि घर का मोटा आटा पिसवाएं या मल्टीग्रेन अपनाएं। यदि पैकेट आटा खाने का ही आपके पास विकल्प है तो उसमें थोड़ा सा चोकर मिला लें। जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव जैसे घर का खाना, मौसमी फल, पानी की पर्याप्त मात्रा और जंक फूड से दूरी आपकी ज़िंदगी बदल सकता है ।

**मानसिक स्वास्थ्य की अनदेखी**

आज की भागदौड़, अनिश्चितता और सफलता की निरंतर प्यास लोगों को मानसिक रूप से थका रही है। तनाव, चिंता, और डिप्रेशन आम होते जा रहे हैं।

# करंट लगने से तीन दुधारू गायों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के दक्षिणी दौलतपुर गांव में देर रात एक हादसे में तीन दुधारू गायों की करंट लगने से मौत हो गई। यह हादसा तेज बारिश के दौरान खटाल में बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होने के कारण हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खटाल मालिक रामधार यादव ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण पूरे खटाल परिसर में करंट फैल गया। उस समय तीनों गायें खटाल में ही बंधी हुई थी और करंट की चपेट में आकर मौके पर ही उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मरने वाली सभी गायें दुधारू थीं और रोजाना कई लीटर दूध देती थी। इस हादसे से उन्हें लगभग 1.75 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। रामधार यादव ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि गांव में लगे अधिकतर बिजली बॉक्स खराब हालत में हैं और शॉर्ट सर्किट की घटनाएं आम बात हो गई हैं।

# आयुष्मान वय वंदना कार्ड को लेकर बुजुर्गों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जनकल्याण और पीड़ित मानवता के सेवा संकल्प के साथ कार्यरत चर्चित सामाजिक संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा बुजुर्गों की सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित करने को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में संस्था के संस्थापक-सचिव बमेंद्र कुमार सिंह ने गुरुवार को बारुण प्रखंड के सोन घाट स्थित एक आश्रम में 70 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड के प्रति जागरूक किया। इस दौरान बमेंद्र ने बताया कि यह विशेष कार्ड केंद्र सरकार की योजना के तहत बुजुर्गों को स्वास्थ्य बीमा के रूप में पांच लाख रुपये तक की सुविधा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी बुजुर्ग के पास पहले से आयुष्मान भारत कार्ड है, तब भी वय वंदना कार्ड से उन्हें अतिरिक्त लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा 30 जुलाई को सोन तट स्थित आश्रम परिसर में एक विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा, जहां बुजुर्गों के आयुष्मान वय वंदना कार्ड निःशुल्क बनाए जाएंगे। कार्ड बनवाने के लिए आधार कार्ड अनिवार्य होगा। बमेंद्र ने कहा कि परिवारों में सबसे अधिक उपेक्षित और असहाय बुजुर्ग होते हैं, इसलिए उनकी देखभाल और स्वास्थ्य सुरक्षा हमारा सामाजिक दायित्व है। पथ प्रदर्शक द्वारा 2021 से ही आयुष्मान भारत योजना के प्रति लाभुकों को जागरूक कर लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर टीम पथ प्रदर्शक के सदस्य विनोद बिहारी, विश्वनाथ चौधरी, रामजी चौधरी, गोविंद चौधरी, शांति देवी, भीखम चौधरी, तारकेश्वर प्रसाद, उपेंद्र चौधरी सहित कई बुजुर्गजन उपस्थित थे।

# प्रसिद्ध अधिवक्ता मुखलाल सिंह की सातवीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित अधिवक्ता मुखलाल सिंह की सातवीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को जिला विधिज्ञ संघ परिसर में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं एवं न्यायिक अधिकारियों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने मुखलाल सिंह के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने लगभग पांच दशक तक वकालत के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए न्याय और सामाजिक सरोकारों के लिए कार्य किया। वे न केवल एक उत्कृष्ट विधिवेत्ता थे, बल्कि गरीब मुवक्किलों और नवोदित अधिवक्ताओं के सहयोगी और मार्गदर्शक भी थे। मुखलाल सिंह भारतीय कम्युनिस्ट विचारधारा के प्रबल समर्थक रहे और वकालत को सामाजिक न्याय का माध्यम मानते थे। उनकी सेवाओं के लिए पटना हाईकोर्ट के न्यायमूर्तियों द्वारा भी उन्हें सम्मानित किया गया था। उनके सान्निध्य में अनेक युवा अधिवक्ताओं ने फौजदारी सहित अन्य विधिक मामलों में अपनी वकालत की शुरुआत की। इस अवसर पर जिला विधिज्ञ संघ अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय, महासचिव जगन्नारायण सिंह, लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, सरकारी अधिवक्ता बृजा प्रसाद, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, क्षितिज रंजन, सबीता कुमारी, कुणाल रंजन, सतीश कुमार स्नेही, सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी, पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, पूर्व सचिव नागेंद्र सिंह, परशुराम सिंह सहित कार्यसमिति के सदस्य व बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। सभा के अंत में सभी ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेने तथा अधिवक्ताओं में सहयोग और समर्पण की भावना को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

# करंट की चपेट में आया किसान, हालत नाजुक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** सदर प्रखंड के लरसा पंचायत अंतर्गत गौरापुर गांव में गुरुवार को खेत में काम कर रहे किसान मेघू रविदास करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। घटना उस वक्त हुई जब खेत के पास एक पेड़ से सूखी डाल टूटकर नीचे से गुजर रही बिजली की तार पर जा गिरी। इससे तार टूटकर सीधे खेत में गिर पड़ा और वहीं मौजूद किसान मेघू रविदास करंट की चपेट में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करंट लगते ही मेघू रविदास खेत में ही बेसुध होकर गिर पड़े और करीब 10 मिनट तक कोई उन्हें छूने की हिम्मत नहीं कर सका। बाद में जब स्थिति थोड़ी सामान्य हुई तो ग्रामीणों ने उन्हें उठाकर सदर अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है और उन्हें गहन निगरानी में रखा गया है।

# 40 थानों में 25 जुलाई से 9 अगस्त तक होगा शस्त्रों का सत्यापन

## थानावार दंडाधिकारी की हुई प्रतिनियुक्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिले में शस्त्र का भौतिक सत्यापन कराने की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिला दंडाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने इस संबंध में आदेश जारी कर जिले के 40 थानों में 25 जुलाई से 9 अगस्त 2025 तक शस्त्र सत्यापन की समयावधि निर्धारित की है तथा थानावार दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की है। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सभी शस्त्र लाइसेंसधारी अपने-अपने शस्त्रों का भौतिक सत्यापन संबंधित थाना में निर्धारित अवधि के भीतर अनिवार्य रूप से कराएं। यह सत्यापन कार्य प्रत्येक थाना क्षेत्र में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी की निगरानी में संपन्न होगा। जिला दंडाधिकारी ने सभी प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट को संबंधित थाना में ससमय उपस्थित होकर 10 बजे पूर्वाह्न से 4 बजे अपराह्न तक शस्त्र सत्यापन करने तथा उसी दिन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। विदित हो कि जिले में कुल 3407 लाइसेंसधारी हैं जिसमें से 1728 शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी के शस्त्र का भौतिक सत्यापन पूर्व की निर्धारित तिथियों में किया जा चुका है जबकि शेष 1679 लाइसेंसधारी के शस्त्र का सत्यापन किया जाना शेष है। इसके लिए ही 25 जुलाई से 9 अगस्त तक की तिथि का निर्धारण किया गया है। यद्यपि शस्त्र सत्यापन के लिए पूर्व में भी 26 मई 2025 से 30 मई 2025 तक, 19 जून 2025 से 27 जून 2025 तक तथा 7 जुलाई 2025 से 14 जुलाई 2025 तक की अलग-अलग समयावधि में तिथि का निर्धारण कर शस्त्र सत्यापन का कार्य किया गया है फिर भी 1679 शस्त्र का सत्यापन अभी नहीं हुआ है। शस्त्र सत्यापन का मूल उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराना, इस अवसर पर विधि व्यवस्था बनाये रखना तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करना है, ताकि असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके और चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न किया जा सके। निर्धारित तिथि तक शस्त्र सत्यापन नहीं कराने वाले लाइसेंसधारियों के विरुद्ध शस्त्र अधिनियम की सुसंगत धारा के तहत नियमानुसार विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी, जिसमें लाइसेंस निलंबन या रद्द करने की प्रक्रिया भी शामिल हो सकती है। जिलाधिकारी ने अब तक शस्त्र सत्यापन नहीं कराने वाले लाइसेंसधारियों से अपील की है कि वे शस्त्र लाइसेंस संबंधी आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित थाने में निर्धारित समयावधि में उपस्थित होकर सत्यापन प्रक्रिया पूरी करा लें। साथ ही थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि वे शस्त्र सत्यापन के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें। प्रायः ऐसा पाया जाता है कि जिला अंतर्गत शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के वारिसानों/ उत्तराधिकारियों द्वारा धारित शस्त्र को संबंधित थाना में जमा नहीं किया जाता है। इसके लिए प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वह लाइसेंसधारी की अनुज्ञप्ति पुस्तिका पर चिपकाए गए फोटो से मिलान कर ही उनका शस्त्र सत्यापित करें। राज्य से बाहर यथा उत्तर पूर्व के राज्यों नागालैंड, जम्मू कश्मीर एवं अन्य राज्यों से स्वीकृत शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी के शस्त्र का जब तक संबंधित राज्यों/ अनुज्ञापन प्राधिकार से सत्यापन नहीं हो जाता है तब तक की अवधि के लिए उन शस्त्रों को निकटतम थाने में या आयुध नियम 2016 के प्रावधानों के तहत प्रपत्र 8 में शस्त्र एवं कारतूस जमा रखने वाले अनुज्ञप्तिधारी/ आयुध नियम 1962 के तहत प्रपत्र 14 में स्वीकृत अनुज्ञप्ति धारी के प्रतिष्ठान में शस्त्र जमा करने संबंधी कारवाई 7 अगस्त 2025 तक पूर्ण करा लेने का निर्देश दिया गया है।

## पुनपुन पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस पर हमला एवं हत्या का प्रयास मामले में पुनपुन पुलिस ने गुरुवार को पुनपुन थाना क्षेत्र के लोचन मुसहरी से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दरअसल बताया जाता है कि बीते 16.7.2019 को लोचना मुसहरी में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस छापेमारी करने गई थी,जहां छापेमारी करने गई टीम पर दर्जनों लोगों ने पुलिस पर अचानक हमला कर दिया था, इसमें कई पुलिस वालों को चोट लगी थी, इसी मामले में कई लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले में फरार चल रहे हैं आरोपियों की धर पकड़ भी चल रही थी जहां गुरुवार को चार आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है।थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया की पुनपुन थाना कांड संख्या 185/19 के तहत गिरफ्तार अपराधियों में दसई मांझी पिता विद्यानंद मांझी (2) रामजी मांझी पिता स्वर्गीय गिरजा मांझी (3)सोहन मांझी पिता स्वर्गीय शेख मांझी (4) टेनी मांझी पिता दुलाचन मांझी सभी लोचना मुसहरी से गिरफ्तार कर अग्रेतर कारवाई की जा रही है।

## एक नजर

### साउथ एशिया पोर्टफोलियो का विस्तार

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सरोवर होटल्स, जो भारत की अग्रणी होटल प्रबंधन कंपनियों में से एक है और लूवर होटल्स समूह का हिस्सा है, गर्व से रॉयल ट्यूलिप काठमांडू के उद्घाटन की घोषणा करता है। नेपाल का पहला रॉयल ट्यूलिप, और एक ऐतिहासिक संपत्ति जो देश का सबसे बड़ा होटल और राजधानी शहर में सबसे विशाल ख्रख्रख्र गंतव्य बनने के लिए तैयार है। द मैसिफ होटल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित, यह प्रतिष्ठित परियोजना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित रॉयल ट्यूलिप ब्रांड को काठमांडू में पेश करती है, जिसमें 5-स्टार लग्ज़री हॉस्पिटैलिटी का मेल नेपाल की सांस्कृतिक विरासत से कराएगा। सरोवर होटल्स के अध्यक्ष और लूवर होटल्स इंडिया के निदेशक, अजय के. बकाया ने कहा रॉयल ट्यूलिप काठमांडू दक्षिण एशिया में हमारे ब्रांड के विकास की एक सशक्त अभिव्यक्ति है।

### दो शिक्षकों पर गिर सकती है गाज

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में घोर लापरवाही एवं कार्य में रुचि नहीं लेने के कारण सहायक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी बाढ़ के पत्र के अनुपालन में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बाढ़ सुजीत कुमार सोनू ने प्रखंड अंतर्गत दो शिक्षकों विरुद्ध कठोर दंडनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा कर जिला निदेशालय को प्रतिवेदित किया।

### कचरा प्रबंधन इकाई खुद बनी कचरा

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अनुमंडल के बेलछी प्रखंड अंतर्गत फतेहपुर पंचायत के नया बीघा गांव के सड़क किनारे बनाए गए कचरा प्रबंधन इकाई निर्माण काल से अब तक अपने निर्माण पर आंसू बहा रहा है। इसकी पूरी की लागत से बनाए गए यह कचरा पॉइंट में आज तक एक डब्बा कचरा भी नहीं डाला गया और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होना शुरू हो गया है। इतना ही नहीं ऊपर लगाए गए करकट का सेट भी क्षतिग्रस्त हो गया है। दीवाल में भी जगह-जगह क्रेक होना शुरू हो गया है ।ग्रामीणों ने बताया कि सरकार ने कचरा को एक जगह इकट्ठा करने के लिए बनाया तो था लेकिन यह कोई काम का चीज नहीं है।

### दम घुटने से मौत

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के दलिशमन चक निवासी एक व्यक्ति की ट्रेन में भीड़ होने की वजह से बेहोश हो गया। साथ में काम करने वाले एक युवक तथा स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें इलाज के लिए बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। साथ में काम करनेवाले युवक ने बताया कि वह राज मिस्त्री का काम करने बख्तियारपुर गए थे।

# किराना दुकान की आड़ में गांजे का धंधा, एक किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** किराने की दुकान की आड़ में गांजा की तस्करी करने वाले गिरोह का आर्मी इंटेलिजेंस लखनउ टीम ने खुलासा किया है. आर्मी इंटेलिजेंस लखनउ टीम के गुप्त सूचना पर दानापुर पुलिस के सहयोग से ताराचक पानी टंकी किराना दुकान में छापेमारी कर एक किलो गांजा के साथ दुकानदार को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार प्रेमजीत कुमार ताराचक बुढवा स्कूल दानापुर निवासी है। गिरफ्तार तस्कर दानापुर कैंट मे गांजा का सप्लाई करता था. तस्कर पिछले 6 महीने से मिलिट्री इंटेलिजेंस के राडार पर था। मिलिट्री इंटेलिजेंस लखनऊ की टीम लगातार दानापुर और पटना समेत पूरे बिहार में ड्रग्स तथा हथियार तस्करो की गैंग का भंडाफोड करने में जुटी है। पिछले एक साल में मिलिट्री इंटेलीजेंस की सूचना पर छावनी क्षेत्र के पास से छह तस्करों की गिरफ्तारी किया गया है। सैनिक क्षेत्र में हाई सिक्योरिटी के बाद हथियार के साथ ड्रग्स का खुलेआम कारोबार एक बेहद ही संवेदनशील विषय है। थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि आर्मी इंटेलिजेंस लखनउ टीम के गुप्त सूचना पर पुलिस ने ताराचक पानी टंकी के पास किराना दुकान में छापेमारी कर एक किलो गांजा के साथ तस्कर प्रेमजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार प्रेमजीत से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# 13 सीटों के लिए 31 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में सीनेट चुनाव हेतु नामांकन दायर करने की अंतिम तिथि 24 जुलाई 2025 को 04 बजे तक समाप्त हो गई। गौरतलब है कि सीनेट में 13 पदों के लिए चुनाव हेतु नामांकन दायर करने की प्रक्रिया 19 जुलाई से ही प्रारम्भ हो गई थी एवं 24 जुलाई को नामांकन करने की अंतिम तिथि निर्धारित थी। 24 जुलाई को नामांकन करने के अंतिम दिन कुल 08 उम्मीदवारों ने कुलसचिव सह मुख्य निर्वाची पदाधिकारी डॉ. घनश्याम राय के कार्यालय में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन करने वालों में अंगीभूत महाविद्यालयों में शिक्षक वर्ग में जे एम एस कॉलेज, मुंगेर के दर्शनशास्त्र विभाग के प्राध्यापक एवं अध्यक्ष प्रो. रंजन कुमार सिंह, बी आर एम कॉलेज के हिंदी के सहायक प्राध्यापक डॉ. अभय कुमार, कोशी कॉलेज खगड़िया के गणित विभाग के सह प्राध्यापक डॉ. जयनंदन सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया। सम्बद्ध महाविद्यालय वर्ग से एस एस कॉलेज मेहुस के मधु कुमार सिंह एवं सत्यनारायण प्रसाद, संजय गाँधी स्मारक महिला कॉलेज शेखपुरा के रामाधार शर्मा, डी आर एस कॉलेज सिकंदरा के अश्विनी कुमार एवं एम एस कॉलेज अलौली के राजकिशोर प्रसाद ने भी अपने समर्थकों के साथ नामांकन किया। नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने तक अंगीभूत महाविद्यालयों से कुल 15, सम्बद्ध महाविद्यालयों से कुल 10 एवं शिक्षकेतर कर्मियों में से कुल 06 उम्मीदवारों में अपना नामांकन किया। सभी तेरह सीटों के लिए 31 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन की प्रक्रिया को सुगमता पूर्वक पूरा कराने में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. देवराज सुमन, जनसम्पर्क पदाधिकारी प्रिय रंजन तिवारी, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. अंशु कुमार राय सहित अवधेश कुमार सिंह, राजू राउत, तन्मय मनीष एवं प्रिंस कुमार कि महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कुलसचिव सह निर्वाची पदाधिकारी डॉ घनश्याम राय ने बताया कि नामांकन पत्र जांच के उपरांत प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन 26 जुलाई और नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 05 बजे तक निर्धारित है। मतदान 11 अगस्त को शिक्षकेत्तर कर्मचारियों और 13 अगस्त को शिक्षकों का निर्धारित है। मतगणना 14 अगस्त को 11 बजे पूर्वाहन से शुरू होगा और मतगणना समाप्ति के पश्चात परिणामों की घोषणा कर दी जाएगी।

### अधिवक्ता संघ चुनाव में 86 प्रतिशत मतदान

दानापुर। अधिवक्ता संघ के चुनाव गुरूवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो गए. इस चुनाव में लगभग 86.84 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाची पदाधिकारी सह वरीय अधिवक्ता शिव कुमार यादव ने बताया कि मतगणना गुरूवार को देर शाम शुरू किया जायेगा ।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 23.07.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएँ ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-101-25-26, कार्य का नाम:** सियालदह में:-उत्तर, मेन और दक्षिण शाखाओं पर उपनगरीय स्टेशनों के सुधार कार्य के संबंध में वरिष्ठ शाखा अभियंता (कार्य)/ स्टेशन/सियालदह के अधीन सियालदह स्टेशन पर प्लेटफॉर्म संख्या 6, 7 और 8 पर प्लेटफॉर्म सतह का सुधार। **निविदा मूल्य :** रु. 1,92,75,825.66, **बयाना राशि :** रु. 2,46,400/-, **निविदा कागजात का मूल्य (अप्रतिदेय) :** शून्य। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 14.08.2025 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि:** 06 (छह) माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 14.08.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-132/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# युवक ने पुलिस को गोली मारने की दी धमकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सिविल कोर्ट मसौढ़ी में गुरुवार की शाम तकरीबन 4:00 बजे उस वक्त रणक्षेत्र क्षेत्र में तब्दील हो गया, जब बीते बुधवार की शाम एक वकील और दरोगा में किसी बात को लेकर झड़प हो गई थी जिसे के बाद आरोपी अधिवक्ता को गिरफ्तार कर लिया गया था और गुरुवार को उसे एसडीजेएम की कोर्ट में पेशी करने के लिए लाया गया था, उसी दौरान भीड़ में किसी युवक ने पुलिस को गोली मारने की धमकी दे डाली, फिर क्या था धर पकड, गुत्थगुत्थी, हाथापाई और हंगामा शुरू हो गया, घर पकड़ में कुछ देर के लिए रण क्षेत्र में तब्दील हो गया। हालांकि पुलिस ने धमकी देने वाले युवक को दबोच लिया और किसी तरह भीड से उसे खींचते हुए पुलिस गाड़ी में बिठाकर उसे थाने ले आई, उसके बाद कुछ देर के लिए हो हंगामा भी हुआ। हालांकि अधिवक्ताओं ने इसका पुरजोर विरोध किया कहा कि कोर्ट कैंपस से किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार करना गलत है। अधिवक्ता रुपेश पटेल समेत कई अधिवक्ताओं ने इस पर नाराजगी व्यक्त की यह कारवाई नियम के अनुकूल नहीं है। वो भी तब जब सभी जज लोग बैठे हुए हैं। हलाकि शुरुआत में पहले यह आरोप लगा की किसी वकील ने पुलिस वाले को गोली मारने की धमकी दी थी, लेकिन बाद में पता चला कि किसी युवक ने पुलिस को गोली मारने का धमकी दे दी थी, फिर घंटो बाद मामला को शांत कराया गया और गुजारिश की गई कि जिसे पुलिस उठा कर ले गई है उसे माफीनामा पर छोड दे। वरिय पुलिस के पहल पर उसे फिर दोबारा छोड़ दिया गया, इस घटना मे घंटो पूरा कोर्ट परिसर गर्म रहा।

## पियाजियो ने आपे ई-सिटी अल्ट्रा की लान्च

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि. ने अपनी नई 2025 आपे इलेक्ट्रिक ईवी रेंज लॉन्च की, जिसमें दो नए मॉडलों आपे ई-सिटी अल्ट्रा और आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स को शामिल किया गया है। ये उन्नत इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर, ब्रांड की यात्री वाहन श्रृंखला को और मजबूती देते हैं और अंतिम मील की यात्रा के लिए बेहतरीन परफॉर्मेंस और भरोसेमंद समाधान पेश करते हैं। आपे ई-सिटी अल्ट्रा की खासियत इसकी मजबूत फुल मेटल बॉडी, 10.2 केडब्लूएच की एडवांस्ड एलएफपी बैटरी और स्मार्ट टेलीमैटिक्स है, जो इसे शहरी उपयोग के लिए एक आधुनिक और टिकाऊ विकल्प बनाते हैं। वहीं आपे ई-सिटी एफएक्स मैक्स, अपने सेगमेंट में 30 एनएम का अग्रणी टॉर्क और स्मार्ट एनर्जी मॉनिटरिंग फीचर के साथ लंबी बैटरी लाइफ और लगातार शानदार प्रदर्शन सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर पियाजियो व्हीकल्स प्रा. लि. के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डिएगो ग्राफ़ी ने कहा, भारत तेजी से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर अग्रसर है।

## हर बूथ का लिया जा रहा सारांश पत्रक

**मसौढ़ी (नबिटा संवाददाता)।** मसौढ़ी विधानसभा में अब तक 90% मतदाताओं का सत्यापन और उनके दस्तावेज की अपलोडिंग कर दी गई है। ऐसे में गुरुवार को सभी मतदान केंद्रो के बीएलओ को कैंप लगाकर उनके बूथो के सारांश पत्रक को अपडेट किया गया है, बीएलओ सुपरवाइजर, एआरओ के मॉनिटरिंग के बीच सभी मतदान केंद्रो के बीएलओ अपने-अपने बूथो के टोटल मृत मतदाताओं की संख्या, दोहरी प्रविष्टियों की संख्या, स्थाई मतदाताओं की संख्या अपलोडिंग आदि की एक सारांश पत्रक भरकर दिया जा रहा है।

# चुनाव प्रचार के अंतिम दिन उम्मीदवारों ने झोंकी ताकत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नगर परिषद भदौरा पैक्स चुनाव को लेकर प्रचार प्रसार के अंतिम दिन उम्मीदवारों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी, अपने पूरे दमखम के साथ अपने इलाके में मतदाताओं के बीच जाकर वोट मांगा। 25 जुलाई यानी आज सुबह 7:00 से 4:00 तक मतदान होगी। ऐसे में गुरुवार को पैक्स चुनाव को लेकर चुनाव प्रचार के अंतिम दिन हर उम्मीदवारों ने अपने पूरे दमखम के साथ चुनाव का प्रचार किया इसके साथ ही गुरुवार को चुनाव प्रचार का शोर थम गया है। शुक्रवार की सुबह 7:00 से मतदान होगा। इस मतदान में मतदाता किसान होते हैं। भदौरा पैक्स चुनाव को लेकर चार मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर 2672 मतदाता मतदान में शामिल होंगे। बहरहाल चुनाव प्रचार के दौरान हर उम्मीदवार अपने मतदाता किसानों के प्रति लंबे चौड़े वादे भी करते नजर आए। हर किसी ने किसानों के लिए काम करने का प्रण लिया है। अब देखना यह होगा कि शुक्रवार के दिन होने वाले वोटिंग में किसानों का चाहेता कौन बनता है। किसानों का रहनुमा का सेहरा किसे बंधता है। पिछले बार के हुए चुनाव में भी दो उम्मीदवार चुनावी मैदान में आमने-सामने लड़े थे, जिसमें नागेश्वर प्रसाद सिंह और लक्ष्मण पांडे की उम्मीदवारी हुई थी, इस बार भी यही दोनों उम्मीदवारो के बीच आमने-सामने की कंटे की टक्कर का मुकाबला है और इस बार के होने वाला चुनाव काफी दिलचस्प होगा, क्योंकि पिछले बार के हुए चुनाव में महज कम वोटो के अंतर से हार जीत का फैसला हुआ था, ऐसे में कम वोट से हारने वाले उम्मीदवार लक्ष्मण पांडे ने दावा किया है की इस इस बार फतह हासिल कर लेंगे।

# डा. अवधेश बाबू की पांचवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**नवबिहार टाइम्स संवादादाता**



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी अवध अस्पताल के संस्थापक रहे डॉक्टर अवधेश प्रसाद सिंह की गुरुवार को पांचवीं पुण्यतिथि पर मसौढ़ी के मणिचक में श्रद्धांजलि सभा आहूत की गई, जहां पाटलिपुत्रा के पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, पीपीएस ग्रुप के अभिराम शर्मा, समेत कई दिग्गज हस्तीयों ने इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इससे पहले अवध अस्पताल स्थित उनके प्रतिमा पर डॉक्टर सुधीर कुमार सिंह पुत्रवधू डॉ राखी रानी समेत अन्य गणमान्य ने माल्यार्पण किया। उसके बाद मणीचक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर सैकडो की संख्या में मसौढ़ी, जहानाबाद, गया और पटना से आये लोग शामिल हुए। पाटलिपुत्रा के पूर्व सांसद रामकृपाल यादव ने कहा कि डॉ अवधेश बाबू की कीर्ति सदैव अमर रहेगी, अपने सेवा काल में महज दो रुपए से लेकर 50 तक का सफर करने वाले चिकित्सक अब कोई विरले ही मिलेंगे। उनकी कई सामाजिक कार्यों की सराहना हर कोई आज भी करते हैं। शोक श्रद्धांजलि के बाद स्कूली बच्चों के बीच बैग का वितरण भी किया गया मौके पर लहसुना थानाध्यक्ष खुशबू खातून, कुमारी, खुशबूरानी चंद्रकेत सिह चंदेल, राहुल चंद्रा विश्वरंजन, मसूद रजा, नवल भारती, डा मंगल, संतोष अनमोल, सुनिल गवास्कर, संजय केसरी, अनिल कुमार मिठ्ठू, डॉ संजय, मुन्ना पासवान, अजय कुमार शर्मा समेत सैकड़ो लोग शामिल रहे।


**पूर्व रेलवे**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा रेलवे के प्रतिष्ठित, अनुमोदित एवं योग्य ठेकेदारों तथा साथ ही सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की उपयुक्त सूची वाले ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:- **क्रम सं. :1, निविदा सं. और कार्य का नाम: एईएनशॉप-पीयू-आरसीसी-25-26-एलएलएच** और सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ में वर्धित सामग्री प्रवाह के लिए उन्नत जिग्स और फिक्सचर एवं पीयू कोटेड शॉप फ्लोर के साथ विभिन्न कोच कंपोनेंट के लिए आधुनिक ओवरहालिंग सुविधा के विकास के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.1,17,41,162.01, **बयाना राशि :** रु. 2,08,700/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 180 दिन। **क्रम सं.: 2, निविदा सं. और कार्य का नाम: एईएनशॉप-पीयूफ्लोर-25-26-एलएलएच** और सीडब्ल्यूएम/ लिलुआ के अंतर्गत लिलुआ वर्कशॉप के कोच कंपोनेंट शॉप और बोगी सेक्शन में मौजूदा कंक्रीट फ्लोरिंग के ऊपर 12 मिमी. मोटे पीयू फ्लोरिंग का सुरक्षात्मक कोट प्रदान करते हुए कंक्रीट फ्लोरिंग में सुधार के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.1,92,58,780/-, **बयाना राशि :** रु. 2,46,300/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 180 दिन। **क्रम सं. : 3, निविदा सं. और कार्य का नाम : एईएनशॉपड्रेनकवर25-26एलएलएच** और सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के अंतर्गत लिलुआ वर्कशॉप में खुली नाली पर आयरन कवर के प्रावधान और नाली के नवीनीकरण आदि के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.2,66,70,959.94, **बयाना राशि :** रु. 2,83,400/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 180 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 14.08.2025 को 12.00 बजे तक। निविदा का संपूर्ण विवरण शुद्धिपत्र (यदि कोई है) के साथ वेबसाइट : **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MISC-139/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

76वीं औपबंधिक सूची जिला-गढवा (पार्ट-1)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक-20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :-चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विरेन्द्र ठाकुर , कबुतरी देवी एवं रामनाथ मेहता द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0-442/25 2. आवेदक-अकलू कुशवाहा , पिता-बचनु कुशवाहा 3. ग्राम-चैनपुर , पोस्ट-धुरकी , थाना- धुरकी प्रखण्ड-सगमा 4. लिंग-पुरूष,आयु-66 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें गाल पर तिल का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0-443/25 2. आवेदक-मुरलीधर कुशवाहा , पिता-स्व0 रामजिव कुशवाहा 3. ग्राम-चैनपुर , पोस्ट-विरवल , थाना- धुरकी प्रखण्ड-सगमा 4. लिंग-पुरूष, आयु-69 वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं । | कंडिका-2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0-99/25 2. आवेदक-श्रवण कुमार मेहता, पिता-गोपाल मेहता 3. ग्राम-अरंगी , पोस्ट-अरंगी , थाना-खरौधी ,प्रखण्ड-खरौधी 4. लिंग-पुरूष,आयु-47 वर्ष, पहचान चिन्ह-दायें आँख में तिल का निशान । | कंडिका-2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0-100/25 2. आवेदक-पुनम देवी , पति-विजय चौधरी 3. ग्राम-अरंगी , पोस्ट-अरंगी , थाना-खरौधी ,प्रखण्ड-खरौधी 4. लिंग-महिला, आयु-53वर्ष, पहचान चिन्ह-अंकित नहीं । | कंडिका-2(ix) |
| | विवरण :-चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रधन मेहता, बिरेन्द्र ठाकुर एवं नंदलाल प्रसाद मेहता द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 5. | 1. आवेदन क्र0-101/25 2. आवेदक-मोसाहेब अंसारी , पिता-जमीर अंसारी 3. ग्राम-ढोटी , पोस्ट-कल्याणपुर , थाना-गढ़वा ,प्रखण्ड-गढ़वा 4. लिंग-पुरूष, आयु-76 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें आंख के नीचे तिल। | कंडिका-2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0-102/25 2. आवेदक-कामेश्वर यादव , पिता-फकीरा यादव 3. ग्राम-कुदरूम , पोस्ट-विश्रामपुर , थाना-रंका ,प्रखण्ड-रंका 4. लिंग-पुरूष, आयु-57 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने हाथ के तर्जनी पर कटे का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0-103/25 2. आवेदक-ह्दयानन्द कुशवाहा, पिता-स्व0 दुर्जन कुशवाहा 3. ग्राम-कुम्बाकलां , पोस्ट-धुरकी , थाना-धुरकी, प्रखण्ड-धुरकी 4. लिंग-पुरूष, आयु-42 वर्ष, पहचान चिन्ह-ललाट पर बायें तरफ तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0-104/25 2. आवेदक-उमेश प्रसाद , पिता-रामवृक्ष महतो 3. ग्राम-जाटा , पोस्ट-कल्याणपुर , थाना-गढ़वा ,प्रखण्ड-गढ़वा 4. लिंग-पुरूष, आयु-46 वर्ष, पहचान चिन्ह-ढोढी पर कटे का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0-105/25 2. आवेदक-राधिका देवी (आश्रित पत्नी) , पति-स्व0 गोविन्द राम (आंदोलनकारी) 3. ग्राम-सहिजना, पोस्ट-गढ़वा थाना-गढ़वा , प्रखण्ड-गढ़वा 4. लिंग-महिला, आयु-43 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें बांह में जले का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0-106/25 2. आवेदक-ललिता देवी , पति-स्व0 केदारराम 3. ग्राम-जाटा, पोस्ट-कल्याणपुर थाना-गढ़वा , प्रखण्ड-गढ़वा 4. लिंग-महिला, आयु-74 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें बांह पर मासा का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0-107/25 2. आवेदक-शिवकुमार सिंह , पिता-धनी सिंह 3. ग्राम-विशुनिया , पोस्ट-गनियरीकलां , थाना-धुरकी, प्रखण्ड-धुरकी 4. लिंग-पुरूष, आयु-70 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें पैर के अंगूठे पर कटे का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0-108/25 2. आवेदक-राम प्रवेश सिंह कुशवाहा, पिता-स्व0 राम कुमार सिंह कुशवाहा 3. ग्राम-जाटा, पोस्ट-कल्याणपुर , थाना-गढ़वा , प्रखण्ड-गढ़वा 4. लिंग-पुरूष, आयु-63 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाहिने हाथ की हथेली पर तिल का निशान। | कंडिका-2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0-109/25 2. आवेदक-अर्जुन यादव, पिता-स्व0 राजदेव यादव 3. ग्राम-ढोटी, पोस्ट-गढ़वा , थाना-गढ़वा , प्रखण्ड-गढ़वा 4. लिंग-पुरूष, आयु-53 वर्ष, पहचान चिन्ह-बायें गाल पर मासा। | कंडिका-2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0-110/25 2. आवेदक-नन्दकिशोर राम , पिता-स्व0 रटल राम 3. ग्राम-जाटा, पोस्ट-कल्याणपुर , थाना-गढ़वा , प्रखण्ड-गढ़वा 4. लिंग-पुरूष, आयु-67 वर्ष, पहचान चिन्ह-दाढी पर मासा। | कंडिका-2(ix) |

नोट :- 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO.358054 Home(25-26):D

# केवल नौकरी खोजने वाले नहीं, राष्ट्र निर्माण में अग्रणी बनें छात्र : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय, विश्रामपुर में गुरुवार को आयोजित भव्य द्वितीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और सम्मानित अतिथि के रूप में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें विश्वविद्यालय अध्यक्ष रामचंद्र चंद्रवंशी, कुलाधिपति ईश्वर सागर चंद्रवंशी (मुन्ना चंद्रवंशी), डीआईजी नौशाद आलम सहित अन्य अतिथियों ने भाग लिया। राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान करते हुए कहा कि यह समारोह केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि पूरे पलामू क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण है। यह मेहनत, समर्पण और संकल्प की परिणति है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी केवल नौकरी की तलाश करने वाले न बनें, बल्कि रोजगार सृजक, अन्वेषक और सेवा प्रेरित नागरिक बनें। जीवन की सफलता डिग्री से नहीं, बल्कि व्यवहार, दृष्टिकोण और सेवा भावना से तय होती है। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह किया कि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और अनुसंधान को प्राथमिकता दें और विद्यार्थियों में नैतिक मूल्य, सामाजिक चेतना, सेवा भाव और राष्ट्रप्रेम का विकास करें। उन्होंने रामचंद्र चंद्रवंशी को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए हृदय से बधाई दी और विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय निकट भविष्य में देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों में शुमार होगा। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को विश्वविद्यालय की ओर से डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थान की स्थापना समाज निर्माण की दिशा में पुण्य का कार्य है। उन्होंने अपने कार्यकाल में झारखंड के विकास, नक्सलवाद नियंत्रण, सड़क, स्वास्थ्य व शिक्षा क्षेत्र में किए गए कार्यों का उल्लेख किया। साथ ही युवाओं से नशा और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से दूर रहने और अपने माता-पिता का सम्मान करने की अपील की। विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन मां की प्रेरणा से वे शिक्षा की राह पर आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि कल तक जो क्षेत्र नक्सल प्रभावित था, आज वहां के बच्चे देश-विदेश में परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय स्थापना में रघुवर दास के सहयोग को सराहा। दीक्षांत समारोह को सफल बनाने में कॉलेज प्रशासन व जिला प्रशासन की महती भूमिका रही। डीसी समीरा एस, डीआईजी नौशाद आलम, एसपी रिष्मा रमेशन, एसडीओ सुलोचना मीणा, विश्रामपुर एसडीपीओ, थाना प्रभारी समेत सुरक्षा बल कार्यक्रम स्थल पर मुस्तैद रहे।

## एक नजर

## उपायुक्त ने तय लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** समाहरणालय सभागार में गुरुवार को उपायुक्त आर. रॉनिटा की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण एवं राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न कार्यों की विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, अपर समाहर्ता परमेश्वर मुंडा, डीसीएलआर अरविंद कुमार समेत सभी अंचलाधिकारी और संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में खनन, उत्पाद, नगर पंचायत, मत्स्य, श्रम, विद्युत, निबंधन, राजस्व समेत अन्य विभागों द्वारा किए गए मासिक राजस्व संग्रहण की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागों को उनके वार्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए ठोस रणनीति के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। राजस्व विभाग अंतर्गत भू-लगान एवं सेस संग्रहण की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। दाखिल-खारिज, जाति एवं आवासीय प्रमाणपत्र संबंधी मामलों की विशेष समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि कोई भी मामला निर्धारित समय सीमा से अधिक लंबित न रहे। इसके अतिरिक्त सक्सेशन म्यूटेशन, परिशोधन ग्रीवांस, सर्टिफिकेट केस, अवैध जमाबंदी आदि विषयों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को सप्ताह में दो दिन विशेष शिविर लगाकर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए राजस्व कार्यों को गति देने एवं पारदर्शिता बनाए रखने की अपील की।

## विष्णुगढ़ में चार स्कूलों को पल्स टू में अपग्रेड करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड में इंटर स्तरीय विद्यालयों की भारी कमी को लेकर चिंता जताई गई है। इसी सिलसिले में कृषि उद्योग के सभापति सह मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने उपायुक्त हजारीबाग श्री शशि प्रकाश सिंह को पत्र सौंपकर प्रखंड के चार अतिरिक्त उच्च विद्यालयों को पल्स टू स्तर (इंटरमीडिएट) में उन्नयन की मांग की है। पत्र में जिप सदस्य ने बताया है कि वर्तमान में विष्णुगढ़, सारुकुदर और चानो में संचालित तीन पल्स टू विद्यालयों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई होती है, जिनमें भवन और शिक्षकों की उपलब्धता के अनुसार मात्र 700 विद्यार्थियों की पढ़ाई संभव है। जबकि वर्ष 2025 में लगभग 4000 छात्र-छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण की है। ऐसे में अधिकांश छात्रों को आगे की पढ़ाई के लिए अन्यत्र जाना पड़ सकता है, जिससे विशेषकर ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र उच्च शिक्षा से वंचित रह सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया है कि प्रखंड के परियोजना उच्च विद्यालय बनासो, कन्या उच्च विद्यालय विष्णुगढ़, उच्च विद्यालय गोविंदपुर और उच्च विद्यालय सिरय को पल्स टू स्तर पर अपग्रेड किया जाए। साथ ही दो मध्य विद्यालय–नरकी और उर्दू मध्य विद्यालय अंसारी नगर–को उच्च विद्यालय का दर्जा देने की भी मांग की गई है।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़कागांव।** एनजीटी के निर्देशों और सरकारी पाबंदियों के बावजूद बड़कागांव क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। लेकिन अब प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। इसी क्रम में सिकरी ओपी के थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए छह अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त किया। थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि ये सभी ट्रैक्टर बिना वैध दस्तावेजों के बालू ढोते हुए पकड़े गए। पकड़े गए वाहनों को सिकरी ओपी परिसर में लाया गया है और संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर निगरानी और सख्ती बढ़ा दी गई है। अवैध परिवहन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी और ऐसी गतिविधियों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस कार्रवाई से अवैध खनन माफिया में हड़कंप मच गया है और प्रशासन की सतर्कता से अवैध कारोबार पर लगाम की उम्मीद जगी है।

## आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** गुरुवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग की महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत संचालित सभी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में ई-केवाईसी, लाभुकों की पहचान, आरसीएमएस, सेल्फ सरेंडर प्रक्रिया, गोदामों की मेरम्मती, धान अधिप्राप्ति, डोर स्टेप डिलीवरी और जनवितरण प्रणाली से जुड़ी गतिविधियों की स्थिति की गहन समीक्षा की गई।


बिहार सरकार

**अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी–सह–पीठासीन पदाधिकारी, कोर्ट नं0–01, औरंगाबाद**

(मद्यनिषेध एवं उत्पाद शाखा)

**अतिआवश्यक सूचना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा निम्नलिखित वाहन मालिकों/भूमि मालिकों/संबंधितों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के परिवहन के आरोप में आपके वाहन को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है। वादी नोटिस प्राप्त करने के बावजुद उपस्थित नहीं हुए है जिसके कारण उत्पाद अधिहरण वाद में अग्रेत्तर कार्रवाई में विलम्ब हो रहा है साथ ही साथ सभी वाहन मालिकों को मद्यनिषेध अधिनियम 2022 की नियम 12(क) के तहत वाहन स्वामी से प्रपत्र IV में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति/वाहन का नवीनतम बीमाकृत मूल्य का **10%** या पाँच लाख के अन्दर पेनाल्टी के भुगतान पर जप्त वाहन एवं नियम 12(ख)के तहत भू–स्वामी से प्रपत्र V में आवेदन प्राप्त कर कलक्टर या उनके द्वारा प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा आदेशित शास्ति के भूगतान पर जप्त/सिल परिसर को छोड़ने का प्रावधान है, जिसकी सुनवाई की तिथि 11.08.2025 में निर्धारित की गई है।

अधिहरण हेतु वाहन की सूची निम्न प्रकार है :–

| क्र0 सं0 | उत्पाद अधिहरण वाद संख्या | थाना काण्ड सं0/उत्पाद संख्या | वाहन स्वामी/भूमि स्वामी का पूर्ण पता | जप्त वाहन का निबंधन सं0/भूमि का खाता, प्लॉट संख्या | सुनवाई की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वाद सं0–114/25 | माली थाना उत्पाद थाना काण्ड संख्या 43/25 | वाहन मालिक मनोज कुमार, पिता–राजदेव नोनिया, सा0–विश्रामपुर, थाना–मुफसिल, जिला–औरंगाबाद। | टेम्पु वाहन<br>Reg no- BR26F-5792<br>Chassis no- ZFPC669983<br>Engine no- S3B8109971 | 11.08.2025 |
| 2. | वाद सं0–106/25 | ओबरा थाना उत्पाद थाना काण्ड संख्या 324/24 | वाहन मालिक रामानुज कुमार उर्फ टुनटुन यादव, पिता–जयनाथ सिंह, सा0–चौरम वार्ड नं0–10, थाना–दाउदनगर,जिला–औरंगाबाद। | हिरो होण्डा पैशन वाहन<br>Reg no- BR24F-5589<br>Chassis no- MBLHA10EL8GD27<br>Engine no- HA10EB8GD32408 | 11.08.2025 |
| 3. | वाद सं0–86/25 | ओबरा थाना उत्पाद थाना काण्ड संख्या 416/24 | वाहन मालिक रामसुन्दर यादव, पिता–दशरथ यादव, सा0–तेन्दुआ, पो0–अमिलौना, थाना–जम्होर ,जिला–औरंगाबाद। | हिरो होण्डा मोटरसाईकिल वाहन<br>Reg no- BR26F-0693<br>Chassis no- MBLHA10AWCGK02483<br>Engine no- HA10ENCGK14183 | 11.08.2025 |
| 4. | वाद सं0–111/25 | दाउदनगर थाना काण्ड संख्या 447/24 | वाहन मालिक सरयु सिंह, पिता–रामाश्रेय सिंह, सा0–मायापुर, पो0–धनवा, थाना–दाउदनगर ,जिला–औरंगाबाद। | मोटरसाईकिल वाहन<br>Reg no- BR26Z-7136<br>Chassis no- ME4HC152CRG253496<br>Engine no- HC15EG1253582 | 11.08.2025 |
| 5. | वाद सं0–87/24 | ओबरा थाना काण्ड संख्या 459/24 | वाहन मालिक रवि रंजन, पिता–शिवशंकर राम, सा0–हरनातनर, पो0–महुअरी, थाना–सोनहन ,जिला–कैमुर (भभुआ) | मोटरसाईकिल वाहन<br>Reg no- BR45M-4508<br>Chassis no- ME4JC834DMG036808<br>Engine no- JC83EG0407566 | 11.08.2025 |
| 6. | वाद सं0–116/25 | माली थाना उत्पाद थाना काण्ड संख्या 21/25 | वाहन मालिक सिताराम सिंह, पिता–देवकी सिंह, सा0–दयालपुर, थाना–बारूण ,जिला–औरंगाबाद) | ड्रीम मोटरसाईकिल वाहन<br>Reg no- JH03M-5709<br>Chassis no- ME4JC671AF8068629<br>Engine no- JC67E800068671 | 11.08.2025 |
| 7. | वाद सं0–117/25 | ओबरा थाना उत्पाद दाउदनगर थाना काण्ड संख्या 425/24 | वाहन मालिक विजय कुमार, पिता–विजेन्द्र पासवान, सा0–लाला बिगहा, थाना–ओबरा ,जिला–औरंगाबाद) | हिरो होण्डा मोटरसाईकिल<br>Reg no- BR2C-8221<br>Chassis no- 01D20F05788<br>Engine no- 01D18E00738 | 11.08.2025 |
| 8. | वाद सं0–118/25 | एन0टी0पी0सी0 खैरा थाना सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 1291/24 | वाहन मालिक सुरेश चौधरी, पिता–दुखन चौधरी, सा0–मंगावार, थाना–नवीनगर ,जिला–औरंगाबाद) | हिरो होण्डा मोटरसाईकिल<br>Reg no- BR26D-3608<br>Chassis no- ME4JC623FET065734<br>Engine no- JC62ET1065472 | 11.08.2025 |
| 9. | वाद सं0–109/25 | सलैया थाना काण्ड संख्या 72/24 | वाहन मालिक अवधेश यादव, पिता–विष्णुदेव यादव, सा0–पिरवाँ, थाना–मदनपुर ,जिला–औरंगाबाद) | बजाज डिसकभर मोटरसाईकिल<br>Reg no- BR02V-3620<br>Chassis no- MD2A14AZXDRE27657<br>Engine no- JBZRDE49195 | 11.08.2025 |
| 10. | वाद सं0–103/24 | कासमा थाना काण्ड संख्या 127/24 | वाहन मालिक बंगाली दास, पिता–बंधु दास, सा0+थाना–टिकारी जिला–गया) | हिरो पैशन प्रो0 मोटरसाईकिल<br>Reg no- BR02X-2189<br>Chassis no- MBLHA10A6EHA72132<br>Engine no- HA10ENEHA26156 | 11.08.2025 |
| 11. | वाद सं0–100/24 | नरारीकला खूर्द थाना काण्ड संख्या 65/24 | वाहन मालिक प्रमोद कुमार सिंह, पिता–स्व0 शिव रक्ष्य सिंह, सा0–पी0एन0बी0 ओल्ड जी0टी0 रोड, थाना–औरंगाबाद ,जिला–औरंगाबाद) | मोटरसाईकिल<br>Reg no- BR26F-5342<br>Chassis no- MBLJA12ACDGC04433<br>Engine no- JA12ABDGC07792 | 11.08.2025 |
| 12. | वाद सं0–92/24 | ओबरा थाना काण्ड संख्या 414/24 | वाहन मालिक पंकज कुमार, पिता–उदय राम, सा0–तेजपुरा, थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद) | बजाज पल्सर मोटरसाईकिल<br>Reg no- BR26Y-9971<br>Chassis no- MD2C41CX6PPH04184<br>Engine no- PDXPPH54177 | 11.08.2025 |
| 13. | वाद सं0–98/24 | माली थाना काण्ड संख्या 161/24 | वाहन मालिक विजय सिंह, पिता–कैलाश सिंह, सा0–माहिफ विगहा, थाना–नवीनगर, जिला–औरंगाबाद) | हिरो होण्डा डॉन मोटरसाईकिल<br>Reg no- JH03E-5174<br>Chassis no- MBLHA11EFA9C00562<br>Engine no- HA10EAA9C04823 | 11.08.2025 |
| 14. | वाद सं0–107/25 | ओबरा थाना काण्ड संख्या 455/24 | अज्ञात | यामाहा एफ0जेड0 मोटरसाईकिल<br>Reg no- PB10CB-5978<br>Chassis no- ME121001392055299<br>Engine no- 21C105531 | 11.08.2025 |
| 15. | वाद सं0–01/25 | उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड संख्या 96/25 | ममता कुमारी, पति राकेश कुमार, सा0–गीरा, पो0+थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद | स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल<br>Reg no- BR26C-0114<br>Chassis no- MBLHA10EJ9HD06893<br>Engine no- HA10EA9HD48750 | 11.08.2025 |
| 16. | वाद सं0–02/25 | उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड संख्या 276/24 | सुधीर कुमार, पिता अरविन्द सिंह, सा0–चौरम, पो0–तरारी, थाना–दाउदनगर, जिला–औरंगाबाद | स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल<br>Reg no- BR26T-9367<br>Chassis no- MBLHAW111MHD04748<br>Engine no- H11EVMHDA22795 | 11.08.2025 |
| 17. | वाद सं0–101/25 | ओबरा थाना काण्ड संख्या 275/23 | विचार यादव, पिता सोमारू यादव, ग्राम–एकौना, थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद | खाता नं0–33, खेसरा–334, रकवा–04 डी0 | 11.08.2025 |
| 18. | वाद सं0–112/24 | सदर उत्पाद थाना काण्ड संख्या 194/24 | संजय साह, पिता अनील प्रसाद, साकिन–लखडिहरा, थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद। | मौजा–डिहरा, थाना नं0–15, खाता सं0–03, खेसरा–1461, रकवा–17.69 ए0 किस्म धनहर बकास्त | 11.08.2025 |
| 19. | वाद सं0–113/24 | उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड संख्या 283/24 | धनंजय कुमार, पिता स्व0 रामस्वरूप सिंह, सा0–अतरौली माँ सरसो मिल के पिछे, जिला–औरंगाबाद | मौजा–अतरौली, थाना नं0–314, खाता नं0–169, खेसरा–318, रकवा–2.29 डी0 | 11.08.2025 |
| 20. | वाद सं0–108/25 | ओबरा थाना काण्ड संख्या 390/24 | मंजू देवी, पति सतीश सिंह, ग्राम–तेजपुरा, थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद | मौजा–तेजपुरा, खाता नं0–108, खेसरा सं0–514, रकवा–51.61 | 11.08.2025 |
| 21. | वाद सं0–104/25 | ओबरा थाना काण्ड संख्या 453/24 | गोरे सोनी उर्फ अयोध्या सोनी, साकिन–ओबरा, थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद | मौजा–ओबरा, थाना नं0–306, खाता सं0–180, खेसरा सं0–966, रकवा–02 डी0 | 11.08.2025 |
| 22. | वाद सं0–89/24 | माली थाना काण्ड संख्या 97/24 | बालदेव भुईया, पिता स्व0 बंधन भुईया, ग्राम–अजाद बिगहा, थाना–माली, जिला–औरंगाबाद | मौजा–तमसी टोला अजाद बिगहा, थाना नं0–347, खाता सं0–44, खेसरा–233, रकवा–02 डी0 | 11.08.2025 |
| 23. | वाद सं0–91/24 | माली थाना काण्ड संख्या 04/24 | घुरा पासवान, पिता जिमदार पासवान, साकिन–चैनपुर, थाना–माली, जिला–औरंगाबाद | मौजा–चैनपुर, थाना नं0–343, खाता नं0–07, खेसरा सं0–993, रकवा–0.00 1/2 | 11.08.2025 |
| 24. | वाद सं0–93/24 | माली थाना काण्ड संख्या 172/24 | विनय सिंह, पिता स्व0 दुधेश्वर सिंह, ग्राम–खडग परसा, थाना–माली, जिला–औरंगाबाद | मौजा–खडग परसा, थाना नं0–399, खेसरा–220, रकवा–15X8 फीट | 11.08.2025 |
| 25. | वाद सं0–04/25 | उत्पाद थाना दाउदनगर काण्ड संख्या 423/24 | धनंजय कुमार, पिता रामस्वरूप सिंह, सा0–अतरौली, वार्ड नं0–03, थाना–ओबरा, जिला–औरंगाबाद | मौजा–अतरौली, थाना नं0–314, खाता सं0–169, खेसरा–372, रकवा–1.25 डी0 | 11.08.2025 |

अतः आप अथवा वाद से संबंधित कोई अन्य व्यक्ति जिनका कोई हित निहित हो उपर्युक्त निर्धारित तिथि को न्यायालय मे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे अथवा अपने उपस्थित नही होने पर एक पक्षीय सुनवाई कर नियमानुसार वाद का निष्पादन कर दिया जायेगा।

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 009347 (Excise) 2025-26

**अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी–सह–पीठासीन पदाधिकारी, उत्पाद न्या0 कोर्ट नं0–1, औरंगाबाद**

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।**



**झारखण्ड सरकार,**

**गृह,कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग,झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

**76वीं औपबंधिक सूची**

**जिला–पलामू (पार्ट–2)**

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | **विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्द्रधन महतो एवं भरदुल भुईया द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री नरसिंह मुर्मू द्वारा अनुमोदन के आधार पर।** | |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–901/25 2. आवेदक–श्रवनी देवी, पति–विनय कुमार सिंह<br>3. ग्राम–गोंगो , पोस्ट–उदयपुरा ,थाना–पांकी , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–902/25 2. आवेदक–सुनिता देवी, पति–मंजित राम<br>3. ग्राम–सांगवार , पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें तरफ गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–903/25 2. आवेदक–बासो देवी, पति–गोविन्द भुईया<br>3. ग्राम–सांगवार , पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–904/25 2. आवेदक–सबीता देवी, पति–उदीत राम<br>3. ग्राम–सांगवार , पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–905/25 2. आवेदक–अजय प्रजापति , पिता–स्व0 रघुनन्दन प्रजापति<br>3. ग्राम–लेस्लीगंज , पोस्ट–लेस्लीगंज ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–906/25 2. आवेदक–सुमित्रा देवी, पति–रामजी राम<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–907/25 2. आवेदक–आशा देवी, पति–स्व0 विनय राम<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–908/25 2. आवेदक–बलराम सिंह , पिता–स्व0 सुदामा सिंह<br>3. ग्राम–जुरू , पोस्ट–बसौरा ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–909/25 2. आवेदक–रीता देवी, पति–रामाश्रय सिंह<br>3. ग्राम–उडहुलिया , पोस्ट–बसौरा ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–910/25 2. आवेदक–राजदेव राम , पिता–स्व0 लेदा राम<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–911/25 2. आवेदक–अवधेया राम , पिता–विदेशी राम<br>3. ग्राम–दारूडीह , पोस्ट–सांगवार ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–912/25 2. आवेदक–अजय कुमार , पिता–केदार राम<br>3. ग्राम–मुरमुसी , पोस्ट–लेस्लीगंज ,थाना–लेस्लीगंज , प्रखण्ड–लेस्लीगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0–913/25 2. आवेदक–शीला देवी, पति–महेन्द्र महतो<br>3. ग्राम–हाउसिंग कॉलोनी, बारालोटा , पोस्ट–मेदिनीनगर ,थाना–मेदिनीनगर , प्रखण्ड–मेदिनीनगर<br>4. लिंग–महिला , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0–914/25 2. आवेदक–गोविन्द महतो , पिता–नथु महतो<br>3. ग्राम–भोंगा , पोस्ट–सिक्की कलां ,थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0–915/25 2. आवेदक–बाला महतो , पिता–पुनित महतो<br>3. ग्राम–नवाडीह भुडवा , पोस्ट–कांकेकलां ,थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0–916/25 2. आवेदक–नीरा देवी, पति–गोविन्द महतो<br>3. ग्राम–भोंगा , पोस्ट–सिक्की कलां ,थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–गला में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0–917/25 2. आवेदक–पुष्पा देवी, पति–पिन्टु राम<br>3. ग्राम–उताकी , पोस्ट–बैदा कलां ,थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–महिला , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0–918/25 2. आवेदक–इन्दु देवी, पति–जदुनन्दन राम<br>3. ग्राम–उताकी, टोला बघवर , पोस्ट–उताकी ,थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0–919/25 2. आवेदक–सुबोधकान्त वर्मा , पिता–उदयनाथ महतो<br>3. ग्राम–दिपौवा , पोस्ट–दिपौवा ,थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0–920/25 2. आवेदक–शिवप्रसाद महतो , पिता–स्व0 बासुदेव महतो<br>3. ग्राम–सहदेवा , पोस्ट–पाण्डेपुरा ,थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर के ठेहुना के नीचे घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0–921/25 2. आवेदक–अशर्फी उपाध्याय , पिता–बिन्देश्वरी उपाध्याय<br>3. ग्राम–चेतमा, पोस्ट–किशुनपुर ,थाना–पाटन , प्रखण्ड–पाटन<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0–922/25 2. आवेदक–कले□वरी देवी, पति–प्रभु राम<br>3. ग्राम–भीमगाड़ा चियांकी , पोस्ट–चियांकी ,थाना–डाल्टेनगंज , प्रखण्ड–डाल्टेनगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0–923/25 2. आवेदक–प्रभु राम , पिता–स्व0 बेलास राम<br>3. ग्राम–भीमगाड़ा चियांकी , पोस्ट–चियांकी ,थाना–डाल्टेनगंज , प्रखण्ड–डाल्टेनगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0–924/25 2. आवेदक–मंदोदरी कुंवर , पति–स्व0 राजेन्द्र मोची<br>3. ग्राम–जोड़ , पोस्ट–सिंगड़ा ,थाना–डाल्टेनगंज , प्रखण्ड–डाल्टेनगंज<br>4. लिंग–महिला , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें बांह में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0–925/25 2. आवेदक–फिरोज हुसैन , पिता–कलाम मियां<br>3. ग्राम–पिपरा टोली वार्ड नं0 01 , पोस्ट–डाल्टेनगंज ,थाना–डाल्टेनगंज , प्रखण्ड–डाल्टेनगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0–926/25 2. आवेदक–अब्दुल जब्बार हवारी , पिता–हलिम हवारी<br>3. ग्राम–रेडमा वार्ड नं0 26, सब्जी गली , पोस्ट–डाल्टेनगंज ,थाना–डाल्टेनगंज , प्रखण्ड–डाल्टेनगंज<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0–478/25 2. आवेदक–बालगोविन्द महतो , पिता–स्व0 रामप्यारी महतो<br>3. ग्राम–पिपराकलां , पोस्ट–रबदा रांकी कलां, थाना–मनिका , प्रखण्ड–मनिका<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0–479/25 2. आवेदक–मंजू देवी, पति–बालगोविन्द महतो<br>3. ग्राम–पिपराकलां , पोस्ट–रबदा रांकी कलां, थाना–मनिका , प्रखण्ड–मनिका<br>4. लिंग–महिला , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0–927/25 2. आवेदक–विनय कुमार सिंह , पिता–कमलेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–गोगों , पोस्ट–उदयपुरा , थाना–पिपरटांड , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0–1038/25 2. आवेदक–जयपाल सिंह , पिता–स्व0 सुखदेव सिंह<br>3. ग्राम–पंडवा , पोस्ट–रजहरा , थाना–पंडवा , प्रखण्ड–पंडवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0–1039/25 2. आवेदक–जनकधारी महतो , पिता–स्व0 मुनारिक महतो<br>3. ग्राम–बासु , पोस्ट–लामीपतरा , थाना–पंडवा , प्रखण्ड–पंडवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0–1040/25 2. आवेदक–अशोक कुमार चौहान , पिता–सुखदेव चौहान<br>3. ग्राम–पंडवा , पोस्ट–रजहरा , थाना–पंडवा , प्रखण्ड–पंडवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0–1041/25 2. आवेदक–जोखन राम , पिता–बनवारी राम<br>3. ग्राम–मुरकटवा , पोस्ट–गाड़ी , थाना–पंडवा, प्रखण्ड–पंडवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0–928/25 2. आवेदक–राजकुमार राम, पिता–भोला राम<br>3. ग्राम–सबौना वार्ड नं0 1 , पोस्ट–रेहला , थाना–रेहला , प्रखण्ड–रेहला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 95. | 1. आवेदन क्र0–929/25 2. आवेदक–अकल मोची, पिता–जगदीश मोची<br>3. ग्राम–हुटार , पोस्ट–मायापुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0–930/25 2. आवेदक–ज्ञानी मोची, पिता–जगदीश मोची<br>3. ग्राम–हुटार , पोस्ट–मायापुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0–931/25 2. आवेदक–जगदीश मोची, पिता–फिरंगी मोची<br>3. ग्राम–हुटार , पोस्ट–मायापुर , थाना–चैनपुर , प्रखण्ड–चैनपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0–932/25 2. आवेदक–धनदेव मोची, पिता–रामकिशुन मोची<br>3. ग्राम–लोहरसी , पोस्ट–लोहरसी , थाना–पिपराटांड , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0–933/25 2. आवेदक–त्रिलोकी नाथ गुप्ता , पिता–स्व0 सुखदेव साव<br>3. ग्राम–लोहरसी , पोस्ट–लोहरसी , थाना–पिपराटांड , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें लिलार पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0–934/25 2. आवेदक–वृक्ष मांझी, पिता–स्व0 बिगावन मांझी<br>3. ग्राम–लोहरसी , पोस्ट–लोहरसी , थाना–पिपराटांड , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 101. | 1. आवेदन क्र0–935/25 2. आवेदक–बैद्यनाथ प्रसाद, पिता–सुखदेव प्रसाद<br>3. ग्राम–लोहरसी , पोस्ट–लोहरसी , थाना–पिपराटांड , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 102. | 1. आवेदन क्र0–936/25 2. आवेदक–देवानन्द बड़ाईक , पिता–स्व0 रामसेवक बड़ाईक<br>3. ग्राम–लोहरसी , पोस्ट–लोहरसी , थाना–पिपराटांड , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 103. | 1. आवेदन क्र0–937/25 2. आवेदक–अखिलेश बड़ाईक , पिता–स्व0 रामसेवक बड़ाईक<br>3. ग्राम–लोहरसी , पोस्ट–लोहरसी , थाना–पिपराटांड , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 104. | 1. आवेदन क्र0–938/25 2. आवेदक–सेवक भुईया , पिता–स्व0 कन्हाई भुईंया<br>3. ग्राम–लोहरसी , पोस्ट–लोहरसी , थाना–पिपराटांड , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 105. | 1. आवेदन क्र0–939/25 2. आवेदक–नरवदेश्वर सिंह , पिता–रामगुलाब सिंह<br>3. ग्राम–पगारखुर्द , पोस्ट–लोहरसी , थाना–पिपराटांड , प्रखण्ड–पांकी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ पर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 106. | 1. आवेदन क्र0–940/25 2. आवेदक–अनीता देवी, पति–सुरेश ठाकुर<br>3. ग्राम–चक , पोस्ट–चक, थाना–मनातू , प्रखण्ड–मनातू<br>4. लिंग–महिला , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 107. | 1. आवेदन क्र0–480/25 2. आवेदक–अनिल कुमार , पिता–अर्जुन राम<br>3. ग्राम–चन्दनडीह , पोस्ट–लातेहार वार्ड नं0 12 , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 108. | 1. आवेदन क्र0–481/25 2. आवेदक–रामस्वरूप राम , पिता–केशो राम<br>3. ग्राम–कुचिला , पोस्ट–छिपादोहर , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 109. | 1. आवेदन क्र0–482/25 2. आवेदक–बालकिशुन राम , पिता–केशो राम<br>3. ग्राम–कुचिला , पोस्ट–छिपादोहर , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | **विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विकेश शुक्ला द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर।** | |
| 110. | 1. आवेदन क्र0–941/25 2. आवेदक–सुनील कुमार तिवारी , पिता–गोरखनाथ तिवारी<br>3. ग्राम–रेडमा , पोस्ट–जी0एल0ए0 कॉलेज कैम्पस , थाना–मेदनीनगर , प्रखण्ड–सदर मेदनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | **विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मुरारी साव, शिवप्रसाद गुप्ता एवं महेन्द्रनाथ शर्मा द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर।** | |
| 111. | 1. आवेदन क्र0–943/25 2. आवेदक–मिथलेश कुमार सहाय , पिता–स्व0 रामेश्वर प्रसाद<br>3. ग्राम–जेल हाता, वार्ड नं0 20 , पोस्ट–डाल्टनगंज , थाना–डाल्टनगंज, प्रखण्ड–सदर मेदनीनगर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | **विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी दीनानाथ राम एवं लक्ष्मण राम ठाकुर द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर।** | |
| 112. | 1. आवेदन क्र0–944/25 2. आवेदक–उदित राम , पिता–स्व0 जयमंगल राम<br>3. ग्राम–सिगसिगी , पोस्ट–सिगसिगी , थाना–रेहला, प्रखण्ड–रेहला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ के अंगुठा में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |

**नोट :–1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।**
**2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।**
**3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।**
**4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।**

| | | |
|---|---|---|
| (भुवनेश्वर महतो)<br>सदस्य | (नरसिंह मुर्मू)<br>सदस्य | (दुर्गा उराँव)<br>अध्यक्ष |

**PR 358077 Home(25-26).D**

# मजदूरी कर घर लौट रहे युवक की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के बेलहर गांव में मजदूरी कर घर लौट रहे एक युवक की हत्या कर दी गई है। मृतक की पहचान गांव के भिखारी चंद्रवंशी के पुत्र 32 साल के प्रेम चंद्रवंशी के रूप में की गई है। मारपीट की घटना बुधवार शाम में ही हुई थी। लाठी-डंडे से पिटाई के कारण प्रेम बेहोश हो गया था। ग्रामीण उसे आनन-फानन में इलाज के लिए मदनपुर स्थित सामुदायिक अस्पताल ले गए। यहां ड्यूटी में तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में युवक की मौत की सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंची। शव को कब्जे में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई के बाद देर रात पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। गुरुवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बाद मृतक की पत्नी रिना देवी समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बेलहर गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक की पत्नी रिना देवी ने बताया कि मकान को लेकर कुछ दिनों से घर में विवाद चल रहा था। उसके ससुराल वाले उसे बच्चों के साथ मिट्टी के बने पुराने मकान में रहने के लिए कहते थे जबकि उसके सास, ससुर व देवर पक्का मकान में रहते थे। कुछ साल पहले ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान का निर्माण हुआ था। मृतक प्रेम पक्का मकान में हिस्सा मांग रहा था। इसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। बुधवार की सुबह बाप बेटे के बीच बहसबाजी हुई थी। शाम में जब वह काम कर लौट रहा था तो शैलवां स्कूल के पास रास्ते में रोक कर उसके साथ मारपीट करने लगा। वहां मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत करा दिया। जब घर पहुंचा तो पिता भिखारी चन्द्रवंशी ने अपने दूसरे बेटे मुन्ना के साथ मिलकर लाठी डंडे से हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही गुरुवार को एसपी अंबरीश राहुल मौके पर पहुंचे तथा थानाध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि साक्ष्य संकलन के लिए घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को भेजा गया है। मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपित पिता भिखारी चंद्रवंशी व उसके बेटे मुन्ना चंद्रवंशी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।



# सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं : सुशील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी ने बूथ सशक्तिकरण को लेकर गुरुवार को कुटुंबा और नवीनगर विधानसभा की संयुक्त कार्यशाला का आयोजन अंबा में किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार तथा संचालन विधानसभा प्रभारी अशोक पांडेय ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने बूथ के करणीय कार्य, बूथ सशक्तिकरण तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण विषय पर चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों और सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं। डबल इंजन की सरकार ने बिहार के विकास एवं सामाजिक कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जिसने बिहार की दशा और दिशा बदल दी है। सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली फ्री, वृद्धजन पेंशन की राशि बढ़ाकर 1100 रुपए और सरकारी नौकरी में बिहार की महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण देकर मिसाल कायम की है। पूर्व सांसद ने कहा कि चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि अवैध और फर्जी वोटरों का नाम काटा जाएगा परंतु विपक्ष मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर भ्रम फैला रहा है। मतदाता पुनरीक्षण अभियान स्वागत योग्य कदम है। जिला उपाध्यक्ष रेखा पासवान ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और यह सुनिश्चित करें कि योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से नहीं कटे। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रभारी सह प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह, जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा, जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी, जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह, विशाल वैभव उर्फ टैगोर, अमन कुशवाहा, उपाध्यक्ष सह नवीनगर विधान सभा प्रभारी संजय गुप्ता, नवीनगर विधान सभा संयोजक मुनेंद्र राम, कुटुंबा विधानसभा प्रभारी अशोक पांडेय, कुटुंबा विधानसभा संयोजक परमेश्वर बैठा, टंडवा मंडल अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, कुटुंबा पश्चिमी मंडल संयोजक सोनू मालाकार, माली मंडल अध्यक्ष राजनारायण, संडा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह, बालूगंज अध्यक्ष मनीष गुप्ता, कुटुंबा पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, जिला उपाध्यक्ष रेखा पासवान समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



# ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़की सलैया और दरुआ रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। घटना गुरुवार सुबह की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। शव की शिनाख्त को लेकर पुलिस अपने स्तर से आस-पास के थानों में पता लगा रही है ताकि यह पता चले कि वह व्यक्ति कहां से आ रहा था और कहां जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अज्ञात व्यक्ति रेलवे ट्रैक पार कर रहा था, इसी क्रम में वह देख नहीं पाया और अज्ञात ट्रेन से कटकर मौके पर उसकी मौत हो गई। मृतक की उम्र क़रीब 45 साल बताई जा रही है। थानाध्यक्ष परमजीत कुमार मंडल ने बताया कि मृत युवक की शिनाख्त फिलहाल नहीं हो पाई है। उसकी पहचान की कोशिश की जा रही है। प्रथम दृष्टया व्यक्ति की मौत ट्रेन से कट कर होना प्रतीत हो रहा है। उस व्यक्ति की पहचान करने के लिए पुलिस प्रयासरत है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया हैं। पोस्टमार्टम के उपरांत उसे पहचान के लिए 72 घंटे पुलिस अभिरक्षा में रखा जायेगा।

# निर्धारित समय सीमा के अंदर अपलोड करें गणना प्रपत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 का कार्य 26 जुलाई तक चलाया जाना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 26 जुलाई तक सभी मतदान केंद्रों पर गणना प्रपत्र का वितरण, संकलन एवं अपलोडिंग का कार्य पूर्ण किया जाना है। इसी क्रम में 24 जुलाई को जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में गणना प्रपत्र के वितरण, संकलन एवं अपलोडिंग की प्रगति की अद्यतन स्थिति प्राप्त हुई है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार गोह विधानसभा में कुल 3,24,650 मतदाताओं के विरुद्ध 98.51 प्रतिशत प्रपत्र का वितरण, 93.94 प्रतिशत का संकलन तथा 93.94 प्रतिशत प्रपत्रों की अपलोडिंग की जा चुकी है। ओबरा



विधानसभा में 3,35,368 मतदाताओं के सापेक्ष 97.45 प्रतिशत वितरण, 93.84 प्रतिशत संकलन एवं अपलोडिंग का कार्य संपन्न हुआ है। नबीनगर विधानसभा में कुल 2,97,827 मतदाताओं के विरुद्ध 98.56 प्रतिशत प्रपत्रों का वितरण, 95.58 प्रतिशत संकलन एवं अपलोडिंग पूर्ण हुई है। कुटुंबा विधानसभा में 2,87,310 मतदाताओं के बीच 97.81 प्रतिशत वितरण, 90.83 प्रतिशत संकलन एवं उतनी ही प्रतिशत अपलोडिंग की गई है। औरंगाबाद विधानसभा में 3,31,919 मतदाताओं के विरुद्ध 98.61 प्रतिशत वितरण, 98.52 प्रतिशत संकलन एवं अपलोडिंग कार्य निष्पादित किया गया है। वहीं रफीगंज विधानसभा में 3,50,369 मतदाताओं के बीच 96.01 प्रतिशत प्रपत्रों का वितरण, 95.90 प्रतिशत संकलन एवं अपलोडिंग संपन्न हुई है। कुल 19,27,443 मतदाताओं के विरुद्ध जिले में 97.69 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का वितरण, 93.00 प्रतिशत संकलन एवं 93.00 प्रतिशत प्रपत्रों की अपलोडिंग की जा चुकी है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शेष बचे हुए कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने हेतु सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 के अंतर्गत मतदाता सूची का अद्यतन कार्य पूर्ण रूप से सफल हो सके।

# मामूली विवाद में महिला सहित तीन ने किया विषपान, गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गुरुवार को तीन लोगों ने विषपान कर लिया। इसके बाद तीनों की हालत गंभीर हो गयी। परिजनों ने तीनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां से चिकित्सकों ने एक की हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया। पहली घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक गांव की है जहां गुरुवार की दोपहर 21 वर्षीय युवती के साथ भाई ने मारपीट की। इसके बाद आवेश में युवती ने सलफास चूर्ण की पूरी पैकेट खा ली। युवती की इस हरकत के बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। दूसरी घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की है जहां घरेलू विवाद से तंग एक महिला ने विषपान कर ली। हालांकि महिला ने विषपान क्यों किया, इसकी जानकारी देने से परिजनों ने इंकार किया है। तीसरी घटना सदर प्रखंड के ही एक गांव की है जहां एक 14 वर्षीय किशोरी ने परिजनों से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा ली। परिजनों ने बताया कि किसी बात को लेकर उसकी डाट फटकार लगा दिया। आवेश में उसने घर मे रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। फिलहाल उसकी स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

# हत्या के दो मामलों में छह दोषियों को उम्रकैद

## जिला जज सहित दो अदालतों ने सुनाया फैसला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले की दो अलग-अलग अदालतों ने गुरुवार को हत्या के दो मामलों में छह अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोनों मामलों में अदालत ने दोषियों पर जुर्माना भी लगाया है, वहीं सुनवाई के दौरान दो अभियुक्तों की मौत हो चुकी थी। पहला मामला मदनपुर थाना क्षेत्र के करमडिह गांव से जुड़ा है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार की अदालत ने कांड संख्या 67/03 में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए कृष्णा राम और कृत राम को उम्रकैद की सजा सुनाई। दोनों पर अपने ही चाचा सहंगराम की हत्या का दोष सिद्ध हुआ। लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल ने बताया कि दोनों अभियुक्तों को 10-10 हजार रुपये जुर्माना भी भरने का आदेश दिया गया है। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में उन्हें एक साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार, 26 जून 2003 को करमडिह गांव के संजय राम ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि गैर मजरुआ जमीन पर रास्ता निकालने को लेकर महंग राम और उनके बेटे से उनके ही भाई सहंगराम और भतीजे कृष्णा व कृत राम ने मारपीट की थी। घटना में महंग राम गंभीर रूप से घायल हो गए थे और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान सहंगराम की मृत्यु हो चुकी थी। दूसरा मामला उपहारा थाना क्षेत्र का है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अष्टम मनीष जायसवाल की अदालत ने उपहारा थाना कांड संख्या 80/20 में सुनवाई करते हुए चार अभियुक्तों—अशोक शर्मा उर्फ अशोक वर्मा, अबु उर्फ रंजीत कुमार, सतीश कुमार और जयप्रकाश सिंह (सभी शंकरडिह उपहारा निवासी)—को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अभियुक्तों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302/149 के तहत दोष सिद्ध हुआ। अदालत ने सभी पर 15-15 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। सरकारी अभियोजक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से डॉ. और आइओ सहित सात गवाहों की गवाही हुई। वाद के एक अन्य अभियुक्त बिष्णुपद सिंह की सुनवाई के दौरान मृत्यु हो चुकी थी। प्राथमिकी के अनुसार, शंकरपुर गांव निवासी सूचक सुजीत कुमार ने 2 दिसंबर 2020 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जमीनी विवाद को लेकर गांव के ही नामजद और कुछ अज्ञात लोगों ने मिलकर उसके पिता श्रीनाथ शर्मा को गांव की पूर्वी नहर पर ले जाकर बुरी तरह से पीटा। गंभीर हालत में उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गोह ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था।

# अंबा को नगर पंचायत का दर्जा दे राज्य सरकार : धर्मेन्द्र कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा(औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार ने बिहार सरकार से अंबा को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने की मांग एक बार फिर जोरदार तरीके से उठाई है। उन्होंने कहा कि अंबा सभी मानकों को पूरा करने के बावजूद अब तक नगर पंचायत घोषित नहीं किया गया है, जिससे स्थानीय जनता विकास की मुख्यधारा से वंचित रह गई है। प्रखंड प्रमुख ने बताया कि अंबा को नगर पंचायत बनाने की मांग वह पूर्व से ही उठाते आ रहे हैं और इस संबंध में कई बार विभागीय अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक सरकार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने इसे अंबा के साथ सौतेला व्यवहार करार दिया। धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि अंबा की घनी आबादी, तेजी से बढ़ता व्यापार, शहरी सुविधाओं की आवश्यकता और सामाजिक संरचना स्पष्ट रूप से नगर पंचायत के मापदंडों पर खरा उतरती है। इसके बावजूद जिले के अन्य क्षेत्रों को तो नगर का दर्ज़ा दिया गया, लेकिन अंबा आज भी अनदेखा किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मांग की कि वे अंबा की लंबे समय से लंबित इस मांग पर संज्ञान लें और शीघ्र अंबा को नगर पंचायत का दर्ज़ा देकर क्षेत्र के समुचित विकास का मार्ग प्रशस्त करें। धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि यदि अंबा को नगर पंचायत का दर्ज़ा मिलता है, तो यहां के लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं, योजनाओं का लाभ और नगरीय विकास का अवसर मिलेगा।



# कोर्ट के निर्देश पर चार वारंटी गिरफ्तार

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देवकुंड पुलिस द्वारा चार वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटियों में थाना क्षेत्र के शीतलधारी बिगहा निवासी उमेश कुमार, बाबूचंद कुमार, संतोष सिंह एवं कामेश्वर महतो शामिल हैं। ये चारों सगे भाई हैं। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि चारों एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहे थे। इनके संबधित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही थी लेकिन सभी हर बार बच निकल रहे थे। कोर्ट के निर्देश पर इनके विरुद्ध वारंट निर्गत किया गया था। गुरुवार को चोरों पकड़े गए जिसके बाद आवश्यक कार्रवाई के उपरांत सभी को जेल भेज दिया गया है।

# पंजाब नैशनल बैंक आज आयोजित करेगा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम, तीन स्थानों पर लगेंगे विशेष शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पंजाब नैशनल बैंक द्वारा आज 25 जुलाई को अपनी सभी शाखाओं में एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एमएसएमई उद्यमियों को बैंकिंग सुविधाओं, ऋण योजनाओं और वित्तीय सहायता से जोड़ना है, ताकि स्थानीय व्यवसायों को प्रोत्साहन और विकास का अवसर मिल सके। इस अवसर पर बैंक द्वारा तीन प्रमुख स्थानों पर विशेष शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है। पहला शिविर डिहरी ऑन-सोन शाखा (सासाराम) में सुबह 10:00 बजे आयोजित किया जाएगा। दूसरा शिविर बिक्रमगंज शाखा (रोहतास) में दोपहर 12:00 बजे आयोजित होगा। वहीं तीसरा शिविर औरंगाबाद स्थित ओल्ड जी.टी. रोड शाखा, एल. सिंह टॉवर में दोपहर 3:00 बजे आयोजित किया जाएगा। बैंक की ओर से बताया गया है कि इन शिविरों में एमएसएमई इकाइयों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, साथ ही ऋण आवेदन, सब्सिडी और वित्तीय सलाह जैसी सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी। कार्यक्रम में स्थानीय उद्यमियों, कारोबारियों और बैंक अधिकारियों की भागीदारी अपेक्षित है। पंजाब नैशनल बैंक का यह प्रयास क्षेत्रीय उद्यमिता को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# हम (से) का स्थापना दिवस मनाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सेवा दिवस के रूप में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (से.) ने 10 वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फल का वितरण किया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह एवं संचालन महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष शशि देवी दानिका द्वारा किया गया। जिलाध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी की स्थापना ही गरीबों की सेवा हेतु हुआ है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष निरपेश सिंह, युवा प्रदेश सचिव संतोष गौतम, बारून प्रखंड अध्यक्ष दुर्गेश, छात्रा प्रमुख रानी सिंह, सदर प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार सिंह, विकास मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह, अंकित, सिंटू, पंकज सिंह, मिथिलेश कुमार, राजू सिंह, मिथिलेश पांडे, नीतेश, गोलू सहित अन्य मौजूद रहे।

# अंतरजिला चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह(औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के दुल्ला गांव के एनएच 120 के किनारे तीन दुकानों से अज्ञात चोरों द्वारा लाखों रुपए की चोरी कर ली गयी थी। इस मामले में पीड़ित दुकानदारों द्वारा कांड संख्या 237/25 दर्ज कराई गई थी। गोह पुलिस ने इस कांड से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मोहम्मद इरशाद ने बताया कि जांच के दौरान सूत्रों से पता चला कि इस कांड में पड़ोसी जिलों के चोर सक्रिय है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रोहतास जिले के विक्रमगंज थाना क्षेत्र के घुसिया खुर्द गांव के लक्ष्मी राइस मिल से एक ट्रक को जब्त किया गया जिससे चोरी के 126 बोरे डीएपी खाद बरामद किया। वहीं मामले में उसी थाना क्षेत्र के गुलजारबाग निवासी गोरख साव के पुत्र मंटू कुमार उर्फ ओमप्रकाश व संझौली थाना क्षेत्र के सोनी गांव निवासी प्रेमचंद कुमार के पुत्र रौशन कुमार उर्फ प्रेमचंद के घर छापेमारी कर मौके से दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया। कड़ाई से पुछताछ के दौरान गिरफ्तार चोरों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पुलिस ने गिरफ्तार चोरों को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# पीएम रोजगार सृजन से स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा

## उद्यमियों के लिए दो दिवसीय विशेष शिविर शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के उद्यमियों के लिए विशेष शिविर का आयोजन 24 से 26 जुलाई तक जिला उद्योग केंद्र के परिसर में किया जा रहा है। विशेष शिविर का उद्देश्य राज्य में आर्थिक विकास को गति प्रदान करने, स्वयं का लघु उद्योग स्थापित करने तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) अंतर्गत आयोजित किया जायेगा। इस योजना के अंतर्गत विनिर्माण क्षेत्र में अधिकतम 50 लाख तथा सेवा क्षेत्र में अधिकतम 20 लाख तक का ऋण बैंकों के माध्यम से प्रदान किया जाता है। इस ऋण पर ग्रामीण क्षेत्र के लाभार्थियों को 35 प्रतिशत तथा शहरी क्षेत्र के लाभार्थियों को 25 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किए जाने का प्रावधान है। विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के इच्छुक उद्यमियों को बैंकों से समन्वय स्थापित कर योजना का लाभ दिलाने हेतु यह शिविर अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर जिला उद्योग केन्द्र की ओर से सभी इच्छुक उद्यमियों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित तिथियों में आवश्यक दस्तावेजों सहित शिविर में उपस्थित हों ताकि ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर उन्हें योजना का लाभ प्रदान किया जा सके। साथ ही जिन इच्छुक उद्यमियों की रुचि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में लघु उद्योग स्थापित करने की है वे प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत 35 प्रतिशत अनुदान सहित ऋण सुविधा का लाभ ले सकते हैं। इस योजना में वर्तमान में सभी वर्गों के उद्यमी आवेदन कर सकते हैं। उद्यमियों से अपेक्षित है कि वे इन दस्तावेजों के साथ जिला उद्योग केन्द्र कार्यालय में उपस्थित होंगे जिसमें हालिया पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र (न्यूनतम आठवीं पास), प्रोजेक्ट रिपोर्ट, संबंधित बैंक शाखा की पासबुक की छायाप्रति, ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर एवं ग्राम प्रधान/मुखिया द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण-पत्र (केवल ग्रामीण क्षेत्र के लिए)। जिला उद्योग केन्द्र की ओर से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि अधिक से अधिक पात्र उद्यमी इन योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269




CMYK